धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

नव वर्ष 2025 हार्दिक शुभकामनाएँ | HAPPY NEW YEAR

सुप्रभात | 01.01.2025 रांची, बुधवार | पौष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 171 | * नगर संस्करण। पेज : 12


**नववर्ष 2025 नये साल के आगमन का जश्न**



# एलपीजी से यूपीआई तक... आज से बदल जायेंगे 10 नियम

**नई दिल्ली।** एक जनवरी 2025 के आगमन के साथ ही कई नियम भी बदल जाएंगे। इसमें एलपीजी से लेकर जीएसटी और यूपीआई तक शामिल हैं। हालांकि कई नियम हर महीने की पहली तारीख को बदलते हैं लेकिन इस बार पहली तारीख से कुछ और नियमों में बदलाव हो रहा है। जानें एक जनवरी से हो रहे 10 प्रमुख बदलावों के बारे में।

**1. एलपीजी सिलेंडर की कीमत :** महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को रिवाइज करती हैं। इसमें घरेलू और कमर्शियल दोनों सिलेंडर होते हैं। कंपनियां कीमत बढ़ा सकती हैं और कम भी कर सकती हैं।

**2. जीएसटी नियम में बदलाव :** एक जनवरी से जीएसटी से जुड़े कई नियमों में बदलाव हो रहा है। इसमें मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन भी है। यह प्रक्रिया उन सभी टैक्सपेयर्स पर लागू होगी जो जीएसटी फाइल करते हैं।

**3. किसी भी बैंक से पेंशन :** ईपीएफओ ने एक जनवरी से पेंशन का नियम आसान बना दिया है। एक जनवरी से कर्मचारी अपनी पेंशन की रकम किसी भी बैंक से निकाल सकेंगे। इसके लिए उन्हें अतिरिक्त सत्यापन की जरूरत नहीं होगी।

**4. यूपीआई 123-पे पर बढ़ी लिमिट** वे यूजर्स जो स्मार्टफोन इस्तेमाल नहीं करते, वे अपने बेसिक या फीचर फोन से भी बैंक अकाउंट से पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं। इसकी लिमिट पहले 5 हजार थी। एक जनवरी से इसे 10 हजार रुपये कर दिया गया है।

**5. किसानों को ज्यादा लोन :** एक जनवरी से किसानों को बिना गारंटी के दो लाख रुपये तक का लोन मिल सकेगा। रिजर्व बैंक ने हाल में कहा था कि किसानों दिए जाने वाले लोन की सीमा ₹1.60 लाख से बढ़ाकर 2 लाख रुपये किया जाता है।

**6. बढ़ेंगी कार की कीमतें :** एक जनवरी से कार कंपनियां जैसे मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा, होंडा, बीएमडब्ल्यू आदि कीमत बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। माना जा रहा है कि एक जनवरी से कार की कीमत 3 फीसदी तक ज्यादा हो सकती है।

**7. एफडी के नियम भी बदलेंगे :** अगर आप निवेश के लिए एफडी को तवज्जो देते हैं तो एक जनवरी से इसमें भी कुछ बदलाव होने जा रहे हैं। रिजर्व बैंक ने एनबीएफसी और एचएफसी के लिए एफडी से जुड़े नियमों में बदलाव किया है।

**8. अमेजन प्राइम मेंबरशिप में लिमिट तय :** अब एक प्राइम अकाउंट से से केवल दो टीवी पर ही प्राइम वीडियो देख सकेंगे। अगर उस अकाउंट से तीसरे टीवी पर प्राइम वीडियो देखना चाहेंगे तो इसके लिए अलग से सब्सक्रिप्शन लेना होगा।

**9. रुपे क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल :** रुपे क्रेडिट कार्ड से जुड़े नए नियमों के तहत प्रत्येक रुपे क्रेडिट कार्ड यूजर एयरपोर्ट पर लाउंज एक्सेस नहीं कर पाएगा। यह सुविधा क्रेडिट कार्ड से खर्च होने वाली रकम के आधार पर मिलेगी।

**10. बदल जाएगा ट्रेनों का समय :** एक जनवरी से कई ट्रेनों के समय में भी बदलाव हो रहा है। नई समय सारिणी में उत्तर मध्य रेलवे की कई ट्रेन शामिल हैं। आगरा-वाराणसी के बीच चलने वाली वंदे भारत समेत कुल 15 ट्रेनों को शामिल किया है।

## न्यूज डायरी

### रांची मंडल से खुलने वाली ट्रेनों का समय

**रांची।** रेलवे की बुनियादी सुविधाओं में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। हाल के दिनों में इन विकास कार्यों के परिणामस्वरूप विभिन्न महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए ट्रेनों के संचालन की समीक्षा के पश्चात रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ ट्रेनों की रांची-हटिया स्टेशन से प्रस्थान-आगमन समय में एक जनवरी 2025 से परिवर्तन किया गया है।

### 28 फरवरी तक देने होंगे संपत्तियों का ब्यौरा

**रांची।** झारखंड में कार्यरत सरकारी कर्मियों (वर्ग-4 को छोड़कर) को 28 फरवरी तक चल और अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा। कार्मिक सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो ने इस संबंध में 30 दिसंबर को पत्र जारी किया है। इसकी जानकारी सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव/सचिव, विभागाध्यक्ष, प्रमंडलीय आयुक्त, उपायुक्तों को दे दी गयी है।

### एंटी नक्सल अभियान की समीक्षा के निर्देश

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को उग्रवाद के संपूर्ण उन्मूलन के लिए माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप और आपराधिक गुटों का संपूर्ण रूप से खात्मा करने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ अन्य कार्रवाई करने संबंधी दिशा-निर्देश दिया है। डीजीपी ने मंगलवार को नक्सल प्रभावित जिलों में चल रहे नक्सल अभियान की समीक्षा की।

### नहीं रहे भाजपा नेता गुरविंदर सिंह सेठी

**रांची।** वरिष्ठ भाजपा नेता गुरविंदर सिंह सेठी का मंगलवार को निधन हो गया। गुरविंदर सिंह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे। गुरु नानक हॉस्पिटल, गुरु नानक स्कूल एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के विभिन्न पदों पर रहे। उनके निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री समेत तमाम नेताओं ने शोक जताया है।

झारखंड की प्रतियोगिता परीक्षाओं ने सड़क से सदन तक बटोरी सुर्खियां

# आंदोलन से उपजा मुखर विधायक तो परीक्षा-रिजल्ट में लगता रहा ब्रेक

सुधीर

**रांची।** झारखंड के लिए साल 2024 राजनीतिक रूप से उथल-पुथल वाला रहा। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी पूरे देश में चर्चा का विषय बना रहा। राज्य की सबसे बड़ी एजेंसी जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा और रिजल्ट को लेकर हमेशा संदेह के घेरे में रहा ही लेकिन इसके निमित्त जेपीएससी और जेएसएससी के आंदोलन में एक मुखर विधायक जयराम महतो भी पैदा हुआ। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में में कई नये चेहरे सामने आये, तो कई दिग्गज राजनेता साइड हो गये। इन सभी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच झारखंड की प्रतियोगिता परीक्षाएं काफी लाइम लाइट में रहीं। सड़क से लेकर सदन तक जेपीएससी-जेएसएससी की परीक्षाओं ने सुर्खियां भी बटोरी। खासकर ये पांच प्रतियोगी परीक्षायें, जिसने पक्ष-विपक्ष दोनों को हिला कर रख दिया। बच्चों के हंगामे के बीच हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद रिजल्ट पर रोक है।

### थम नहीं ले रहा जेएसएससी-सीजीएल विवाद





जेएसएससी की ओर से आयोजित सीजीएल परीक्षा ने सड़क से लेकर सदन तक सुर्खियां बटोरी। अब तक यह परीक्षा विवादों में फंसी है। मामला कोर्ट में चल रहा है। इस परीक्षा में पेपर लीक का विवाद इतना बढ़ गया कि आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष नीरज सिन्हा को इस्तीफा देना पड़ा। आयोग के कार्यालय में तोड़फोड़ भी हुई। फिर से 21 और 22 सितंबर को इसकी परीक्षा हुई। इसके बाद भी यह विवादों में पड़ गया। अब तक इसका रिजल्ट प्रकाशित नहीं हो पाया है।

**जारी नहीं हो सका जेपीएससी मेंस का रिजल्ट :** जेपीएससी 11वीं से 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के रिजल्ट को लेकर इस साल छात्र सड़कों पर उतरे। जेपीएससी अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के कारण परीक्षाफल लटक गया। मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून तक आयोजित किया गया था। राज्यपाल से एक मुलाकात के दौरान अध्यक्ष ने कहा था कि रिजल्ट को लेकर एक राजनेता का काफी दबाव था।

**झारखंड से जुड़े नीट पेपर लीक के तार :** नीट पेपर लीक के तार भी झारखंड से जुड़े। इसे लेकर रांची और हजारीबाग के कई स्थानों में सीबीआइ ने छापेमारी भी की। प्रमुख दस्तावेजों के साथ कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। झारखंड में इस परीक्षा ने भी काफी सुर्खियां बटोरी। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद समय-समय पर कई बदलाव के साथ कार्रवाई की जाती रही। मामले में अभी भी जांच जारी है।

**पीजीटी परीक्षा को लेकर आंदोलन :** पीजीटी की परीक्षा को लेकर भी छात्रों ने खूब हंगाम किया। जेएसएससी ने 11 विषयों के लिए 3120 पदों पर पीजीटी टीचर्स की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। परीक्षा परिणाम आया तो कई सेंटर में सबसे अधिक अभ्यर्थी पास कर गये। इससे विवाद शुरू हो गया। छात्रों ने राजभवन से लेकर जेएसएससी कार्यालय तक आंदोलन किया।

**हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा भी विवादो के घेरे में :** झारखंड का हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा भी विवादों में रहा। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर जेएसएससी की लापरवाही के कारण अध्यक्ष को सुनवाई के दौरान हाजिर होना पड़ा। अंततः राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट आयोग के द्वारा जारी किया गया। वर्तमान में भी इस मामले की सुनवाई चल रही है।

## नया साल कड़ी मेहनत और विकसित भारत के संकल्प लेने का : प्रधानमंत्री



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में उनकी सरकार की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार वर्ष 2025 में और भी अधिक मेहनत करने तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। श्री मोदी ने माई गोव इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट वीडियो पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा, सामूहिक प्रयास और परिवर्तनकारी परिणाम, 2024 में कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं, जिन्हें इस वीडियो में बहुत ही शानदार ढंग से दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि हम 2025 में और भी अधिक मेहनत करने और विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

**राष्ट्रपति ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नववर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, नववर्ष के उल्लासपूर्ण अवसर पर मैं देश और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि नववर्ष का आगमन हमारे जीवन में नई आशा, नये सपनों और नयी आकांक्षाओं के शुभारंभ का प्रतीक होता है। यह नया साल हमें अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए नए ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। राष्ट्रपति ने कहा कि आइए हम सभी हर्ष और उत्साह के साथ नये साल का स्वागत करें तथा अपने समाज और राष्ट्र को एकता तथा उत्कृष्टता के मार्ग पर और आगे बढ़ायें।



## मंत्री इरफान अंसारी का एक्स पर किया भावुक पोस्ट, मांगी माफी



**रांची।** साल 2024 के समाप्त होते ही झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने एक्स हैंडल पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपने पुराने गिले-शिकवे भूलकर माफी मांगी है। सोशल मीडिया पर की गयी इस पोस्ट में इरफान अंसारी ने जामा की पूर्व विधायक सीता सोरेन और बीजेपी झारखंड को भी टैग किया है। इस पोस्ट में डॉ इरफान ने सीएम हेमंत सोरेन, केसी वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, इमरान प्रतापगढ़ी, पूर्णिमा नीरज सिंह, अलका लांबा, हफिजुल हसन, कल्पना सोरेन, राजेश ठाकुर और शिल्पी नेहा तिर्की को भी टैग किया है। पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि समाप्त होते वर्ष में मेरे मन, कर्म और वाणी से किसी को भी ठेस पहुंची हो तो मैं हृदय से क्षमा प्रार्थी हूं। आने वाले नए साल में आपकी हर मनोकामना पूरी हो। आपके और आपके पूरे परिवार को नए साल 2025 की ढेर सारी शुभकामनाएं। आपका भाई...

## पांच राज्यों के सीपीपी के राज्य कमेटी संयोजक बने सांसद सुखदेव भगत



**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को पांच राज्य झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, उड़ीसा और बंगाल का कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) का राज्य कमेटी का संयोजक बनाया गया है। यह जानकारी डॉक्टर अमर सिंह कांग्रेस संसदीय दल के सचिव ने पत्र के माध्यम से दी है। संसद सत्र में सुखदेव भगत के बेहतर कार्यों को देखते हुए पांच राज्यों का संयोजक बनाया गया है जबकि अन्य कई नेताओं को चार राज्यों की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इधर गुमला के कांग्रेसियों ने भगत को बधाई दी है।

# शीतलहर की चपेट में झारखंड

### घने कोहरे का अलर्ट

- उत्तर-पश्चिम से हवाएं पहुंच रही झारखंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नया साल शीतलहर की चपेट में रहेगा। उत्तर-पश्चिम से आ रही बर्फीली हवाओं ने राज्य में कनकनी बढ़ा दी है। इधर नये साल के स्वागत में लोग जश्न में डूबे तो रहे, लेकिन ठंड ने उन्हें परेशान भी किया। मौसम केंद्र, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने मौसम पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि अगले 24 घंटे में राज्य के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में लगभग 3-5 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी। रिपोर्ट के अनुसार सुबह की शुरूआत घने कोहरे के साथ हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह की शुरूआत हल्के से मध्यम कोहरे के साथ हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है।



आंध्रप्रदेश के चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री, ममता सबसे गरीब

# झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन टॉप 10 में शामिल

### एडीआर की रिपोर्ट

- दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू और सबसे गरीब ममता दीदी





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आंध्रप्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू देशभर में सबसे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। वहीं बंगाल की ममता बनर्जी सबसे गरीब। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन में अमीर सीएम की सूची में टाप टेन में शामिल हैं।

इस बात का खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में हुआ है। श्री नायडू के पास 931 करोड़ से अधिक संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 332 करोड़ से अधिक संपत्ति है। कर्नाटक के सिद्धारमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15 लाख से ज्यादा संपत्ति है। वहीं देनदारी शून्य है ।

### प्रत्येक मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये

रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य विधानसभाओं और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1630 करोड़ है। 31 मुख्यमंत्रियों में से केवल दो महिलाएं हैं। पहली पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी और दूसरी दिल्ली की आतिशी हैं।

### हेमंत सोरेन के पास 25 करोड़ की संपत्ति



एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भारत के टॉप टेन अमीर मुख्यमंत्रियों में शामिल हैं। हेमंत सोरेन के पास 25 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। साथ ही उन पर तीन करोड़ रुपये की देनदारी भी है। हेमंत सोरेन की खुद की आय 20 लाख है।

### 31 में से सिर्फ दो मुख्यमंत्री अरबपति

वहीं 31 सीएम में से दो मुख्यमंत्री (चंद्रबाबू नायडू, पेमा खांडू) अरबपति हैं। एक करोड़ या इससे कम संपत्ति दो (6 प्रतिशत) मुख्यमंत्री के पास है। एक से 10 करोड़ की संपत्ति वाले लिस्ट में 17 (55 प्रतिशत) सीएम हैं। वहीं 11 से 50 करोड़ संपत्ति वाली कैटगरी में नौ (29 प्रतिशत) मुख्यमंत्री के पास है। जबकि 50 करोड़ से अधिक संपत्ति केवल तीन (10 प्रतिशत) मुख्यमंत्री के पास है।

**सिर्फ एक सीएम 10वीं पास :** 10वीं पास सिर्फ एक सीएम है। 12वीं पास मुख्यमंत्रियों की संख्या तीन है। 10 सीएम ने ग्रेजुएशन किया है। पांच सीएम के पास प्रोफेशनल डिग्री है। 9 सीएम ने पीजी किया है। दो सीएम के पास पीएचडी की उपाधि है। वहीं, एक सीएम के पास डिप्लोमा है।

### 31 में से 13 सीएम पर आपराधिक मामले घोषित, 10 पर गंभीर मामले

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, 31 से 40 उम्र वाले एक, 41 से 50 उम्र वाले सात, 51 से 60 उम्र वाले 12, 61 से 70 उम्र वाले 5 और 71 से 80 उम्र वाले छह मुख्यमंत्री हैं। 31 में से 13 मुख्यमंत्रियों (42 प्रतिशत) ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। इनमें से 10 मुख्यमंत्री (32 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक हत्या का प्रयास, अपहरण, आपराधिक धमकी जैसे मामले घोषित हैं।

नये साल में मिलेंगे और 9 आइएएस अधिकारी

# झाप्रसे के सात अफसर बने आइएएस, अधिसूचना जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के सात अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति मिली है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी करते हुए राज्य सरकार को इससे अवगत करा दिया है। बताते चलें कि हाल ही में यूपीएससी ने इन अधिकारियों का इंटरव्यू लिया था। इनके अलावा गैर सेवा से भी झारखंड को 9 आईएएस मिलनेवाले हैं। नये साल के जनवरी में ही झारखंड को और 9 आईएएस मिल जायेंगे। बीते 27 दिसंबर को ही 16 अधिकारियों का दिल्ली में साक्षात्कार लिया गया है।

**इन्हें मिला झाप्रसे से आईएएस बनने का मौका :** सुधीर बाड़ा, अनिल कुमार तिर्की, शैल प्रभा कुजूर, नीलम लता, संदीप कुमार, पशुपति नाथ मिश्रा और राजकुमार गुप्ता को आईएएस बनने का मौका मिला है।

### सरकारी कामकाज में होगी सहूलियत

बताते चलें कि झारखंड में आईएएस के स्वीकृत पदों के विरुद्ध अधिकारी नहीं हैं। ऐसे में झाप्रसे के सात अधिकारियों को भाप्रसे में प्रोन्नति मिलने के बाद झारखंड सरकार ने राहत की सांस ली है। अधिकारियों की कमी से सरकारी कामकाज में परेशानी हो रही थी। अब 7 नये आइएएस के मिलने से सरकारी कामकाज में सुविधा होगी। जल्द ही विभिन्न विभागों में इन अधिकारियों की पोस्टिंग की जाएगी।

**जुलाई में 24 पदाधिकारी बने थे आईपीएस :** इससे पहले जुलाई 2024 में झारखंड पुलिस सेवा के 24 पदाधिकारियों की आईपीएस में प्रोन्नति मिली थी। तब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी प्रोन्नत आईपीएस को पिन और बैज लगाकर सम्मानित किया था।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91000 रु./प्रति किलो |

रैन बसेरे में व्यवस्थाएं सुधारें



# स्पीड न्यूज

## पूर्व वायु सैनिक संजीव सिंह पंचतत्व में विलीन



जमशेदपुर। पूर्व वायु सैनिक ऑनरी फ्लाइंग ऑफिसर राम नरेश सिंह के बड़े पुत्र जूनियर वारंट ऑफिसर संजीव सिंह जो भारतीय वायु सेवा में 20 साल सेवा देने के उपरांत जून 2021 में सेवानिवृत हुए थे जमशेदपुर के बारीडीह नगर के शांति नगर में उनका निवास स्थान था। लिवर में आयी समस्या के इलाज के लिए पिछले महीना पहले बैंगलोर गये थे। अस्पताल में ही कल दिनांक 30 दिसंबर 2024 को निधन उनका हो गया। इसकी जानकारी ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक के पूर्व ऑफिसर इंचार्ज कर्नल राजन एस अय्यर के द्वारा पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिंह को प्राप्त हुआ। उसके बाद से ही संगठन के प्रतिनिधि उनके पिताजी के संपर्क में रहते हुए बेंगलुरु से उनका पार्थिव शरीर हवाई मार्ग से रांची और रांची से उनके आवास तक लाने में मार्गदर्शन किये।

## कृष्ण-रुकमणि विवाह की कथा सुन श्रद्धालुओं ने गाये मंगल गीत

जमशेदपुर। गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेन्टर में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने श्री कृष्ण-रुकमणी विवाह, रास पंचांग अध्याय, गोपी उद्धव संवाद कथा का सुंदर वर्णन किया। कथाव्यास की वाणी से कृष्ण-रुकमणी विवाह का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये।

## प्रमोद सराफ को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जमशेदपुर। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं) के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय प्रमोद सराफ (भाई जी) के निधन पर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा साकची ठाकुरबाड़ी रोड स्थित महालक्ष्मी मंदिर के प्रथम तल्ला पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मायुमं के पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों ने स्वर्गीय सराफ जी के योगदान और प्रेरणादायक जीवन को स्मरण किया। उन्हें समाज सेवा और संगठन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में उनके अभूतपूर्व प्रयासों के लिए याद किया गया।

## मारवाड़ी महिला मंच की सुमित्रा गुप्ता का निधन

जादूगोड़ा। जादूगोड़ा मारवाड़ी महिला मंच की पूर्व सचिव सुमित्रा गुप्ता आज मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गई। इधर जादूगोड़ा मुक्तिधाम में उनके बड़े बेटे राजकुमार गुप्ता ने मुखाग्नि दी। घटना के बाबत बताया जाता कि जादूगोड़ा के प्रसिद्ध समाजसेवी रामकुमार गुप्ता की धर्मपत्नी सह जादूगोड़ा मारवाड़ी महिला मंच की पूर्व सचिव सुमित्रा गुप्ता का सोमवार अहले तड़के हार्ड अटैक से मौत हो गई। उनके निधन से पूरे जादूगोड़ा में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

## फोटोग्राफरों ने किया डोबो सतनाला डैम में वनभोज

गम्हरिया। फोटोग्राफर एसोसिएशन ऑफ जमशेदपुर की ओर से डोबो सतनाला डैम में स्थापना दिवस के अवसर पर पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में संस्था के करीब 130 सदस्य अपने परिवार के साथ शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक केशरी ने किया। मौके पर सदस्यों की एकजुटता और सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया गया।

## विधायक जगत ने सुनी लोगों की समस्याएं

आनंदपुर/पश्चिमी सिंहभूम। मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक जगत माझी एक्शन में आ गये है। मंगलवार को उन्होंने आनंदपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित विधायक कार्यालय में जनता दरबार आयोजित किया। इस दौरान दर्जनों लोगों की समस्याएं सुनी और ऑन द स्पॉट समाधान किया। जनता दरबार में प्रखंड, अंचल, वन विभाग, बैंक आदि से संबंधित समस्याएं लेकर लोग पहुंचे थे। ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष केवाईसी अपडेट को लंबे समय तक लंबित रखने को कहा।

# भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने मार्कंडेय को दिया था अमरता का वरदान

- पापी का अंत बहुत बुरा होता है,रक्षा करने वाले का अंत सुखद : बृजनंदन शास्त्री
- मानगो वसुंधरा एस्टेट में शिवकथा ज्ञान यज्ञ का विश्राम दिवस आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन मंगलवार को कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने मार्कण्डेय जी को मृत्यु रहित अमृत्व कर प्राप्ति और ओम्कारेश्वर विश्वनाथ महाकाल प्रसंग की कथा का विस्तार से वर्णन किया। महाराज ने कहा कि महामृत्युंजय मंत्र की रचना करने वाले मार्कण्डेय की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें अमरता का वरदान दिया। यह सुनिश्चित किया कि वे कभी बूढ़े नहीं होंगे, सदाचारी बने रहेंगे और दुनिया के अंत तक प्रसिद्ध रहेंगे। आज तक, मार्कण्डेय उन्हें अमर व्यक्तियों में से एक माना जाता है, जो अपनी योगिक शक्तियों के कारण युवा और संत जैसे दिखने के लिए जाने जाते हैं। महाराज ने बताया कि शिवजी ने मार्कण्डेय से कहा कि अब से जो भी भक्त महामृत्युंजय मंत्र का जाप करेगा, उसके सभी कष्ट दूर होंगे और वह असमय मृत्यु के भय से भी बच जायेगा।

महामृत्युंजय मंत्र का सरल अर्थ यह है कि हम त्रिनेत्र भगवान शिव का मन से स्मरण करते हैं। आप हमारे जीवन की मधुरता को पोषित और पुष्ट करते हैं। जीवन और मृत्यु के बंधन से मुक्त होकर अमृत की ओर अग्रसर हों।





कथा सुनाते बृजनंदन शास्त्री और महाकाल की भष्म आरती का दृश्य।

**ओंकारेश्वर नगरी में प्राकृतिक शिवलिंग :** ओम्कारेश्वर विश्वनाथ महाकाल प्रसंग की कथा का वर्णन करते हुए आगे कहा कि भगवान के महान भक्त अम्बरीष और मुचुकुन्द के पिता सूर्यवंशी राजा मान्धाता ने इस स्थान पर कठोर तपस्या करके भगवान शंकर को प्रसन्न किया था। उस महान पुरुष मान्धाता के नाम पर ही इस पर्वत का नाम मान्धाता पर्वत हो गया। ओंकारेश्वर लिंग किसी मनुष्य के द्वारा गढ़ा, तराशा या बनाया हुआ नहीं है, बल्कि यह प्राकृतिक शिवलिंग है। महाराज ने बताया कि लंबे समय तक ओम्कारेश्वर भील राजाओं के शासन का क्षेत्र रहा। देवी अहिल्याबाई होलकर की ओर से यहाँ नित्य मृत्तिका के 18 सहस्त्र शिवलिंग तैयार कर उनका पूजन करने के पश्चात उन्हें नर्मदा में विसर्जित कर दिया जाता है। ओंकारेश्वर नगरी का मूल नाम मांधाता है। महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से भगवान शिव की महिमा का गुणागान किया। कहा कि स्वार्थ छोड़कर निःस्वार्थ भाव से जल, तन और धन का दान करना चाहिए। भगवान शिव की पूजा करने वाला समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और संपूर्ण अभिष्टो को प्राप्त कर लेता है। इसमें संशय नहीं है। परमानंद उसे कहते हैं, जिसके बाद किसी भी आनंद की अनुभूति व्यक्ति को नहीं हो। आनंद सभी दे सकते है, लेकिन परमानंद भगवान शिव ही दे सकते हैं। शिव के व्रत रखने से दुखों का नाश होता है। मोक्ष भी कोई भी देवता नहीं दे सकते, लेकिन भगवान शिव मोक्ष भी दे सकते है। शिव का ज्ञान होने पर ही शिव ज्ञान की प्राप्ति होगी तभी मुक्ति की प्राप्ति हो सकती है। आज के यजमान किरण-उमाशंकर शर्मा थे। महाराज जी सातवें दिन बुधवार को शिवजी द्वारा त्रिपुर वध, तारकासुर वध कथा, त्रिपुरारी, त्रिशुल, त्रिपुंड एवं कार्तिकेय चरित्र कथा की महिमा का प्रसंग सुनायेंगे। हवन एवं भंडारा के साथ कथा का विश्राम बुधवार एक जनवरी को होगा। सोमवार को विभिन्न राजनीतिक एंव सामाजिक संगठन के गणमान्य क्रमशः पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा, सांसद विघुत वरण महतो और उनकी पत्नी उषा महतो, विधायक सरयू राय, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

# दुमुहानी संगम महोत्सव 13-14 जनवरी को

## हिन्दू उत्सव समिति ने की तैयारी बैठक, कई निर्णय लिये गये

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनारी स्थित दुमुहानी घाट पर हिन्दू उत्सव समिति व उम्मीद,एक अभियान के संयुक्त तत्वावधान में दुमुहानी संगम महोत्सव-2025 का आयोजन 13 ओर 14 जनवरी को किया जा रहा है। इस अवसर पर संगम तट पर बनारस और हरिद्वार के तर्ज पर ही भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जायेगा।



तैयारी बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण।

आयोजन समिति के प्रमुख रवि सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में 13 जनवरी को संध्या बेला पर , पर्यावण व नदी संरक्षण पर व्याख्यान होगा। तत्पश्चात सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन होगा। 13 तारीख को ही जमशेदपुर के ऐसे युवाओं को सम्मानित किया जाएगा जो समाज व धर्म क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। 14 तारीख को नदी पूजन,एवं आकर्षण का केंद्र भगवती स्वरूपा स्वर्ण रेखा की भव्य आरती(गंगा आरती) किया जाएगा।

थे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री रवि प्रकाश सिंह ने कहा कि पिछले साल के कार्यक्रम में हजारों हजार लोग उपस्थित हुए थे। इस प्रकार का भव्य कार्यक्रम पहली बार हुआ था,शहरवासी जो उपस्थित नही हो पाए थे उन्हें इसका मलाल था लेकिन इस बार वो सभी लोग इस आरती में शामिल होंगे समाज मे अब इस कार्यक्रम का इंतजार है। अतः समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल पर लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के उपस्थित होने की व्यवस्था की गयी है।

रवि सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर की जीवन रेखा कही जाने वाली स्वर्ण रेखा नदी को आस्था से जोड़कर इसके वर्तमान स्वरूप को बचाये रखना है, प्रत्येक वर्ष नदी के जलस्तर का गिरना और नदी का प्रदूषित होना चिंता का विषय है। ऐसे में हर संभव प्रयास कर लोगों को नदी एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना है।

उन्होंने बताया कि गंगा मां का भव्य आरती करने के लिए बनारस से 11 पुरोहित को बुलाया जा रहा है जो पारंपरिक परिधान में बड़े दिया और डमरू के साथ 48 मिनट का गंगा आरती को सम्पन्न करेंगे।

आयोजन को लेकर गत शनिवार को एक तैयारी बैठक की गई जिसमें समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह, उद्योगपति ओर सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश कटियार, अश्वनी झा, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता रविप्रकाश सिंह, नवनीत सिंह, आरएसएस से संजय कुमार, अनिशा सिन्हा, सुखदेव सिंह, अक्षय कौड़ा, अभिमन्यु प्रताप, शक्ति प्रामाणिक, सामाजिक कार्यकर्ता सन्नी सिंह, हेमंत, राहुल सिंह, विपुल, हरमिंदर कौर, अभिनाश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

## आनेवाला वर्ष पलामू में बदलाव करनेवाला रहेगा : राजेंद्र सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने वर्ष 2024 को ऐतिहासिक वर्ष बताते हुए कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रभुत्व जिले के प्रत्येक बूथों पर स्थापित हुआ। कार्यकर्ताओं के उत्साह एवं मेहनत के कारण वर्ष 2024 में झामुमो एक मजबूत पार्टी बनकर उभरी है। पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी संस्थापक दिशोमगुरू शिबू सोरेन व झारखंड के युवाओं की धड़कन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा महिलाओं के प्रेरणाश्रोत विधायक कल्पना सोरेन के विचारों को जन जन तक पहुंचाया गया। जिसका बदलाव लोकसभा व विधानसभा चुनाव में व्यापक रूप से देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया वह काफी पलामू जिलावासियों के लिए लाभप्रद रहा है। कहा कि मैं कार्यालय में बैठकर प्रतिदिन सभी जाति, धर्म व समुदाय के लोगों के समस्याओं को सुनकर समाधान कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर समाधान कराया। पार्टी द्वारा सिर्फ राजनीतिक उद्देश्य के पूर्ति के लिए ही कार्य नहीं किया जाता बल्कि समाज को मजबूत बनाने के लिए रक्तदान शिविर, गरीब अनाथ व असहायों को सहयोग समेत कई कार्यक्रम चले हैं।

## नये सत्र में जिला सम्मेलन और चुनाव कराने पर कानू महासंघ ने दिया जोर

- अखिल भारतीय कानू महासंघ जिला इकाई पलामू की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबर के ग्राम कुन्दरी के राजवीर साहू के घर पर अखिल भारतीय कानू महासंघ जिला इकाई पलामू की बैठक की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने की। बैठक में अखिल भारतीय कानू महासंघ जिला पलामू के सभी प्रखंड कमेटी का चुनाव /निर्माण करने, अखिल भारतीय कानू महासंघ के पिछले बैठक के पारित प्रस्ताव के समीक्षा की गई ।अखिल



बैठक में शामिल कानू महासंघ के लोग।

भारतीय कानू महासंघ जिला इकाई पलामू के आगामी जिम्मेवारी प्रदान की गई। इस बैठक में कई प्रस्ताव पारित किये गये। पलामू जिले के सभी प्रखंड कमेटी का निर्माण/ चयन जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक पूर्ण करने, जिला कमेटी के सभी सदस्य प्रत्येक माह के 1 तारीख से 10 तारीख के बीच में अपना सहयोग राशि न्यूनतम 200 जिला इकाई के खाते में फोन पे या गूगल पे के माध्यम से जमा करेंगे। यह सहयोग राशि 200 से अधिक भी हो सकती है। सहयोग राशि जमा करने के बाद स्क्रीनशॉट जिला कमेटी ग्रुप में शेयर शेयर कर जानकारी देंगे। पलामू जिला सम्मेलन के बाद शेष राशि पूर्व सचिव विपिन बिहारी प्रसाद जी के पास था ,वह 10 जनवरी 2025 तक जिला इकाई के खाते में 71206 रुपये जमा कर देंगे।

## सोन नदी किनारे अवैध शराब निर्माण पर पुलिस का शिकंजा, 70,000 का महुआ व उपकरण नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरी ओपी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध देशी शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सोन नदी के डीला इलाके में अवैध शराब बनाने के लिए तैयार किया गया लगभग 1000 किलो जावा महुआ और शराब निर्माण के उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। देवरी ओपी में सनहा दर्ज कर यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, अवैध शराब निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जा रहा महुआ लगभग 70,000 रुपये मूल्य का था। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने स्थानीय स्तर पर अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संदेश दिया। यह कदम क्षेत्र में बढ़ते अवैध शराब के कारोबार को रोकने और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए



उठाया गया है। पुलिस ने बताया कि सोन नदी के किनारे अवैध शराब निर्माण की सूचना पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर यह जब्ती की। साथ ही, वहां मौजूद उपकरणों को भी पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया ताकि भविष्य में इस स्थान का पुनः उपयोग न किया जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से ऐसा न करने की अपील की है।

## सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन कैदी की रांची के रिम्स में मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सेंट्रल जेल में हत्या के आरोप में बंद एक विचाराधीन कैदी की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। खांसी के संक्रमण के कारण पहले उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे सोमवार को रिम्स रेफर किया गया था। इलाज के दौरान सोमवार रात मौत हो गयी। मंगलवार को रिम्स में शव का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया है।

कैदी की पहचान लाला सिंह

**जेल अधीक्षक ने की पुष्टि**

(25) के रुप में हुई है। वह विश्रामपुर के घासीदाग निवासी था। 23 नवंबर से सेंट्रल जेल में बंद था। टीवी क्रॉनिक बीमारी से पीड़ित था। 20 दिसंबर को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए 30 दिसंबर को रांची रिम्स रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। जेल सुपरिटेंडेंट भागीरथ कर्जी के मुताबिक लाला सिंह को क्रोनिक टीबी की बीमारी थी।

## रविशंकर रामास्वामी ने छेड़ी मृदंगम की धुन, मद्रासी सम्मेलनी में मुग्ध हुए दर्शक

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। नववर्ष की पूर्व संध्या पर मद्रासी सम्मेलनी, जमशेदपुर के तत्वाधान में शास्त्रीय वाद्ययंत्र कार्यक्रम लयविन्यास कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम कोलकाता के सुप्रसिद्ध मृदंगम विद्वान श्री शंकर नारायणस्वामी एवं उनके सदस्य कलाकारों के द्वारा लयविन्यास कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के प्रथम अध्याय में भारत रत्न एम.एस.सुभलक्ष्मी की जयंती पर श्रद्धांजलि के साथ आदि शंकराचार्य भज गोविंदम द्वारा



मृदंगम वादन करते रामास्वामी।

लिखित प्रसिद्ध गीत की पेश की गयी , जिसे एमएस शुभलक्ष्मी जी ने गाया और संगीत दिया है।

दूसरी प्रस्तुति में लयविन्यास के द्वारा स्वरचित रचना, राग हंसध्वनि पर आधारित तीसरा नदाई एवं चतुरसा नदाई तालों की प्रस्तुति दी गयी। राग मोहनम पर आधारित 9 मात्रा पर भूपाली पेश की गयी। तत्पश्चात राग वृन्दावनी के बाद राग मिश्रा चापु में आदि ताल एवं तीन ताल पेश किये एवं वाद्ययंत्रों की युगलबंदी के साथ प्रथम अध्याय समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम अध्याय में मीरा भजन पेश की गयी जिसे एम एस सुभालक्ष्मी द्वारा स्वर दिया गया था तथा अंत लयविन्यास के द्वारा अभंग की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में शंकर नारायणस्वामी (मृदंगम), सोमनाथ रॉय (घटम एवं मोरसिंग) , सोहन घोष (तबला), मंडोला जॉय (श्री-तार) , जयदीप सिन्हा (गायन) एवं रिक मुखर्जी (बांसुरी) ने प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम का निर्देशन श्री शंकर नारायणस्वामी के द्वारा किया गया।

# एक नजर में

## भुइयांडीह दुर्गापूजा मैदान में तीन दिवसीय विराट टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम 14 से



जमशेदपुर। झारखंड सांस्कृतिक कला रंगमंच के तत्वावधान में अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय विशाल टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भुइयांडीह दुर्गापूजा मैदान में धूमधाम से किया जायेगा। उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में आयोजन समिति के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 14 जनवरी को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के मुख्य सलाहकार राम प्रसाद भुइयां के हाथों होग। तीन दिवसीय आयोजन में मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता, आदिवासी बुढ़ी गाड़ी नाच, टुसू एवं चौड़ल प्रतियोगिता, झुमर लोक संगीत, छऊ नृत्य, दलित आदिवासी एवं मूलवासी भेष-भूषा प्रतियोगिता एवं खेल-कूद प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र होंगे। दुलाल भुइंया ने बताया कि विराट टुसू मेला का समापन 16 जनवरी को संध्या छह बजे होगा। भुइयांडीह दुर्गापूजा मैदान में आयोजित समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। समापन कार्यक्रम में सांसद विद्युतबरण महतो, विधायक पूर्णिमा दास साहू बतौर मुख्य अतिथि व उद्घाटनकर्ता होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में हाईकोर्ट के अधिवक्ता विप्लव भुइयां, रामप्रसाद भुइयां, रामकृष्ण मिशन के महाराज, पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो, पूर्व सांसद आभा महतो उपस्थित रहेंगे। दुलाल भुइयां ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह में इनाम के तौर पर 75 साईकिल, 75 बोरा चावल, 75 साड़ी, 75 शॉल, 75 शील्ड, 75 प्रमाण पत्र आदि दिए जायेंगे। संवाददाता सम्मेलन में अधिवक्ता विप्लव भुइयां, कृष्णा भुइयां, कमल यादव, कुंज विभार, दीपक मंडल, मन्नु मंडल, सुबोल प्रमाणिक, लालटू नामता, शंकर भुइया,लक्ष्मी भुइयां, सागर भुइयां, गौरी साहू, वीरेंद्र सिंह, महावीर राम, सोनु भुइयां, रंजीत डे आदि थे।

## टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने आयोजित किया गोल्फ पटिंग चैंपियनशिप



जमशेदपुर। टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने सीनियर सिटिजन फन एंड फिटनेस लीग के तहत सोमवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के गोल्फ पटिंग ग्राउंड में सीनियर सिटिजन गोल्फ पटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया। वरिष्ठ नागरिकों के बीच फिटनेस और मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट पूरे साल ऐसे रोमांचक खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स श्री मुकुल विनायक चौधरी और स्पोर्ट्स हेड विभूति धंद अडेसरा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कुल 21 प्रतिभागियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। इसको सफल बनाने में टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के दिनेश रक्षित और नीलम कुमारी ने अहम भूमिका निभाई। स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के अन्य अधिकारियों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी और प्रोत्साहन से कार्यक्रम को सफल बनाया। चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये।

## चक्रधरपुर रेलमंडल के नये डीआरएम ने टाटानगर समेत छह स्टेशनों का किया निरीक्षण



जमशेदपुर। चक्रधरपुर रेल मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) तरुण हुरिया ने शुक्रवार को जमशेदपुर का दौरा कर टाटानगर रेलवे स्टेशन समेत छह स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की व्यवस्थाओं और सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। तरुण हुरिया ने कहा कि आज सुबह 7:30 बजे से हमने निरीक्षण कार्य शुरू किया है। टाटानगर सहित पांच अन्य स्टेशनों का डिटेल निरीक्षण किया गया। प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा बेहतर हो।

**यात्रियों की सेफ्टी पर जोर :** निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि रेलवे की सेवाओं को और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि रेलवे सेवाओं में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। तरुण हुरिया ने कहा कि अगली बार मीडिया और अन्य संबंधित पक्षों से विस्तार से चर्चा की जाएगी ताकि रेलवे की सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। इस निरीक्षण दौरे को चक्रधरपुर रेल मंडल में सेवाओं और सुरक्षा मानकों में सुधार की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### दुर्गाबाड़ी में कल्पतरू उत्सव आज : राजदेव



**मेदिनीनगर।** श्रीराम कृष्ण मां शारदा सेवा समिति मेदिनीनगर ने दुर्गाबाड़ी के पावन प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 जनवरी को कल्पतरु उत्सव मनाया जायेगा। प्रातः 10 से 11 बजे तक पूजा हवन एवं 11:30 से सत्संग भगवान श्रीराम कृष्ण के कल्पतरु प्रसंग की विवेचना श्री राम कृष्ण सहस्त्रनाम का पाठ, रामकृष्ण वचनामृत का पाठ, भजन कीर्तन, पुष्पांजलि, आरती प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जानकारी समिति के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय ने दी।

### मजिस्ट्रेट ने किया सोन नदी तट का भ्रमण



**हुसैनाबाद पलामू।** नये साल के आगमन का उत्सव लोगों में जोरों पर है। लोग अपने चुनिंदा जगहों पर नये साल की शुरुआत करने का मन बना रहे हैं। हुसैनाबाद के देवरी स्थित सोन नदी पिकनिक स्पॉटों में बेहतरीन है। यहां नव वर्ष में काफी भीड़ जुटती है। उसी को लेकर मंगलवार को देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, सोन नदी तट पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट आशीष सिंह, एएसआई अखलेश कुमार एवं देवरी ओपी पुलिस बल के साथ देवरी कला स्थित सोन नदी तट का निरीक्षण कर जायजा लिया।

### वन विभाग ने किया उल्लू का रेस्क्यू

**पांकी पलामू।** प्रखंड के डंडार के मजदूर किसान कॉलेज में मंगलवार को हिमालयन उल्लू मिला। कॉलेज के शिक्षकों ने उल्लू देख वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उल्लू का रेस्क्यू किया। उल्लू को पलामू टाइगर रिजर्व में सौंपने की जानकारी दी गयी है। जिले में पहली बार हिमालयन उल्लू देखे जाने की जानकारी दी गयी है। कॉलेज में शिक्षकों ने दो उल्लू को उड़ते हुए देखा। अंजान पक्षी देख इसकी जानकारी वन विभाग के कर्मियों को दी।

### एसेंट के बच्चे को मुखिया ने किया पुरस्कृत



**पांकी पलामू।** पांकी के एसेंट पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एजुकेशनल टूर के तहत प्रतियोगी परीक्षा करायी गयी। जिसमें 7वीं से 9वीं तक के बच्चे शामिल हुए। बेहतर अंक लाने वाले बच्चे पुरस्कृत किये गये। अली अहमद, रिया कुमारी व शिवम कुमार को प्रथम पुरस्कार जबकि साक्षी व विकास द्वितीय, वहीं आयुष गुप्ता व रिया तृतीय रहे। इन्हें केल्हवा मुखिया बसारत हुसैन ने पुरस्कृत किया। मौके पर अखिलेश सिंह, चंदन पांडे, सोनी सिंह, पूजा, सीता भी थे।

### लेस्लीगंज में है राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा का खानदानी घर : छोटेलाल सोनी



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज मुखिया पति सह चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष छोटेलाल सोनी एवं मुखिया रेखा देवी ने राज्य सभा सदस्य प्रदीप वर्मा को चुनाव प्रभारी बनाये जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदीप वर्मा झारखंड के पलामू जिले के लेस्लीगंज प्रखंड के निवासी हैं एवं उनका खानदानी घर तथा परिवार यहां पर भी है। कहा कि पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारी से हम सभी बहुत खुश हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त कर कहा कि प्रदीप वर्मा को दी गयी जिम्मेदारी से क्षेत्र के लोगों को एक नयी उम्मीद और विश्वास मिला है। मुखिया रेखा देवी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच इन दिनों एक महत्वपूर्ण चर्चा का विषय राज्य सभा सदस्य और प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा की नियुक्ति को लेकर है, जिन्हें हाल ही में चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

### कंबल वितरण में विफल रही सरकार



**पाटन (पलामू)।** भाकपा माले पाटन प्रखंड सचिव सह जिला कमेटी सदस्य सह इंकलाबी नौजवान सभा पलामू जिला सचिव पवन विश्वकर्मा ने कहा कि इन दिनों ठंड काफी बढ़ गया है। ठंड से गरीब तबके के लोग गर्मवस्त्र के अभाव में ठिठुर रहे हैं। कहा कि वर्ष 2024 के अंतिम दिन की विदाई हो रही है। झारखंड सरकार कंबल वितरण करने में विफल साबित हुई है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हुए कहा कि पुरे पलामू जिला में अविलंब कंबल और अलाव उपलब्ध कराया जाये।

### देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय में पुस्तकालय खोला गया



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी आईएएस कृष्ण कांत कनवाडिया अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, देवरी खुर्द मुखिया ममता देवी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुस्तकालय खुल जाने से पंचायत के युवा व बच्चों को उच्च शिक्षा व किसी भी तरह के कंपटीशन के लिए पुस्तक उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनरल नॉलेज से लेकर कई बेश कीमती पुस्तक उपलब्ध कराया जायेगा। जिससे कंपटीशन देने के लिए युवाओं को पुस्तक उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय खुल जाने से पंचायत सहित आसपास के पंचायत के युवाओं को भी शैक्षणिक माहौल का बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय सरकार के दिशा निर्देश पर पंचायत सचिवालय में खोला गया है। जहां कंप्यूटर शिक्षा के लिए कंप्यूटर उपलब्ध कराया गया है। जिसमें नियमित रूप से पुस्तकालय पंचायत प्रतिनिधियों की देखरेख में चलायी जायेगी।

## हुसैनाबाद में चार दिन के नवजात बच्चे की हुई मौत

- बच्चे की मां ने पति पर ही लगाया गलाने का आरोप
- इससे पूर्व भी दो नवजात की संदेहास्पद हुई है मौत
- पुलिस कर रही है जांच, मामला शर्मनाक



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव में चार दिन के मासूम की मौत का मामला सामने आया है। मां का आरोप है बच्चे के पिता ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी है। घटना 30 दिसंबर की शाम 4:30 बजे की है। नवजात की मां गुंजन मिश्रा (मदनपुर बनिया थाना मदनपुर जिला औरंगाबाद बिहार) ने पति गौरव पाठक के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। गुंजन ने बताया कि मैं ट्रेन से पति के साथ जपला नाना श्याम बिहारी मिश्रा के घर आ रही थी। वहां मुझे नॉर्मल डिलीवरी से लड़का हुआ। 30 को नवजात को गला दबा कर मार दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर बोले कि घर ले जायें।

# पलामू पुलिस के लिए उपलब्धियों से भरा रहा वर्ष 2024

- कई अपराधियों को मिली सजा तो कई किये गये गिरफ्तार
- पलामू एसपी के कुशल नेतृत्व में दो चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न



**खास बातें :** पलामू पुलिस का वर्ष 2024 जहां एक ओर उपलब्धियों से भरा रहा है वहीं जिलेवासियों के लिए पुलिस के कुशल नेतृत्व के कारण सुकून मिला है। पलामू पुलिस ने कई अपराधियों के खिलाफ सीसीए एक्ट लगाया और कई अपराधियों को गुंडा घोषित किया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2024 पलामू वासियों के लिए कई खट्टे मीठे अनुभवों को याद कराते हुए विदा लिया है। वहीं दूसरी ओर पलामू पुलिस के लिए काफी उपलब्धियों भरा रहा है। पलामू एसपी रीष्मा रमेसन के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में यह देखा जा रहा है कि चार दशक बाद पलामू में लोकसभा व विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराया गया है, यह पलामू पुलिस के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

इन दोनों चुनावों के पूर्व पलामू में जितने भी चुनाव हुए हैं। उसमें कहीं न कहीं कोई अप्रिय घटनाएं घटित हुई है। एसपी रीष्मा रमेसन के कुशल नेतृत्व में दो-दो चुनावों को काफी सजगता के साथ संपन्न कराया गया है।

वर्ष 2024 में पलामू जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 37 गिरफ्तार अपराधियों को पुलिस सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की है। जबकि पुलिस आंकड़ों के अनुसार लगभग 1367 अपराधी एवं लगभग 29 नक्सलियों को विभिन्न थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस हत्या, पाक्सो, रंगदारी, लूट, आर्म्स एक्ट, दुष्कर्म, दहेज के मामले समेत अन्य कांडों में शामिल अभियुक्तों को सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की है।

### पलामू में शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण निर्माण कराना पुलिस का उद्देश्यः एसपी

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने शहरी क्षेत्र ही नहीं सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बुजूर्ग महिला समेत अन्य लोगों से कुशल क्षेम पूछने का काम किया। इस संबंध में एसपी श्रीमती रमेसन ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था कायम करना एवं भयमुक्त समाज का निर्माण कराना पुलिस का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जनता व पुलिस का मजबूत गठजोड़ बन जाये तो कोई भी अपराधी अपराध कर बच नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्य में जिलेवासियों का भी अपार सहयोग मिला है। जो साधुवाद के पात्र हैं। एक स्वस्थ्य समाज निर्माण के लिए सभी का सहयोग होना आवश्यक है। फरार अपराधियों के खिलाफ पुरस्कार की राशि पुलिस द्वारा घोषित किया गया। पलामू जिला के विभिन्न थानों में दर्ज कांडों का त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए जांच पूरी कर ली गयी।

# यातायात पुलिस ने 97 लाख से अधिक चालान से वसूले : एसपी



रीष्मा रमेसन, एसपी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस एवं यातायात विभाग द्वारा शहर समेत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों को प्रभावी रूप से अनुपालन कराने के लिए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को रोककर वाहन की कागजात जांच कर चालान काटा गया।

इस संबंध में एसपी रीष्मा रमेसन ने बताया कि यातायात वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग एवं बिना लाइसेंस के वाहन चलाने, नशा कर वाहन चलाने, नो पार्किंग समेत यातायात के विभिन्न नियमों का उल्लंघन करनेवालों के विरूद्ध जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान वाहनों को जब्त कर तथा ऑन स्पॉट चालान काट फाईन की राशि वसूल की गई थी। जिसमें कुल 97,52,700 रूपये एकत्रित किये गये। बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 28,73,900 का चालान, ट्रिपल लोडिंग मामले में 2,61,150 रूपये, बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर 52,90,000 रूपये का चालान, मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाने पर 65,000 रूपये का चालान, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 45,000 का चालान, नशे में वाहन चलाने पर 8,33,150 का चालान, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर 3,37,500 का चालान, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने पर 10,000 का चालान, ब्लैक शीशा कार में लगाने वालों पर 18,500 रूपये का चालान राशि वसूले गये।

माह दिसंबर में धारा 185 (ड्रिंक एंड ड्राइव) के तहत 29 वाहनों पर कार्रवाई की गई। यह उपलब्धि एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2024 तक की है। एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और अपने जीवन को सुरक्षित रखें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अजमेर जा रहे यात्रियों को पौधा देकर डॉ कौशल ने की मंगल यात्रा की कामना

- अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म अपनाने से ही खुलेगा जन्नत का दरवाजा : पर्यावरण धर्म गुरु
- प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ है इस्लाम धर्म : ट्री मैन डॉ कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत मुख्यालय स्थित आजाद नगर में आयोजित सम्मान समारोह में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला के साथ ड्राई फूड और थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम व कटहल का पौधा देकर उन्हें सम्मान पूर्वक रवाना किया।



यात्रियों को माला पहनाते व पौधा देते पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर।

**खास बातें :** पर्यावरणविद ने सभी अकीदतमंदों की सुखद, सुरक्षित व मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इतिहास गवाह है कि मक्का मदीने का रोजा का गुंबद 14 सौ वर्ष से हरा है। जिसका रंग में कोई बदलाव आज तक नहीं हुआ है। प्रकृति के हरे रंग के अनुरूप ही इस्लामी झंडा और पगड़ी का रंग भी हरा रहता है। इसीलिए तो जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए पर्यावरण प्रेमी होना जरूरी है। पूर्व उपमुखिया अफजल अंसारी ने कहा कि डाली पंचायत बाजार के विश्वस्तरीय पर्यावरणविद डॉ कौशल उनकी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल व पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल जैसे लोग हर वर्ग समुदाय के लोगों के सुख दुःख में साथ रहते हैं। जिससे हिंदू मुस्लिम एकता व आपसी प्रेम एवं सद्भाव सदैव कायम रहता है। अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियो में डाली बाजार के उप मुखिया नगीना खातुन, पंसस शहाबुद्दीन अंसारी, इसराइल अंसारी, असिया बीबी, कनीजा बीबी, इसराफिल अंसारी नसरुद्दीन अंसारी, मुख्तार अंसारी, मुंतज़िर अंसारी, वसीम अंसारी, खलील अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी भी थे।

### आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनेगी जयपाल सिंह जयंती

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा तीन जनवरी को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखण्ड आंदोलनकारी दिवस के रूप में धुमधाम से मनायेगी। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। आयोजन समिति के सदस्य प्रमोद कुमार सोनी ने बताया कि समारोह पलामू क्लब में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। समारोह में पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों के झारखण्ड आंदोलन में महती भूमिका निभाने वाले लोग भाग लेंगे।

### गीतों के राजकुमार हरिवंश प्रभात



**चैनपुर पलामू।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सह कवि हरिवंश प्रभात ने पलामू गीत रच डाला। उन्होंने जंगलों पहाड़ों का सिलसिला देख ले, रुक रुक परदेशी पलामू जिला देख ले भी गाये। पलामू जिला वर्ष 1892 में अस्तित्व में आया जो आज 133 वर्ष का हो गया। जिला का मुख्यालय का नाम पहले डालटनगंज था, जिसे बदलकर पलामू के प्रतापी राजा मेदिनीराय के नाम पर मेदिनीनगर रखा गया है। हरिवंश प्रभात ने जीवन काल में कई पुस्तकों की रचना की।

### 115 किलोग्राम अवैध जावा महुआ किया नष्ट



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर पुलिस ने नावा जयपुर थाना के पचकेड़िया, धंगरडीहा, बोरादह, रोल सहित अन्य गांवों में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 115 किग्रा अवैध जावा महुआ नष्ट किया। थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने बताया कि नये साल में क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी किया जा रहा है उसी क्रम में आज दर्जन गांवों में छापामारी की गयी है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### बाबा महत्वना धाम देव स्थल पर लगा वार्षिक मेला



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय से सटे खुटीसोत नदी तट स्थित आस्था के प्रतीक बाबा महत्वना धाम पर मंगलवार को भव्य वार्षिक मेला लगा। जिसमें स्थानीय के अलावा दूर-दूर से भी लोग भारी संख्या में जुटे। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा अर्चना शुरू कर दिये थे। बाबा की विशेष पूजा अर्चना पूरे दिन चलती रही। मेला आयोजन कमेटी ने भोजपुरी दुगोला कार्यक्रम भी रखा था, जो सारा दिन चला। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला योजना समिति सदस्य सह पार्षद संजय बैठा व धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने किया। जिसमें प्रसिद्ध गायक विजय बावली व गुड्डू लाल यादव भी थे।

# नावा जयपुर मनातु मुख्य पथ से पोखरिया तक संवेदक ने नहीं बनायी सड़क, आदिवासी टाना भगत का जोरदार विरोध

मनीष दूबे

**पाटन पलामू।** पोखरीया ग्राम के आदिवासी टाना भगत समाज के लोगों ने पोखरीया शिव मंदिर के प्रांगण में बैठक किया। बैठक में नावा खास मुखिया मनोज कुमार, पंसस अखिलेश यादव, पूर्व पंसस मनोज यादव, नवल राम, मगर देव उरांव, प्रदीप उरांव, आदित्य प्रजापति, पवन प्रजापति, रमेश उरांव, कपील देव, टाना भगत परीमार, टाना भगत, जवाहर उरांव, मुकेश कुमार, विरेंद्र यादव, राम नरेश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में नावा जयपुर मनातु मुख्य पथ से पोखरिया तक सड़क निर्माण संवेदक द्वारा नहीं करने पर घोर विरोध किया। सरकार राज्य में टाना भगत के लिए कई योजनाएं चला रही है लेकिन इन गांवों में इन समाज के लोगों के लिए आवागमन के लिए बेहतर पथ भी नहीं है।

### संवेदक ने कार्यस्थल पर नहीं लगाया शिलापट्ट

ग्रामीणों ने बैठक में नावा खास मुखिया मनोज कुमार को बुलाकर अपनी समस्या गिनायी। पीएमजीएसवाई योजना के तहत नावा खास मनातु मुख्य पथ से पोखरिया ग्राम तक तीन किमी सड़क को संवेदक ने लगभग तीन महीने से खोदकर छोड़ दिया है जिससे लोगों को आये दिन दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। वहीं उस सड़क के अवरुद्ध हो जाने से दर्जनों गांवों के लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई हो ही है। मुखिया ने ग्रामीणों को बीच रोष को देख सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। मुखिया ने कहा कि कोई भी परिस्थिति में ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। संवेदक जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू करे, अन्यथा धरना प्रदर्शन किया जायेगा।



**...क्या है आगे की तैयारी :** ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि इसकी जानकारी वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को दी जायेगी। फिर भी कार्य नहीं होने पर नावा-मनातु मुख्य पथ जाम किया जायेगा। यह सड़क मनातु थाना तरहसी थाना को जोड़ती है और तीन माह से सड़क अवरुद्ध है। जिससे दर्जनों गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है। कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है तो अस्पताल पहुंचना मुश्किल है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के कुछ भाग की ढलाई हुई है जिसमें घटिया सामग्री लगी है। सड़क में होम पाइप बिना मेटेरियल दिये मिट्टी पर बैठा दिया गया है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क निर्माण कार्य करने की मांग की है।

## संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष हुए सेवानिवृत, उन्हें सम्मानपूर्वक दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ विजय प्रसाद शुक्ला मंगलवार को सेवानिवृत हो गये। श्री शुक्ला के सम्मान में कॉलेज परिवार द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य अर्चना कुमारी व संचालन लेखपाल सुभाष पांडेय छोटू ने किया। समारोह में कॉलेजकर्मियों द्वारा डॉ विजय प्रसाद शुक्ला को सम्मानित किया गया। श्री शुक्ला ने कहा कि नौकरी में योगदान और सेवानिवृति एक प्रक्रिया है,जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। हमने तो इस वित्तरहित कॉलेज को अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया लेकिन मुझे प्रसन्नता है कि हमारे त्याग से उच्च शिक्षा का यह शैक्षणिक संस्थान आज पूरे क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर युवा भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कॉलेज के उज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेजकर्मियों ने श्री शुक्ला के कार्यकाल की जमकर सराहना की।

## प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय सभागार चैनपुर में प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला 2024- 25 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने की। कर्मशाला को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवनारायण उरांव ने कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए रबी मौसम के फसलों के बेहतर उत्पादन हेतु रबी कर्मशाला का आयोजन किया जाता है। रबी मौसम के महत्वपूर्ण फसल है चना, सरसों, गेहूं जौ, आलू, तीसी इत्यादि। हरित क्रांति के बाद फसलों के उत्पादन में वृद्धि हेतु बेतहाशा रासायनिक उर्वरक का उपयोग और कीटनाशकों का उपयोग हुआ है। उत्पादन में तो बढ़ोतरी हो रही है परंतु गुणवत्तापूर्ण फसल नहीं मिल पा रहे हैं। बहुत ज्यादा रासायनिक उर्वरकों का उपयोग से जमीन बंजर होते जा रही है इसके लिए किसानों को चाहिए कि वह अपने मिट्टी का जांच करवाएं। इसके लिए भारत सरकार के द्वारा सॉइल हेल्थ कार्ड योजना लागू की गई है। मिट्टी का जांच से उनमें जरूरी पोषक तत्व की कमी का पता चलता है जिससे किसान उचित मात्रा में ही रासायनिक उर्वरक या जैविक खाद का उपयोग कर पैदावार बढ़ा सकते हैं।

# साकेत साहित्य शिखर सम्मान से अयोध्या में सम्मानित हुए अमवा के बिजय शंकर मिश्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दिल्ली की अंतरराष्ट्रीय संस्था सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राम की जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम का गुणगान नामक पुस्तक सांझा संकलन का लोकार्पण एवं काव्य गोष्ठी तथा देश-विदेश से आए कवि कवयित्री का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में बिश्रामपुर प्रखंड के अमवा ग्राम निवासी सह सेवनिवृत शिक्षक विजय शंकर मिश्र को साकेत साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह गोष्ठी दो सत्रों में आयोजित हुई। प्रथम सत्र में कई सम्मान समारोह एवं पुस्तकों का लोकार्पण किया गया जिसमें सभी आगंतुक कवि कवयित्री, मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि, रचनाकारों एवं साहित्यकारों को मोमेंटो, अंग वस्त्र, माला एवं भगवा टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। पलामू के बिश्रामपुर थाना अंतर्गत अमवा गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक को साकेत साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया तथा इन्हें सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट के झारखंड इकाई का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में श्री मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे।



बिजय शंकर को सम्मानित करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** मंच संचालन पलामू के साहित्यकार कवि डॉ रामप्रवेश पंडित ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन आरती झा आद्या ने की। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार रथींद्रनाथ झा, संस्था के झारखंडी इकाई की अध्यक्षा ममता झा, पलामू के साहित्यकार आचार्य धनंजय पाठक, शिक्षक सुधीर कुमार दुबे, कवि सरोज कुमार आजाद तथा अन्य प्रदेशों से आए सैकड़ो कवि, कवियित्री इस काव्य पाठ, पुस्तक लोकार्पण व सम्मान समारोह के हिस्सा बने। कार्यक्रम की सफलता पर संस्था के संस्थापक रविंद्र नाथ सिंह एवं संस्था की अध्यक्षा ममता सिंह ने सभी साहित्यकारों को बधाई दी है।

# सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने क्रिकेट खिलाड़ियों को दी खेल सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने मंगलवार को सतबरवा क्रिकेट क्लब एवं बकोरिया क्रिकेट क्लब टीम के खिलाड़ियों के बीच बैट और बॉल वितरण कर हौसला अफजाई किया। मौके पर आशीष सिन्हा ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक एकाग्रता आती है। विगत पांच वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करने के लिए अपने निजी मद से फुटबॉल और क्रिकेट सामग्री का वितरण करते आ रहा हूं। मेरा मिशन है कि यहां के खिलाड़ी भी सतबरवा और पलामू का नाम रोशन करे। वितरण समारोह में जिला परिषद सदस्य पति अजय उरांव, बकोरिया मुखिया संतोष उरांव, शहनवाज खान, मोहम्मद शैफुला, शंकर पासवान ,रिंकु मिश्रा, मोहम्मद शबीर, पिनटु, मोहम्मद असारी, अकबर अली, शमिर आलम, तैमुर इकबाल, ताहा खान, अनिका खान, शोएब खान, मोजफर खान, नैयर खान, मोहम्मद जावेद, दिलशाद मोहम्मद जीशान, मोहम्मद जुगनू, मोहम्मद शाकिब समेत कई लोग मौजूद थे।



खिलाड़ियों को खेल सामग्री देते समाजसेवी व अन्य।

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार . 01 जनवरी 2025



# अभिनंदन 2025

विश्व में युद्ध,सीरिया और बांग्लादेश में सरकार के पतन, अमेरिका में ड्रंप के सत्ता आरोहन के साथ वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधित सावधानियों के साथ जीवन जीने, पर्यावरण सहित प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के साथ पूरी दुनिया में भाई चारा बढ़ाने के साल के रुप में मना सकते हैं। जिस प्रकार हम हवा,मिट्टी और जल को प्रदूषित कर रहें हैं इससे हमारे पृथ्वी के अस्तित्व पर ही खतरा मंडरा रहा है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना का वायरस अधिक तेजी से बढ़ने के पीछे वायु प्रदूषण भी एक बिंदु है। निश्चित तौर पर इन तथ्यों को नकार कर हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। विकास की आवश्यकता है लेकिन विकास किन शर्तो पर हो यह भी तय करने का वक्त आ गया है। प्रकृति की मार और स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को किसी देश या महादेश से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। जिस प्रकार वैश्वीकरण की गति बढ़ती जा रही है उसमें पूरी दुनिया को हिंसा और शांति के विषय पर भी एक सर्वहित निर्णय लेने की आवश्यकता है। एक साल के कोरोना काल में जो आर्थिक और रोजगार संबंधित कठिनाई आम लोगों को हुई है उसे गंभीरता से लेकर एक ठोस कार्रवाई की भी उम्मीद है। देश में केन्द्र और राज्य के बीच सहयोग का आधार मजबूत हो जिससे आम आदमी सकून पा सके। जिस प्रकार रोजगार खत्म होने की खबरें आई है उससे चिंता स्वाभाविक है। देश में असंगठित मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और इन मजदूरों का एक बड़ा हिस्सा झारखंड बिहार और यूपी सहित उत्तर भारत के खेती प्रधान राज्यों से आता है। इन राज्यों की गरीबी किसी से छिपी नहीं है। गरीबी से लड़ाई और मध्यम वर्ग के साथ रहम 2025 में भारतीय सरकारों के एजेंडा में शामिल हो। राजनीति में स्वच्छता और समाज में शांति से देश विश्व में महान और बेहतर बन सके।

## कार्टून वर्ल्ड







**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला :** शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

# 2025 चिकित्सा जगत में बदलाव की उम्मीद जगाता साल



## चिकित्सा क्षेत्र में सुधार-विस्तार की कई संभावनाएं

बेहतर स्वास्थ्य तंत्र की खासियतें हैं कि चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता हो, वे किफायती हों व आमजन की आसान पहुंच में हों। विशेषज्ञों के अनुमान हैं कि आगामी साल हेल्थ बजट, जन आरोग्य संबंधी कार्यक्रमों, स्वास्थ्य देखभाल, इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेडिटेक के उपयोग व नवाचारों के मामले में बेहतरी व विस्तार की ओर अग्रसर होगा। वहीं जन जागरूकता के चलते पर्सनल न्यूट्रीशन व फिटनेस के कारोबार का विस्तार होगा।

सेहत के संदर्भ में यह साल सुखद सफलताओं वाला और भविष्य के प्रति सुनहरे संकेतों वाला रहेगा। इस साल स्वास्थ्य के बाजार, इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ इसके एफोर्डेबल होने और आमजन तक और बेहतर पहुंच की उम्मीद लगाई जा सकती है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कारणों से 2025, पिछले कुछ वर्षों के मुकाबले अनूठा साबित होने वाला है। उम्मीद है यह वर्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के मुख्य उद्देश्य, सभी को उचित लागत पर उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की सार्वभौमिक पहुंच को चरितार्थ करता दिखेगा। कार्यक्रमों, बढ़ते नवाचार, निजी निवेश एवं तकनीकी समावेश को देखकर लगता है कि स्वास्थ्य सेवाएं इस साल आमजन के ज्यादा नजदीक पहुंचेंगी।

### स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में उम्मीदें

देश में रोगी और चिकित्सक तथा नर्स का अनुपात हो अथवा अस्पतालों तथा बिस्तरों की उपलब्धता, स्वास्थ्य बीमा, नैदानिकी, सस्ती जेनेरिक दवाओं अथवा सूदूर क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, इन सब मामलों में आशातीत उन्नति का गवाह यह साल बनेगा। स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में इस साल डिजिटल हेल्थ में निवेश, चिकित्सा तकनीक यानी मेडी टेक के अनुप्रयोगों का विस्तार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक सर्जरी, नैदानिकी में नई मशीनें,दवा उद्योग में बहुतेरी दवाओं के पेटेंट खत्म होकर उनके सस्ते होने की प्रत्याशा, डाटा एनॉलिटिक्स तथा जीनोमिक्स इत्यादि उपरोक्त उद्देश्य की राह आसान करने वाला है। वित्त वर्ष 2025 तक स्वास्थ्य मद में व्यय सकल घरेलू उत्पाद के ढाई फीसदी तक पहुंच जाएगा। सरकार देश के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए 50,000 करोड़ रुपये का ऋण प्रोत्साहन कार्यक्रम इसी साल से शुरू करेगी।

अस्पताल उद्योग का संभावित विस्तार

विशेषज्ञों को उम्मीद है, अस्पताल उद्योग साल 2025 में सवा सौ अरब डॉलर छूता देखा जा सकता है। वहीं चिकित्सकीय उपकरणों का भारतीय बाजार 35 अरब डॉलर के करीब होगा। इसी तरह डायग्नॉस्टिक्स या नैदानिकी का बाजार साल 2025 में 18 अरब डॉलर के नजदीक पहुंचने की उम्मीद बेमानी नहीं है। वहीं अभी प्रति 1,000 लोगों पर दो नर्स भी नहीं हैं। हालांकि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र इस साल कुछ बढ़कर कुल 80 लाख से ज्यादा कर्मियों का बड़ा समूह बना रहेगा। भारतीय स्वास्थ्य सेवा बाजार 638 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।



-एस श्रीवास्तव

> स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कारणों से 2025, पिछले कुछ वर्षों के मुकाबले अनूठा साबित होने वाला है। उम्मीद है यह वर्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के मुख्य उद्देश्य, सभी को उचित लागत पर उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की सार्वभौमिक पहुंच को चरितार्थ करता दिखेगा। कार्यक्रमों, बढ़ते नवाचार, निजी निवेश एवं तकनीकी समावेश को देखकर लगता है कि स्वास्थ्य सेवाएं इस साल आमजन के ज्यादा नजदीक पहुंचेंगी।

### हेल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर

छोटे शहरों में भी बढ़ते निवेश के चलते 2025 में हेल्थकेयर अवसंरचना में उल्लेखनीय सुधार दिखेगा। चिकित्सा शिक्षा में विस्तार के चलते एक दशक में मेडिकल कॉलेजों तथा उनमें सीटों की संख्या दो गुना बढ़ने से रोगी-चिकित्सकों का अनुपात इस साल थोड़ा सुधर जाएगा। अस्पताल के बिस्तरों की संख्या के मामले में 2025 में कुछ सुधार अवश्य दिखेगा। पिछले साल बीमारी पर लोगों का अपनी जेब से खर्च का आंकड़ा 13 सालों में सबसे कम हुआ था, वाणिज्यिक स्वास्थ्य देखभाल व्यय वृद्धि में और गिरावट की अपेक्षा इस वर्ष की जा सकती है।

### चिकित्सा लागत, कारोबार

बाजार के लिए 2025 में 8 प्रतिशत व्यक्तिगत वार्षिक चिकित्सा लागत को सात फीसदी पर ला देने का अनुमान है। देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों की संख्या कई करोड़ों में है, सात करोड़ से अधिक लोग मोटापे के शिकार हैं। दिल के दौरे और स्ट्रोक , हृदय संबंधी विकार, कैंसर, और मधुमेह जैसे गैर संचारी रोगों की बढ़ोतरी को देखते हुए ऐसे 750 लाख लोगों को 40 हजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से 2025 में मानक देखभाल मुहैया कराई जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत इस वर्ष सभी 150,000 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को उन्नत बनाने की प्रतिबद्धता दिखती है। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने 2025 का जो टीकाकरण कार्यक्रम जारी किया है उसमें कोविड-19, मेनिंगोकोकल बी और हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी टीके भी हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र का ध्यान इस साल नवाचार और प्रौद्योगिकी पर अधिक केंद्रित रहने वाला है, इसलिए स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों, डिजिटल स्वास्थ्य साधनों में निवेश खूब बढ़ेगा। टेलीमेडिसिन का कारोबार देश में 2025 बीतते-बीतते 6 अरब डॉलर तक पहुंचेगा।

### पर्सनल न्यूट्रीशन और वेलनेस उद्योग

फंक्शनल फूड और पर्सनल न्यूट्रीशन का बाजार 16 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक से बढ़ रहा है और 2027 तक 12 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2025 तक संभव है कि दस अरब डॉलर के पास पहुंच जाये। फिटनेस और वेलनेस उद्योग के भी 27 फीसद की चक्रवृद्धि वार्षिक की दर से बढ़ते हुए 2025 तक 12 अरब डॉलर तक पहुंचने की पूरी उम्मीद है। ई-संजीवनी जैसे वर्चुअल डॉक्टर परामर्श के उद्यम, टेली-परामर्श सेवाएं और बढेंगी और देश के दूरदराज के हिस्सों के रोगी शहरों के प्रमुख डॉक्टरों से जुड़ेंगे। एआई-आधारित निदान और दूरस्थ स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में इस वर्ष तीव्र विकास संभव है। नए साल में मध्य वर्ग को भी सामाजिक और निजी स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाया जाएगा। आशा है कि 2025 में मेक इन इंडिया के माध्यम से मेड-टेक में 80 प्रतिशत की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो सकेगी।

### कुष्ठ रोग मुक्त भारत!

उम्मीद है साल 2025 कुष्ठ रोग मुक्त भारत अभियान की सफलता का वर्ष बनेगा। देश को टीबी मुक्त बनाने का कठिन लक्ष्य भी सामने है। भारत में गठिया के मरीजों की संख्या 18 लाख तक पहुंच चुकी है, जिसमें हर साल डेढ़ लाख मरीज जुड़ रहे हैं। ऐसे में अर्थराइटिस मरीजों को स्वास्थ्य बीमा के दायरे में रखने की मांग जोर पकड़ेगी। यहां 700 लाख मानसिक विकारों से पीड़ित लोग हैं जबकि एक लाख ऐसे रोगियों पर औसतन एक भी चिकित्सक नहीं। इस साल इस पर मनन होगा।

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है–वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**- रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**यह** सम्पूर्ण जगत एक ही परमात्मा की विविध रूपों में अभिव्यक्ति है।भारतीय संस्कृति में अंतर्निहित समानता व सहअस्तित्त्व के दिव्य उदारवादी मूल्यों का लोक व्यापीकरण कर वैश्विक स्तर पर आर्थिक असमानता को कम किया जा सकता है। आइए उदारमना होकर अन्यों के सम्मान, स्वाभिमान और निजता की रक्षा करें।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**संविधान** समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्गों की रक्षा के लिए एक शक्तिशाली औजार है। संविधान के सोच की हिफाजत करने वाले सेनानियों, शहीदों और संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य को नमन करते हुए अपने संकल्प को दोहराता हूं।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# 2024 में मकानों की बिक्री घटी, मगर बिक्री मूल्य में इजाफा

## सामयिक

2024 में मकानों की बिक्री की शुरूआत काफी अच्छी हुई थी। लेकिन तीसरी तिमाही के बाद इसमें सुस्ती आने से इस साल मकानों की कुल बिक्री में कमी आई है। हालांकि मूल्य के लिहाज से मकानों की बिक्री में अच्छी खासी बढ़ोतरी दर्ज की गई। ऐसा मकानों की कीमत बढ़ने के कारण हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में मकान सबसे अधिक महंगे हुए हैं।

### 2024 में कितने के और कितने मकान बिके?

संपत्ति सलाहकार फर्म एनारॉक समूह के मुताबिक 2024 में 7 प्रमुख शहरों में 4,59,650 मकान बिके, जो पिछले साल बिके 4,76,530 मकानों से 4 फीसदी कम हैं। हालांकि संख्या के हिसाब से भले मकानों की बिक्री में गिरावट आई हो। लेकिन मूल्य लिहाज से इनकी बिक्री में इजाफा हुआ है। इस साल मूल्य के लिहाज से 5.68 लाख करोड़ रुपये के मकान बिके, जो पिछले साल बिके 4.88 लाख करोड़ रुपये मूल्य के मकानों से 16 फीसदी ज्यादा हैं।

औसत मूल्य और इकाई आकार में वृद्धि के कारण मूल्य के लिहाज से मकानों की बिक्री में 16 फीसदी इजाफा हुआ। जिसने मात्रा में मकानों की बिक्री में आई कमी की भरपाई कर दी। पुरी कहते हैं कि 2023 की तुलना में 2024 में शीर्ष 7 शहरों में मकानों के औसत मूल्य में 21 फीसदी वृद्धि देखी गई।

### किस शहर में कितने बिके मकान?

एनारॉक की इस रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक 1,55,335 मकान मुंबई में बिके। 7 प्रमुख शहरों में मुंबई और बेंगलूरु ही दो ऐसे शहर रहे, जहां मकानों की बिक्री पिछले साल से ज्यादा हुई। मुंबई में एक फीसदी और बेंगलूरु में 2 फीसदी इजाफा हुआ। एनसीआर और पुणे में मकानों की बिक्री 6-6 फीसदी घटकर क्रमशः 61,900 और 81,090 रह गई। संख्या के हिसाब से हैदराबाद में मकानों की बिक्री में 5 फीसदी, चेन्नई में 11 फीसदी और कोलकाता में सबसे अधिक 20 फीसदी गिरावट दर्ज की गई।

### किस शहर में कितने महंगे हुए मकान?

वर्ष 2024 में मकानों की औसत कीमत 21 फीसदी बढ़ी है। इस साल 7 प्रमुख शहरों में मकान की औसत कीमत 8,590 रुपये प्रति वर्ग फुट रही। पिछले साल यह 7,080 रुपये वर्ग फुट थी। सबसे ज्यादा 30 फीसदी मकान एनसीआर में महंगे हुए हैं। एनसीआर में मकानों की औसत कीमत पिछले साल की औसत कीमत 5,800 रुपये से 30 फीसदी बढ़कर 7,550 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई।

एमएमआर में औसत कीमत 21 फीसदी बढ़कर 16,600 रुपये, बेंगलूरु में 28 फीसदी बढ़कर 8,380 रुपये, पुणे में 14 फीसदी बढ़कर 7,720 रुपये, हैदराबाद में 27 फीसदी बढ़कर 7,300 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। चेन्नई में मकान की औसत कीमत 14 फीसदी वृद्धि के साथ 6,790 रुपये और कोलकाता में 13 फीसदी वृद्धि के साथ 5,820 रुपये प्रति वर्ग फुट दर्ज की गई।

### 2024 में कितने नये मकान हुए लॉन्च?

इस साल नये मकानों की लॉन्चिंग में भी कमी देखी गई। इस साल 4,12,520 मकान लॉन्च हुए, जो पिछले साल लॉन्च हुए 4,45,770 मकानों से 7 फीसदी कम हैं। मकानों की बिक्री के मामले में एनसीआर की स्थिति भले खराब रही हो। लेकिन लॉन्चिंग के मामले में प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। एनसीआर में लॉन्चिंग में सबसे अधिक 44 फीसदी इजाफा हुआ और यहां 53,000 मकान लॉन्च हुए। बेंगलूरु में लॉन्चिंग 30 फीसदी बढ़कर 70,965 और चेन्नई में 4 फीसदी बढ़कर 20,0940 हो गई।

आवास क्षेत्र के सबसे बड़े मार्केट एमएमआर में मकानों की लॉन्चिंग 15 फीसदी घटकर 1,34,500 रह गई। हैदराबाद, कोलकाता और पुणे में भी पिछले साल से कम मकान लॉन्च हुए। इस बीच, मकानों की इन्वेंट्री में 8 फीसदी कमी आई है। इसकी वजह नये मकानों की आपूर्ति में कमी आना है। पुणे में सालाना आधार पर मकानों के बिना बिके स्टॉक में सबसे ज्यादा 20 फीसदी की गिरावट देखी गई। बेंगलुरु और चेन्नई ही ऐसे शहर थे जहां बिना बिके स्टॉक में वृद्धि हुई।

आपूर्ति में महंगे मकानों की सबसे अधिक हिस्सेदारी

मकानों की कुल नई आपूर्ति में 30 फीसदी हिस्सा लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी (1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के मकान) मकानों का रहा। इसके बाद 28 फीसदी हिस्सा 40 से 80 लाख रुपये और 26 फीसदी हिस्सा 80 लाख से 1.5 करोड़ रुपये कीमत वाले मकानों का रहा। सबसे कम हिस्सा 16 फीसदी किफायती मकानों का रहा।

# 2025 में देश विरोधी ताकतों से देश को बचाना, विकास गति तेज रखना चुनौती

## सामयिक

- प्रहलाद सबनानी

**आज** वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं।

भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं।

पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में शुभ-लाभ की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे शुद्ध लाभ की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से शून्य लाभ के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। एमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। इसी कारण से आज विश्व भर में फैले आतंकवाद से निपटने में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही सक्षम दिखाई देती है।

पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। इसीलिए भारत ने विश्व में दिलों को जीता है एवं कभी भी किसी देश पर आक्रमण करते हुए उनकी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अपना कब्जा नहीं जमाया है।

साथ ही, भारत में संयुक्त परिवार ही भारतीय नागरिकों के सुख का आधार है ह्व पश्चिमी देशों में तो आज संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं और इसके दुष्परिणाम के रूप में वहां पर सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा है। इन देशों में तलाक की दर बहुत अधिक है और इन देशों में नागरिक एक जीवन में 7 शादियां तक कर लेते हैं जबकि भारत में शादी को एक पवित्र बंधन मानते हुए पति-पत्नी के लिए विवाह नामक संस्था को 7 जन्मों का बंधन माना जाता है। एक से अधिक शादियां करने के चलते पश्चिमी देशों में बच्चों को अपने पिता के बारे में ही जानकारी नहीं रह पाती है। बुजुर्ग दम्पति अपने अंतिम समय पर बहुत पीड़ादायी जीवन जीने को मजबूर हैं। बच्चों में हिंसा की प्रवृति बढ़ रही है एवं छोटे-छोटे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उक्त प्रकार की कई सामाजिक बुराइयों ने इन देशों में अपना घर बना लिया है। ह्लभारत ने विश्व का दिल जीता हैह्व एवं ह्लभारतीय संयुक्त परिवार ही सुख का आधार हैह्व, ह्लसेवा कार्य भारतीय नागरिकों के डीएनए में हैह्व जैसे विमर्श आज हम भारतीयों को गढ़ने की जरूरत है।

## स्पीड न्यूज

### युवा राजद के सचिव बने ललन यादव



कुंजू। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने आराकांटा निवासी ललन यादव को युवा राजद का प्रदेश सचिव मनोनीत किया। उन्होंने ललन यादव को संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए दल के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने पर विश्वास जताया है। वही ललन यादव को प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि जो मुझे दायित्व दिया गया है। साथ ही कहा कि झारखंड में पार्टी के विस्तार के साथ कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान का ख्याल रखूंगा।

### फिजिक स्पोर्ट्स का पोस्टर लांच



**रजरप्पा।** रामगढ़ जिला स्तरीय फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 मारंगमरचा स्थित सोढ़ में 5 जनवरी को होने जा रहा है। इससे पहले आयोजकों की ओर से फौजी फिटनेस जिम सेंटर में पोस्टर लॉन्च किया गया। पोस्टर लॉन्च रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पाण्डेय ने किया. मौके पर ऑर्गनाईजर ज्वाला सिंह सहित बंटी दांगी, तारा सिंह, बादल दांगी, शुभम वर्मा, जस्टिस, बादल-2, जमील खान, मंयम प्रसाद, सुधांशु पाण्डेय आदि मौजूद थे।

### विरसा पीओ का भव्य स्वागत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एम्पलाई कोआर्डिनेशन काउंसिल ने सोमवार को सयाल परियोजना पदाधिकारी शंभू शरण और बिरसा परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार को फूल माला पहना व बुके देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर काउंसिल के सयाल परियोजना के सचिव सुधीर कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय प्रसाद, क्षेत्रीय सचिव कृष्ण सोरेन, दिनेश चन्द्र त्यागी, रैना मांझी, कमलेश सोरेन, दिनेश मुंडा, रविंद्र राम, करामदेव बाउरी, बलदेव कुमार, ईश्वरी महतो, राम अनुज पासवान, रामबचन राम आदि ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से परियोजना पदाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान काउंसिल के लोगों ने सीसीएल क्वार्टरों की मरम्मती, कैटिगरी वन मजदूरों का प्रमोशन, विस्थापितों सहित अन्य समस्याओं पर प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसका समाधान करने की बात कही। जिसपर प्रबंधन ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

### प्ले स्कूल में अभिभावक सम्मानित




**रामगढ़ ।** भरेचनगर सांडी स्थित मणिपाल सिडलिंग्स प्ले स्कूल में अभिभावक सम्मान समारोह हुआ। विद्यालय के द्वितीय सावधिक परीक्षा में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए छात्रों के अभिभावकों को पैरेंट्स एप्रिसिएशन अवॉर्ड के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा प्ले से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं के माता-पिता व अभिभावक हिस्सा लिए। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय निदेशक गया प्रसाद रॉय के स्वागत भाषण से हुई । इन्होंने कहा कि बच्चों की अच्छी रिजल्ट का श्रेय सिर्फ विद्यालय को नहीं जाता बल्कि अच्छे रिजल्ट के पीछे उनके अभिभावकों की भी अहम भूमिका होती है। वैसे माता पिता व अभिभावक सम्मान पाने के हकदार होते है । श्री रॉय ने छात्रों के माताओं को भी शुभकामनाएं और धन्यवाद देते हुए कहा कि चुंकि बच्चों की देख भाल में उनकी माता की अहम भूमिका होती है । ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का मनोबल तो दुगुना होता हीं है, साथ हीं स्पर्द्धा में बढ़ोतरी होती है । वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### जितेंद्र बने राजद के जिला उपाध्यक्ष



**कुजू।** कुम्हार टोला निवासी जितेंद्र यादव को राजद रामगढ़ जिलाध्यक्ष मो गुलजार ने जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही श्री यादव से संगठन के क्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक मजबूती प्रदान करने की बात कही है। वही जीतेंद्र यादव ने भरोसा जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ क्षेत्र में कार्य करेंगे और जिले के अंदर एक एक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम करेंगे। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने जितेंद्र यादव को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इधर प्रदेश महासचिव रमेश प्रसाद प्रदीप, युवा राजद प्रदेश सचिव ललन यादव, निर्मल यादव, पप्पू यादव समेत कई अन्य लोगों ने फूल माला पहनाकर बधाई दी।

### अग्रगति ने की महिलाओं के साथ बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत सुद्दी गांव में अग्रगति संस्था ने ग्रामीणों और किशोरियों के साथ बैठक की। बैठक में बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी की बढ़ती संख्या पर चिंताते हुए इसपर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कहा गया कि इस समस्या को खत्म करने के लिए अग्रगति संस्था लगातार प्रयास कर रही है। बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी में बच्चों को कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। मौके पर संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने कहा कि बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी बच्चों एवं देश के भविष्य का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल तस्करी में लोगों को प्रलोभन, बहला-फुसलाकर या पैसों का झांसा देकर शारीरिक शोषण से लेकर शरीर के अंगों तक का व्यापार किया जा रहा है। इस विषय पर विशेष पहल करने की आवश्यकता है। जिससे लोगों को उनके साथ होने वाली इस घटनाओं को समाप्त किया जा सके। मौके पर ग्रामीणों ने भी कहा कि इस मुद्दे पर हमसभी अग्रगति संस्था के साथ हैं।

# हजारीबाग को मॉडल जिला बनायेंगे : प्रदीप प्रसाद

## सदर विधायक ने विकास को लेकर डीसी के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिले के समग्र विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर मंगलवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपायुक्त नैंसी सहाय के साथ की बैठक। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्थिति, जनता की समस्याएं, और उनके निराकरण के संभावित उपायों पर गहन चर्चा की गई। सड़क, परिवहन और आधारभूत संरचना हेतु सदर विधायक ने जिले की सड़क व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण और नए संपर्क मार्ग बनाने के लिए तेजी से कार्य करने का आग्रह किया। उपायुक्त ने जानकारी दी कि सड़क परियोजनाओं के लिए निधि स्वीकृत हो चुकी है और कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। शिक्षा और स्वास्थ्य हेतु जिले के सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी और छात्रों की समस्याओं पर चर्चा हुई। सदर विधायक ने सरकारी



अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। पेयजल समस्या हेतु ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट के समाधान के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की गई। विधायक ने जल जीवन मिशन और अन्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की। स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहन देने पर जोर दिया गया। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियानों को गति देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि जिले के विकास से जुड़े हर मुद्दे को गंभीरता से लिया जाएगा और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य करेगा। उन्होंने विधायक को आश्वस्त किया कि जनता की भलाई के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करेंगे। बैठक के बाद विधायक ने मीडिया को बताया कि बैठक बेहद सकारात्मक और परिणामोन्मुख रही। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने कहा कि हजारीबाग के विकास के लिए मैं हर स्तर पर प्रयासरत हूं और जनता के सहयोग से हम इसे एक मॉडल जिला बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उपायुक्त से जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया। उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का यह समन्वय जिले के विकास को नई गति देगा।

# ट्रक से 1926 किलो डोडा और सोयाबीन बरामद

## दो तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस ने पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक से अवैध सुखा डोडा एवं सोयाबीन का मिश्रण बोरा सहित 1926 किलो बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 30 दिसंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक संख्या-पीबी 23टी-1707 में अवैध डोडा लोड है जो मांडू थाना क्षेत्र स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप हेसागढ़ा के परिसर में खड़ा है। एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक फौजान अहमद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया था। बताया कि गठित टीम द्वारा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप हेसागढ़ा पहुंच कर छापामारी अभियान चलाया गया । जिसमें पेट्रोल पंप परिसर में ट्रक संख्या-पीबी 23टी-1707 खड़ा पाया गया। ट्रक के पास जाने पर ट्रक का डाला तिरपाल से ढका हुआ एवं ट्रक के केबिन में कोई भी व्यक्ति नहीं पाया गया। पेट्रोल पंप के कर्मियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि समय करीब 7:30 बजे उक्त ट्रक को पेट्रोल पंप पर खड़ा कर ड्राइवर कहीं चला गया है। जिसकी जानकारी इन्हें नहीं है। ट्रक की जांच करने पर ट्रक के डाला में सफेद रंग के कुछ प्लास्टिक के बोरा में मुढ़ी एवं कुछ प्लास्टिक के बोरा में डोडा



और सोयाबीन बरी मिक्स कर भरा हुआ पाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ट्रक के केबिन के बॉक्स से वाहन से संबंधित कागजात, चालक अनुज्ञपित की छाया प्रति, एक बिना सीम कार्ड का कीपैड मोबाईल एवं अन्य कागजात पाया। डोडा का अवैध परिवहन एवं व्यपार करने के आरोप में ट्रक, ट्रक से बरामद डोडा, मुढ़ी, कागजात एवं अन्य सामग्री को विधिवत जब्त करते हुए ट्रक मालिक सविता पॉल सन/वाइफ/डॉक्टर ऑफ जसवंत पाल , सरदारपुरा कॉलोनी ललरू मंडी, ललरू, सस नग (मोहाली), साहिबजादा अजत सिंह नगर पीबी-140501, चालक चालक जसंत पाल स/ ऑफ करनैल सिंह, पताः वीपीओ ललरू द डेराबसी डिस्ट्रिक्ट. एस ए एस नगर एवं शामिल



अन्य अज्ञात लोगों के विरूद्ध मांडू थाना में एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी में पुनि मांडू अंचल सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, डीसीबी प्रभारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय दिगंबर पांडेय, सअनि दिलीप पासवान एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बरही : कायस्थ महासभा उपसमिति का हुआ विस्तार

**बरही।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बरही उपसमिति का विस्तार अध्यक्ष अशोक बक्शी की अध्यक्षता में हुआ।विस्तार जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा की देखरेख और सहमति से संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों में अध्यक्ष अशोक बक्शी ग्राम बरसोत, कार्यकारी अध्यक्ष पुर्णेन्दु शेखर न्यू कॉलनी बरही, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत प्रकाश कतरियार बरही बाजार, उपाध्यक्ष संजय सिन्हा गौरिया करमा, अनुप प्रधान ग्राम बरसोत, महामंत्री संजय सिन्हा न्यू कॉलनी बरही, संगठन मंत्री दीपक शरण डीएवी बरही, कोषाध्यक्ष निखिल कुमार न्यू कॉलनी बरही, संयुक्त कोषाध्यक्ष अमर प्रधान ग्राम बरसोत, संयुक्त महामंत्री प्रवीण बक्शी ग्राम बरसोत, कार्यकारिणी सदस्य महेश श्रीवास्तव गया रोड बरही, गोपाल घोष न्यू कॉलनी बरही, रविन्द्र सिन्हा पटना रोड बरही, अरूण कुमार बक्शी ग्राम बरसोत, नगीन सिन्हा ग्राम गौरिया करमा, कुणाल कतरियार बरही बाजार युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, विनय सिन्हा साधनापूरी समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष, जयदीप सिन्हा कोनरा मीडिया प्रभारी मनोनीत किए गए। बक्शी ने कहा कि विस्तार से संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि कायस्थ समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## राजकेशरी और कौशल कंस्ट्रक्शन के खिलाफ कर्मियों का फूटा गुस्सा, कहा

# आठ महीने से नहीं मिला है वेतन

**हजारीबाग।** हजारीबाग एनएचएआई कार्यालय के समक्ष जीटी रोड निर्माण कार्य में महीनों से लंबित वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर निर्माण कंपनी में काम करने वाले कर्मी ने पहुंच कर मंगलवार को अधिकारियों के समक्ष पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई। कर्मियों ने कहा कि राजकेशरी और कौशल कंस्ट्रक्शन कंपनियों ने उनसे काम करवाकर आठ माह से वेतन का भुगतान नहीं किया है जिसके कारण भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। कर्मियों ने कहा कि जब भी वेतन की मांग की जाती है ये दोनों कंपनी आश्वासन का घुट्टी पिलाकर कंबल ओढ़कर सो जाती है। काम के नाम पर शोषण मिलता है वेतन नहीं। कहा कि कई बार इसकी शिकायत पहले भी की गयी है लेकिन प्रशासनिक स्तर पर भी किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई। हमलोग के लिए ना उगलते



बन रहा है ना निगलते। स्थानीय श्रम विभाग ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है, ताकि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। इस स्थिति के चलते, राजकेशरी और कौशल कंस्ट्रक्शन की साख पर असर पड़ा है, और उन्हें अपने कर्मचारियों की शिकायतों का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

### महिला को गुजारा भत्ता नहीं देने पर कुर्की

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी क्षेत्र के पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी में मंगलवार को भुरकुंडा पुलिस ने अविनाश कुमार राम के आवास पर कुर्की जब्ती किया। बताया गया की न्यायधीश कुटुम्ब न्यायलय कोडरमा के आदेश पर कुर्की जब्ती की कारवाई की गई। विगत कई वर्षो से उषा देवी और उनके पति अविनाश कुमार राम, पिता स्व. भुनेश्वर राम के साथ विवाह के बाद से कुटुम्ब कोर्ट में विवाद चल रहा था। जिसमें न्यायलय द्वारा उषा देवी को प्रति माह गुजारा भत्ता के लिए 6000 हजार रुपये देने का फैसला सुनाया गया था । जिसपर अविनाश कुमार राम ने अपनी सहमति दी थी । लेकिन पिछले सात महिनों से अविनाश राम के द्वारा उषा देवी को गुजारा भत्ता नहीं दी जा रही है। उषा देवी के शिकायत पर कुटुम्ब न्यायलय कोडरमा ने कुर्की जब्ती का आदेश दे समान बेचकर उषा देवी को सात महीने का कुल 42 हजार रुपये भुगतान करने का आदेश दिया है। कार्रवाई करने पहुंचे एसआई डीपी मेहता, केके मेहता, प्रवीण कुमार ने घर के समान की कुर्की कर भुरकुंडा ओपी ले गई। एसआई डीपी मेहता ने कहा कि निर्धारित समय के अंदर उषा देवी को 42000 हजार रुपये का भुगतान कर दिया जाता है तो समान वापस कर दी जाएगी ।

# सौंदा बस्ती में खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

▸▸ शारीरिक-मानसिक विकास के साथ अनुशासन की भी सीख देता है खेलकूद : विधायक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती पारटांड़ फुटबॉल मैदान में चल रहे तीन दिवसीय रामगढ़ जिला खो-खो प्रतियोगिता सोमवार को सपन्न हो गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक रोशनलाल चौधरी और समाजसेवी गजानंद प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के अंडर 18 बालक ग्रुप में रामगढ़ ने चितरपुर, अंडर 14 में गोला ने रामगढ़, बालिका अंडर 18 में रामगढ़ ने मांडू, अंडर 14 में चितरपुर ने रामगढ़ को फाइनल में हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। विजेता-उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और उपहार देकर




सम्मानित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हम सबों को अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है सिर्फ तलाशने में और तराशने की जरूरत है। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग करता आया हूं और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म देने का आश्वासन देते हुए कहा कि पढ़ाई की तरह खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन कर करियर बनाया जा सकता है। गजानंद प्रसाद ने कहा कि हार और जीत खेल का पहलू है। हारने वाला टीम ही एक न एक दिन जीत का असली स्वाद चखता है। उन्होंने कहा कि हारने वाली टीम को मायूस होने की जगह अपनी गलतियों को सुधारकर आगे बढ़ाना चाहिए। श्री प्रसाद ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभागियों में नयी ऊर्जा का संचार तो होता ही है, इससे खिलाड़ियों की छुपी प्रतिभा भी निखरकर समाने आती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में रेफरी अभय मुडा, कवि मुंडा, अजीत कुमार, आमिर सोहेल, रजत, सुजय कुमार, अजीत मुंडा, ज्योति विश्वकर्मा, भारती बेदिया, आनंद तिग्गा, आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव प्रकाश ओझा, कोषाध्यक्ष संजय कालिंदी, कवि मुंडा, अजीत कुमार, रजत मुंडा, नवीन कुमार, अभय मुंडा, कृष्णा मुंडा, पवन मुंडा, पोलिस बिहन, रघुनाथ मुंडा, अमर बाउरी, अजीत प्रसाद महतो, कृष्णा महतो, आनंद तिग्गा का विशेष योगदान रहा। मौके पर पार्षद राजाराम प्रजापति, प्रभात कुमार, मो कमरूद्दीन, अमित कुमार व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### शहीद रघुबीर मेहता को दी गयी श्रद्धांजलि



**इचाक।** भारत पाक सीमा पर देश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले इचाक के कुरहा गांव के शहीद जवान रघुवीर प्रसाद मेहता के बोधिबागी स्थित आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। 31 दिसंबर 2001 को रघुबीर प्रसाद मेहता भारत पाक सीमा के राजौरी मेंडर सेक्टर में शहीद हो गए थे। जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा देश की सीमा पर तैनात जवानों के बदौलत हम सभी भारत वासी चैन की नींद सोते हैं। वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि शहीदों की कुबार्नी कभी बेकार नहीं जाती बल्कि शहीद देश में सदैव याद किए जाएंगे। इसके बाद इचाक के बीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले इचाक के करीब 50 क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी के नाम गत वर्ष की भांति 26 जनवरी से बोधी बागी मैदान में 15 दिवसीय शहीद मेला के आयोजन पर विचार विमर्श करते हुए मेला को सफल बनाने पर रणनीति बनाया गया।माल्यार्पण करने वालों में जदयू नेता अर्जुन कुमार मेहता, भाजपा नेता मुनेंद्र प्रसाद मेहता,सेवानिवृत शिक्षक कुमार केशव उर्फ रामकेश्वर मेहता, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, ओमप्रकाश मेहता, लखन कुमार मेहता, बसंत प्रसाद मेहता,राजेंद्र यादव, टिंकू कुमार,अर्जुन मेहता, मनोज कुमार, अविनाश कुमार, लोकनाथ मेहता, माना मेहता, शहीद की पत्नी शांति देवी,न समेत कई लोगों ने शहीदों के सम्मान में अपनी विचार व्यक्त किया।

### मनरेगा को लेकर डीडीसी से मिले मुखिया

**टाटीझरिया ।** झरपो पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी के पहल पर मनरेगा योजना में पथ निर्माण मिट्टी मोरम कार्य क्षेत्र में आरंभ करने निर्देश हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों को डीडीसी द्वारा दी गई। बता दें कि स्थानीय मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष श्री सोनी ने हजारीबाग डीडीसी से क्षेत्र में जहां तहां ग्रामीण रास्ते में गढ्ढे होने की लिखित आवेदन शिकायत के माध्यम से दिया था। डीडीसी से आवेदन पर संज्ञान लेकर जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पूर्व में निर्माणधीन मिट्टी मोरम पथ निर्माण कार्य को लेकर आदेश दिया । वहीं डीडीसी से ने साफ एवं स्पष्ट शब्दों में कहा कि मिट्टी मोरम पथ निर्माण के दौरान कोई भी जमीन विवादित नहीं होनी चाहिए। जांच कर सरकारी नियमावली को पालन करते हुए पथ निर्माण कार्य होनी चाहिए ।

### एनटीपीसी कोल खनन ने बांटा हेलमेट



बड़कागांव। कोयला खनन परियोजनाएँ, हजारीबाग ने अपने सामाजिक विकास दायित्वों के तहत आज बड़कागाँव चौक एवं 14 माईल मोड पर बड़कागाँव पुलिस के सहयोग से सड़क पर बिना हेलमेट लगाए चल रहे बाइकरों को हेलमेट वितरित किया। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दोपहिया चलाने वालों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना था। हेलमेट्स वितरण पवन कुमार एसडीपीओ बड़कागाँव एवं अरुण कुमार सक्सेना, जनरल मैनेजर, बादाम उटढ ने अपने हाथों से किया। वितरण के दौरान दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों ने बाइक चालकों को समझाया कि हेलमेट पहनना आपकी सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। वितरण के दौरान पुलिस और कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स हजारीबाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और उन सबने भी बिना हेलमेट लगाए गाड़ी चला रहे लोगों को को सुरक्षा के प्रति सचेत किया।

### बड़कागांव सीओ ने किया कंबल का वितरण



बड़कागांव। कड़ाके के ठंड को देखते हुए बड़कागांव सीओ मनोज कुमार के नेतृत्व में कांडतरी पंचायत महुदी गांव स्थित सतबहिया बिरहोर कॉलोनी में 75 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि पछुआ हवा के कारण जोरो से शीतलहरी चल रही है। इस शीतलहरी से लोगों को बचने की आवश्यकता है।अतिआवश्यक कार्य पर ही घर से बाहर निकलनी चाहिए। अंचलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि प्रखंड में जहां-जहां भी बिरहोर परिवार है सभी को कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार ने बिरहोर परिवार के लिए एक मुहिम के तहत कंबल वितरण कार्यक्रम चला रखी है। मौके पर उपप्रमुख वचनदेव कुमार,पसस रंजीत चौबे,अंचल निरीक्षक नवल किशोर,राजस्व कर्मचारी जितेंद्र दास, मनीष पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक

बड़कागांव ।अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन प्रखंड सचिव शंकर भुईयां ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां उपस्थित हुए ।सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूमधाम से वनभोज भुईयां मिलन समारोह किया जाएगा और माता शबरी जयंती भी धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर बनेश्वर भुईयां,संतोष कुमार राम,दुखन भुईयां गिरजा भुईयां,खेमलाल भुईयां,फूलचंद भुईयां राम ब्रिज राम,अशोक राम,छोटू भुईयां,दीपक कुमार,राजेश कुमार, ललकु भुईयां ,जितेंद्र रेक्यशान आदि उपस्थित थे।

### शिवपुरी कृष्णा नगर से मोटरसाइकिल चोरी

कटकमसांडी। पेलावल ओपी क्षेत्र अंतर्गत उतरी शिवपुरी कृष्णा नगर गली 17 निवासी सिकंदर कुमार साव पिता मोती साव ने अपने हीरो मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के सम्बंध में पेलावल ओपी को एक लिखित आवेदन दिया है। भुक्तभोगी ने कहा कि मोटरसाइकिल घर के आंगन में लगा कर सो गया था सुबह जब उठा तो देखा कि मोटरसाइकिल नही है मैने काफी खोजबिन की, लेकिन नहीं मिला।

### केवाल : भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

बरही। करसो पंचायत स्थित केवाल गांव के पास झाड़ियों में बन रहे अवैध अंग्रेजी शराब स्थल पर बरही पुलिस ने छापेमारी की। जिसमें भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब, शराब पैक करने वाली खाली बोतले, स्टीकर, ढक्कन एवं स्प्रीट बरामद हुआ। बरही पुलिस निरीक्षक आभास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। बरामद किया गया, जांच चल रहा है, पूरी जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

### इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार का स्वागत



**बरही।** बरही पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम और युवा समाजसेवी कौशिक पासवान ने नवनियुक्त सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर टिंकू आलम और कौशिक पासवान ने चंद्रशेखर कुमार को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में बेहतर पुलिस प्रशासन की उम्मीद जताई। सर्किल इंस्पेक्टर ने भी क्षेत्र की सुरक्षा और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

स्पीड न्यूज

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बच्चा घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो-बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित उप स्वास्थ केंद्र के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बरियारडीह निवासी प्रमोद यादव के पांच वर्षीय पुत्र बीटू यादव बुरी तरह से घायलय हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बालक अपनी दादी के साथ सड़क किनारे आया था, इसी दौरान मरकच्चो से बरियारडीह की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से बच्चे को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### डोमचांच पावर सब स्टेशन से सोलह लाख का तांबा हुई चोरी

**डोमचांच (कोडरमा)।** पावर सब स्टेशन डोमचांच में बीती रात अज्ञात चोरों ने पावर सब स्टेशन में रखे पुराने दो पावर ट्रासंफार्मर से लाखों रुपये का तांबा चुरा लिया। चोरों ने ट्रासंफार्मर को काटने के लिए गैस कटर और ऑक्सीजन गैस टंकी का प्रयोग किया। चोरों ने आराम से चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं सब स्टेशन में कार्यरत कर्मी रामकिशोर यादव ने बताया कि कुछ आवाज आया, जिसपर हम अपने सहयोगी कर्मचारी को बताएं एवं चोरी की सूचना डोमचांच थाना को दिया। वहीं घटना की जानकारी पाते ही थाना प्रभारी प्रेम कुमार अपने दल-बल के साथ पावर सब स्टेशन पहुंचकर मामले की जानकारी लिया और घटना स्थल से पुलिस ने एक मोबाइल, एक ऑक्सीजन गैस कटर सेट, एक ऑक्सीजन सिलिंडर, एक हैंड ग्लब्स, एक ग्लास व एक पेचकस बरामद किया है। चोरी की घटना को लेकर कंनीय विद्युत अभियंता हरि कृष्णा केसरवानी ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि सोलह लाख रुपये का तांबा की चोरी हुई है।

### वाणी कम्प्यूटर सेंटर में केक काट कर नए वर्ष का किया गया स्वागत

**कोडरमा।** वाणी कम्प्यूटर सेंटर के कोडरमा और झुमरीतिलैया शाखा में सेंटर के निदेशक सतीश कुमार यादव के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने केक काट कर पुराने साल की विदाई और नए वर्ष का स्वागत किया। श्री यादव ने संस्थान के शिक्षकों व छात्रों को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए वर्ष में आप सभी छात्र छात्राएं कड़ी मेहनत कर सफलता अर्जित करें। मौके पर विजय झा, वीरेंद्र कराटे, नितेश कुमार, मीना कुमारी, प्रिया कुमारी, वैष्णवी कुमारी, सुनैना कुमारी, सीमा कुमारी, सोम्यक राज, पायल कुमारी, चांदनी कुमारी आदि मौजूद थे।

### घायल नीलगाय को इलाज के लिए वन विभाग ले गई अस्पताल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा वन विभाग की मरकच्चो व बरियारडीह की टीम ने मंगलवार को मरकच्चो के दरदाही सोनेडीह डेब्बा मार्ग पर डैनीबाद जंगल के समीप एक गड्ढे से गंभीर रूप से घायल एक नीलगाय को ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर अस्पताल ले जाया गया। वहीं ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सोमवार की रात कोई अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नीलगाय बुरी तरह घायल होकर एक गड्ढे में गिर गई। इसके बाद मंगलवार सुबह ग्रामीणों के द्वारा देखा गया तो इसकी सूचना मरकच्चो थाना व वन विभाग को दी गई।

### अनियंत्रित टोटो पलटा बाल-बाल बचा चालक

**हंटरगंज।** चतरा-डोभी मुख्य मार्ग एनएच 22 स्थित हंटरगंज पानी टंकी के पास मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक टोटो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में यूरिया (रासायनिक खाद) लदी हुई थी, और गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खाद लदा टोटो वाहन गोदोबार से हंटरगंज की ओर जा रहा था। इसी दौरान पानी टंकी के समीप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कच्चे रास्ते होते हुए खेत में पलट गया। इस हादसे के दौरान टोटो पर लदी खाद की बोरियां खेत में फैल गईं। चालक ने हादसे के बाद कोई समय गंवाए बिना बोरियों को पुनः टोटो पर लाद लिया और दूसरा पहिया लगाकर वाहन को गंतव्य की ओर रवाना किया।

# मनचलों और पियक्कड़ों पर नकेल कसने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

## जिले के सभी पिकनिक स्पॉट्स पुलिस के निगरानी में रहेगी, तिलैया डैम में ड्रोन कैमरे लगाए जाएंगे : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** वर्ष 2024 की विदाई और नए वर्ष 2025 के आगाज को शानदार तरीके से स्वागत करने को लेकर आज जिले के विभिन्न पिकनिक स्थलों पर सेनानियों और पिकनिक प्रेमियों का सैलाब उमड़ेगा। नए साल के जश्न में कोई खलल न हो, इसके लिए, जिला और पुलिस प्रशासन ने हुड़दंगियों, मनचलों, पियक्कड़ों तथा असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए कमर कस लिया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने एक निर्देश जारी कर जिले के सभी प्रमुख पिकनिक स्थलों विशेष निगरानी रखने, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने तथा तिलैया डैम, वृन्दाहा फॉल, पेट्रो जलप्रपात, पंचखेरो जलाशय, जवाहर घाट समेत अन्य जलाशयों पर गोताखोरों को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया है। वहीं एसपी श्री सिंह ने बताया कि जिले के प्रमुख पिकनिक स्थलों में 19 जगहों का चिन्हित किया गया है, इन पिकनिक स्थलों पर थाना स्तर से सुरक्षा व्यवस्था के अलावे अलग से 80 पुलिस बल को लगाया गया है, वहीं दो क्यूआरटी टीम प्रमुख पिकनिक स्थलों पर भ्रमण करते रहेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि तिलैया डैम में एक जनवरी को उमड़ने वाले भीड़ को देखते हुए वहां ड्रोन कैमरे से भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी को सभी थाना प्रभारियों के द्वारा ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले, ट्रिपल लोड, तेज गति से वाहन चलाने वाले आदि के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि पिकनिक मनाने आये परिवारों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए पिकनिक स्थलों पर सहायता केंद्र भी बनाया गया है। इसके अलावे जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी धाम, फुलवरिया और डुमरियाटांड़ जंगल मे भी पुलिस की गश्ती निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की पैनी नजर शराबियों, हुड़दंगियों, मनचलों और असामाजिक तत्वों पर विशेष रूप से रहेगी, गड़बड़ी करने वालों से पुलिस सख्ती से निटपने का कार्य करेगी।

### एसडीओ ने पिकनिक स्थलों का किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



इधर उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ रिया सिंह मंगलवार को तिलैया डैम स्थित विभिन्न पिकनिक स्थलों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ से पुलिस पदाधिकारियों को जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने, अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर चंदवारा सीओ अशोक भारती आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम हो रही अवहेलना, मयूरहण्ड में बालू तस्करी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** राज्य सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आदेशों की खुलेआम अवहेलना मयूरहण्ड प्रखण्ड में हो रही है। यहाँ के बीडीओ और प्रभारी सीओ की उदासीनता के कारण बालू का अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है। यह स्थिति तब बनी है जब पुलिस प्रशासन भी इस अवैध तस्करी को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है।सूत्रों के अनुसार, सीओ ने सोकी पंचायत भवन के नीचे नदी किनारे अवैध बालू भंडारण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि यह पूरी तरह से मुख्यमंत्री के आदेशों का उल्लंघन है। यह सवाल उठता है कि क्या सीओ अपने कार्यों में लापरवाही बरत रहे हैं, या फिर उनका इरादा कुछ और था। जानकारी मिली है कि वे अक्सर अपने अनुसेवक के साथ इस क्षेत्र में जाते थे, ताकि बालू तस्करों के साथ साठ-गांठ कर अवैध बालू लदी गाड़ियों को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया जाए।

कुछ दिन पहले अवैध बालू उठाव को लेकर मयूरहण्ड थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या हो गई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय प्रशासन अप्रत्यक्ष रूप से इस अवैध व्यापार को संरक्षण दे रहा है। सीओ की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि अनुसेवक के भरोसे जांच में जाना बड़ी लापरवाही प्रतीत होती है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि बालू तस्करों का मनोबल अब सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। अगर समय रहते जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है। फिलहाल, अवैध बालू का कारोबार सोकी पंचायत भवन के नीचे और आसपास के अन्य इलाकों में जारी है। मयूरहण्ड में बालू माफिया की यह अवैध गतिविधियाँ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, और अवैध बालू लदी गाड़ियाँ ऊंचे दामों पर बाजारों में बिक रही हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता से यह समस्या और भी गंभीर होती जा रही है।

## एक नजर में

### ग्रिजली विद्यालय में क्रॉस कंट्री रेस 5 जनवरी को



**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में 5 जनवरी को क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया जायेगा। वहीं सर रतन टाटा को समर्पित इस दौड़ में ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम, ग्रिजली पब्लिक स्कूल तिलैया, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्र एवं अभिभावक भाग लेंगे। वहीं जूनियर वर्ग में 3 किलोमीटर एवं सीनियर वर्ग में 7 किलोमीटर का दौड़ का लक्ष्य रखा गया है। दौड़ का प्रारम्भ प्रातः 6 बजे विद्यालय खेल परिसर से प्रारम्भ होगा। इसके लिए छात्रों एवं अभिभावकों में काफी उत्साह है। सभी ने अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस दौड़ का उद्देश्य लोगों को ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने एवं समाज की सेवा के लिए प्रेरित करना है, ताकि लोग पदम विभूषण रतन टाटा जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर सकें। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी, ग्रिजली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या नीरजा कुमारी एवं ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि दौड़ में विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा।

### खेल के क्षेत्र में चमकी चतरा की बेटी, मन्नत ने बढ़ाया गौरव



**चतरा।** खेल के क्षेत्र में चतरा के लिए साल 2024 खास रहा। जिले की मन्नत ने राज्यस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में चार मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। मन्नत ओडियम सफायर ग्लोबल स्कूल में 10वीं कक्षा की छात्रा हैं और चतरा जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी की बेटी हैं। मन्नत ने झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन की शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मेडल अपने नाम किए। उनकी इस कामयाबी से जिले के लोगों को उन पर गर्व है और भविष्य में उनसे और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद है।मन्नत के परिवार और कोच ने उनकी इस सफलता पर खुशी जाहिर की। कोच ने कहा कि मन्नत में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने की पूरी क्षमता है। उनकी मेहनत और लगन दूसरे युवाओं के लिए भी प्रेरणा है। मन्नत की यह उपलब्धि चतरा के खेल इतिहास में एक खास पहचान बन गई है।

### भद्रकाली महाविद्यालय में छात्राओं को सम्मानित किया गया



**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, हरिद्वार में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा राखी कुमारी और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा जूली कुमारी (दोनों सेमेस्टर 2) को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, और नकद राशि क्रमशः 1000 और 500 रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में धुना गायत्री प्रज्ञा पीठ के आचार्य पंडित श्यामानंद शर्मा और विख्यात योगगुरु संन्यासी शंकर चंद्रवंशी उपस्थित थे। प्राचार्य और अतिथियों ने दोनों छात्राओं को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस इकाई 1 और 2 के तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदांती कुमारी ने किया जपुआ में छत ढलाई कार्य का निरीक्षण

**गिद्धौर।** मंगलवार को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदांती कुमारी ने गिद्धौर प्रखंड के जपुआ गांव में चल रहे छत ढलाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां कार्य कर रहे मजदूरों को बेहतर गुणवत्ता के साथ छत ढलाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर वेदांती कुमारी ने बताया कि जपुआ गांव में बिरहोर परिवारों के लिए जनमन योजना के तहत सात आवास मुहैया कराए गए थे, जिनमें से चार आवासों का छत ढलाई कार्य वर्तमान में चल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बिरहोर परिवारों से संबंधित जानकारी भी जुटाई। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने 35 बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल का वितरण भी किया, जिससे उन्हें सर्दी में राहत मिल सके।

### सरस्वती पूजा की तैयारी शुरू

**हंटरगंज।** 2 फरवरी को मनाए जाने वाले बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रखंड क्षेत्र के हंटरगंज पानी टंकी के पास कुम्हार समुदाय के लोग लगभग एक महीने पूर्व से ही सरस्वती प्रतिमा के निर्माण में जुट गए हैं। ग्रामीण इलाकों में भी कई स्थानों पर प्रतिमा निर्माण कार्य चल रहा है, जहां कुम्हारों द्वारा मूर्तियों का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। यह पूजा अर्चना न केवल शैक्षणिक संस्थानों, बल्कि अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी धूमधाम से की जाती है। विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा से विद्यार्थियों में विशेष श्रद्धा होती है, और यह पूजा विद्या प्राप्ति के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर मानी जाती है।

# मोटरसाइकिल से गिरकर एक की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत देवीपुर पंचायत के ग्राम कर्मागढ़ा में शराब की नशे में एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल से गढ़े में गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय केदार सिंह पिता झूपरु सिंह के रूप में की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक केदार सिंह अपनी बाइक से रात लगभग 9-10 बजे घर की ओर जा रहा होगा, जो कर्मागढ़ा में ही आम बागवानी के बांस के घेराबंदी से टकराकर सड़क किनारे गढ़े में मुंह भार गिरा, ठंड में रात भर बाहर रह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं मंगलवार की सुबह टहलते ग्रामीणों ने देखा तो इसकी जानकारी परिजनों को एवं पुलिस को दिया।

वहीं इसकी सूचना पाते ही नवलशाही थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बतादें कि मृतक दिहाड़ी मजदूर था। वहीं लोगों ने अत्यधिक शराब पीने की वजह से मृत्यु होने की बात कह रहे हैं। वहीं पुलिस ने बताया की पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में शिक्षा विभागीय - जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री पोषण योजना (मध्याहन भोजन), विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, बच्चों का स्वास्थ्य जांच, प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की समीक्षा, चावल वितरण, विद्यालय द्वारा अपडेट एसएमएस समेत अन्य की क्रमवार समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने बताया कि जिले के 1514 विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण योजना उपलब्ध कराया जाता है। वर्ग एक से आठ में कुल नामांकन बच्चों की संख्या 172420 है। जिसकी औसत उपस्थिति दिसंबर माह में 126925 कुल 74%था। जिसपर उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने अप्रसन्नता व्यक्त किया। दो त्रिमास में 1514 विद्यालयों में 533 विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच किया गया है। उपायुक्त ने शेष विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच ना होने के कारण की जानकारी सिविल सर्जन चतरा से लेते हुए कहा शत प्रतिशत विद्यालयों में रोस्टर अनुसार स्वास्थ्य जांच कैंप लगाएं। प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की नियमित बैठक नहीं होने के कारण गिद्धौर, पत्थलगड्डा, लावालौंग, कान्हाचट्टी के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री पोषण योजना से संबंधित सभी विद्यालयों को शत प्रतिशत एसएमएस करने का निर्देश दिया गया। एसएमएस नहीं करने वाले व लापरवाही बरतने वाले प्रधानाध्यापकों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री पोषण योजना (मध्यान भोजन) के तहत बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिले साथ ही साफ सफाई का भी विशेष ख्याल रखा जाय। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए भी जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण/ पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन चतरा दिनेश प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत,जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# 2024 कोडरमा पुलिस के लिए उपलब्धियों वाला साल रहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि जनवरी से लेकर अबतक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1299 मामले दर्ज हुए। दर्ज मामलों के विरुद्ध अबतक 693 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पशु तस्करी के मामले में 29 कांड अलग-अलग थानों में दर्ज हुए। इसके विरुद्ध 93 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 35 वाहन जब्त हुए, 667 पशुओं को मुक्त कराया गया। वहीं अवैध शराब के खिलाफ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाये गये अभियान के दौरान 75 मामले दर्ज किया गया, साथ ही 222 लोगों को गिरफ्तार किया गया, अभियान के दौरान 7972.93 लीटर अंग्रेजी व 12,463 लीटर देसी महुआ शराब जब्त किया गया। वहीं एसपी ने बताया कि साइबर मामले में भी पुलिस को इस वर्ष अपेक्षित सफलता मिली। जनवरी से लेकर अब तक 10 मामले दर्ज किया गया, जिसमें 33 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। वहीं एनडीपीएस, ड्रग्स मामले में कुल आठ मामले दर्ज किये गये, जिसमें आठ आरोपियों की गिरफ्तारी, एक करोड़, आठ लाख, 28 हजार 470 रुपये नकद, 18.154 किलो ग्राम गांजा व 58 ग्राम अफीम जब्त किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि पुलिस की सक्रियता के कारण वर्ष 2024 में एटीएम से संबंधित कोई घटना घटित नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि पुलिस की तत्परता के कारण जिले में लोकसभा और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस को सफलता मिली। वहीं प्रमुख घटनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि बागीटांड़ में 22 जून को शांति मोटल में होटल मैनेजर सहित दो लोगों की अपराधियों ने गोलीमार कर हत्या कर दी थी, उक्त मामले का खुलासा करते हुए हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि अन्य मामलों में भी पुलिस को शत प्रतिशत मिली है।

### एएसआइ में प्रोन्नति को लेकर भेजा प्रस्ताव

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले 39 साक्षर आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति को लेकर विभाग को प्रस्ताव भेजा गया, इसके अलावे सामान्य हवलदार से प्रअनि. कोटि में प्रोन्नति के लिए आठ हवलदार का मनोनयन व दो एएसआई को पुलिस अवर निरीक्षक पद पर तथा पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति के लिए प्रस्ताव विभाग को भेजा गया। इसके अलावे अब तक 34 योग्य आरक्षी की सेवा संपुष्टि की गयी है।

## स्पीड न्यूज

### ब्लॉक व थाना गेट से मुर्गा गोदाम व दुकान हटाने की जेएमएम ने की मांग

**बरवाडीह।** जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने ब्लॉक व थाना गेट पर मुर्गा गौदाम और कटिंग दुकान खुलने का विरोध किया हैं। उन्होंने अंचल अधिकारी और थाना में आवेदन देकर ब्लॉक गेट के समीप संचालित मुर्गा दुकान को हटाने की मांग की है। दिए गए आवेदन में अफजल अंसारी ने बताया है कि ब्लॉक गेट के पास तीन मुहान है जो पूरे दिन काफी व्यस्त रहता है। उक्त स्थान पर मुर्गा का दुकान खुलने से दुर्घटना होने की सम्भावना है। उन्होंने संचालक पर इंफेक्शन फैलाने का आरोप भी लगाया है। अफजल अंसारी का कहना है कि छत्तीसगढ़, बिहार और यूपी से मुर्गा मंगवाकर यहां कटिंग कर बेचने और इन्फेक्शन फैलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने तत्काल उक्त स्थल से मुर्गा दुकान हटाने की मांग की है।

### बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**सरयू।** सरयू टीओपी क्षेत्र के लाई गांव के समीप सोमवार कि रात्रि में बाइक सवार दो युवक ने गीर कर गम्भीर रूप घायल अवस्था में पड़ा था। वही घटना के सुचना मिलते ही सरयू के स्थानीय पत्रकार मो इमरान, चोरहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी, बाबू खां, बब्लू आलम, अनवर खलीफा ने घटना अस्थल पर पहुंच कर घायल दोनों युवक को सरयू अस्पताल पहुंचाया जहां एएनएम प्रीति सिंह, रीना देवी, के देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। वही प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लातेहार रेफर किया गया। बताया जाता है कि दोनों युवक कटीया गांव निवासी अमित उरांव उम्र 28, पिता सूमरन उरांव, लीटू उरांव उम्र 29, पिता जतरू उरांव के रूप में पहचान किया गया है। दोनों युवक डबरी गांव से आपने घर कटीया जाने के दौरान लाई गांव के समीप पल्सर बाइक संख्या (J HO. 1EK. 1439) से गीर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### पुर्वे वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**सरयू।** लातेहार जिले के गारू प्रखंड के बारेसांड़ खेल मैदान में आयोजित खेलकूद एवं संस्कृति कार्यक्रम को शुभारंभ करने पहुंचे पूर्व वित्त मंत्री एवं लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, वही वापस लौट के दौरान डॉ रामेश्वर उरांव को सरयू में कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं सरयू चौक में स्थित नीलांबर पीताम्बर के प्रतिमा पर कैंडल जलाकर रामेश्वर उरांव एवं कार्यकताओं ने नमन किया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी,कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष असगर हुसैन, बीस सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव,शौकत अली, मो कलाम, साबिर अंसारी, रवि भगत, अनुबम प्रसाद, मो रहमतुल्लाह, जितेन्द्र उरांव, प्रधान दुखलाल उरांव, विश्वनाथ उरांव, सुधिर उरांव, महबुल्ला अंसारी , केडी नायक, गागेसर उरांव , मोहन लाल उरांव, सुखदेव सिंह, करीमन उरांव, समेत आदि मौजूद थे।

### चंदवा: बाइक व ट्रक के बीच भीषण टक्कर, बाइक सवार एक की मौत

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के गुरीटांड रेल ओवर ब्रिज के समीप मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक जेएच-01-ईएल-1779 व सामने से आ रही ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। दुर्घटना में बाइक राहुल गंझू पिता भोला गंझू उर्फ सावन गंझू मड़मा (चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घायल राहुल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गम्भीर स्थित को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन 108 एम्बुलेंस की मदद से रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही राहुल ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि राहुल गंझू किसी रिश्तेदार को चंदवा बाजार छोड़ने आया था वहीं से वह वापस लौट रहा था, इसी दौरान उक्त हादसा हुआ।

### महिला ने मारपीट करने का आरोप लगाया

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के डेंबु ग्राम में मंगलवार को एक महिला और उसके पति के साथ उसके गोतिया ने पुरानी रंजिश के कारण मारपीट किया। जिसको लेकर महिला ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिये आवेदन में सेवंती देवी पति उगनाथ यादव ग्राम डेंबु थाना बालूमाथ निवासी ने बताया है कि मंगलवार को सुबह 7:00 बजे बिगन यादव पिता सुदेश यादव दीपक यादव पिता बिगन यादव,विकास यादव पिता बिगन यादव,अनीता देवी पति बिगन यादव सभी ग्राम डेम्बू थाना बालूमाथ निवासी ने मेरे घर आकर गाली-गलौज करते हुए लाठी पर डंडे के साथ मारपीट करने लगे।

# ग्रामीण हितों की रक्षा की जाएगी : प्रकाश राम

- ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर्य हूं
- ग्रामीणों ने रखी शिकायत, विधायक ने कहा ग्रामीण आपसी समन्वय बना ले हर लड़ाई को तैयार हूं



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के बिराटोली में कोयले के ट्रांसपोर्ट को लेकर हो रहे विवाद के बीच ग्रामीणों की मांग पर मंगलवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम नगर गांव के बसारटोली पहुंचे। महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। उपस्थित ग्रामीणों ने कोयला गाड़ी परिवहन से होने वाली परेशानियां से विधायक को अवगत कराया। कई लोगों ने कहा कि हमारे क्षेत्र में काम तो बहुत होते हैं लेकिन यहां के लोग बेरोजगार हैं। धुलकण और बबार्दी हम झेले और बेरोजगारी का दंश भी झेले यह सही नहीं है। ग्रामीण सड़क पर हो रहे भारी वाहन के परिवहन पर भी ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि ग्रामीण हितों की रक्षा के लिए हम हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। ग्रामीण आपस में तय कर ले कि उन्हें करना क्या है, सभी के सहमति से जो भी निर्णय लिया जाएगा, आपका विधायक आपके साथ खड़ा है। इसके साथ ही विधायक श्री राम ने क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों को भी स्पष्ट रूप से चेताया हैं कि युवाओं के साथ छल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लातेहार पिछड़ा क्षेत्र है यहां के युवाओं को रोजगार देना ही होगा। विधायक ने ग्रामीणों को एकजुट रहने का आह्वान किया है,उन्होंने कहा कि गांव में आपसी विवाद ना हो इस पर सभी को पहल करनी चाहिए। कार्यक्रम सभा की अध्यक्षता सोमनाथ गंझु जबकि संचालन संजीव कुमार ने की । मौके पर राजकुमार पाठक,र विराज, प्रकाश गंझु, राजकुमार पासवान, बिनोद ठाकुर, कैलाश साहू, दीपू गंझु, संजय बसपति,अमृत गंझु, लालजीत गंझु, विक्की साव, आरती देवी, रीता देवी, खुशबू देवी, रूपा देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### विधायक प्रकाश राम ने क्षेत्रवासियों को दी नववर्ष की बधाई



**लातेहार।** भाजपा विधायक प्रकाश राम ने लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकताओं-समर्थकों और सहयोगी जनों को नववर्ष पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की है। उन्होंने कहा कि नववर्ष नए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नई सोच और नई उर्जा के साथ काम करने का अवसर है। यह समाज के हर वर्ग के लिए सुखमय और फलदायी होने के साथ साथ सभी के लिए विकास और बुलंदियों का नया सवेरा लेकर आए। विधायक प्रकाश राम ने पार्टी कार्यकताओं-समर्थको की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि आपकी सहयोगात्मक भावना ही मुझे मजबूत बनाती है। आने वाले वर्ष में हम साथ मिलकर और अधिक उपलब्धियां हासिल करने की उम्मीद करते हैं। वर्ष 2025 में सभी को ऐसा संकल्प लेकर कार्य करने की जरूरत है जिससे समाज,विधानसभा और प्रदेश का चहुमुखी विकास हो।

### नववर्ष को लेकर चंदवा पुलिस अलर्ट, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर रहेगी विशेष नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शहर समेत पूरे चंदवा में नववर्ष को लेकर चंदवा पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान लगातार जारी है। नए साल को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपनी ओर से तैयारी पूरी कर ली है। इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को अलर्ट किया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर चौक चौराहों, पार्क, मंदिर सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। चौक-चौराहों से लेकर पार्क पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वहां भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए है। पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार ने लोगों से अपील की है कि नए साल में शराब पीकर यदि कोई वाहन चलाता मिला तो उसकी खैर नहीं है। इसके लिए ड्रिंक एड ड्राइव अभियान चलाया जाएगा। साथ ही महिलाओं और युवतियों से छेड़खानी करने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी ना लेने, डूबने वाले इलाके में स्नान के लिए न उतरने की भी सलाह दी गई है। पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्यटन स्थल और नगर मंदिर में नए साल को लेकर लगभग अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। आम लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस की गश्त विशेष रूप से की जायेगी।

### भाकपा माले एवं अखिल भारतीय किसान के बैनर तले गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के कचहरी गेट के समीप वाम एकता के आह्वान पर देश ब्यापी कार्यक्रम के तहत सोमवार को बाजार टाड़ से मुख्य पथ होते हुए कचहरी चौक पहुंची जहां केंद्रीय गृहमंत्री अमितसाह के द्वारा सदन मे बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के प्रति दी गई अपमान जनक टिपणी के खिलाफ भाकपा माले के द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। वही भाकपा माले एवं अखिल भारतीय किसान के बैनर तले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम नेता प्रमोद साहू के अगुवाई मे लाल झंडा से लैस बाबा साहब के अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। अमित शाह इस्तिफा दो, भाजपा सरकार मुदार्बाद, मोदीसाह शर्म करो, वाम एकता जिंदाबाद, भाकपा माले जिंदाबाद, बाबा साहब अमर रहें, जय भीम जय भीम, जब तक सूरज चाँद रहेगा तबतक भारत का सविधान रहेगा। नारा को बुलंद करते हुए अमित शाह के पुतला के साथ लातेहार शहर का भर्मण करते हुए कचहरी चौक पर पुतला को दहन कर प्रतिवाद सभा किया गया। इस प्रतिवाद सभा को किसान नेता धनेश्वर सिंह, भाकपा माले नेता मुनेश्वर सिंह, कमलेश सिंह, दुर्गा सिंह, कृष्णा सिंह, केंद्रीय छात्र नेता नागेंद्र राम, युआ नेता संतोष सिंह, संजय सिंह, गोपाल प्रसाद सहित दर्जनों लोग संबोधित किये। अपने संबोधन मे माले जिला सचिव बिरजू राम ने कहा की आज अंबेडकर का अपमान का मतलब सविधान का अपमान है। अम्बेडकर के प्रति समर्पित देश के करोड़ों दलित बंचित आदिवासी पिछड़ी लोगों का अपमान है। अमित साह को हर हालत मे इस्तिफा देना होगा। अखिल भारतीय किसान नेता प्रमोद साहू ने कहा की अमित साह खुलम खुला सविधान और लोकतंत्र विरोधी है। किसान और आम आवाम का मोदी साह दुश्मन है। अभीतक अमित साह के द्वारा इस्तिफा नहीं देना देश के साथ मजाक है। देश मे जारी किसान मजदूरों का आंदोलन भाजपा की मोदी साह की सरकार को चकनाचूर कर के ही दम लेगी। मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### नववर्ष के निमित विधि व्यवस्था सुद्दढ करने को लेकर चला वाहन जांच अभियान



जांच अभियान चलाते पुलिस।

**चंदवा।** नव वर्ष पर सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था को सुद्दढ करने को लेकर लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देशन में प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम को तेज कर दिया गया है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग एवं एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर परिवहन करने वाले चार पहिया के साथ दो पहिया वाहनों की जांच की गई, जांच के दौरान वाहन चालको से वाहनों के कागजात एवं डिक्की की जांच की गई। इस दौरान चालको को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। अभियान में चंदवा पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### गंझू लकड़ा के स्मारक का हुआ अनावरण



जैप 2 की कमांडेंट सरोजनी लकड़ा ने गंझू लकड़ा के स्मारक का किया अनावरण ।

**लातेहार।** 30 दिसंबर से 05 जनवरी तक बारेसाढ, लातेहार फुटबॉल मैदान में .एल.फाउंडेशन, रामसेली बारेसाढ, लातेहार द्वारा आयोजित खेल कूद एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत आज लकड़ा परिवार के धरोहर टूटा गंझू लकड़ा के स्मारक का अनावरण.एल.फाउंडेशन रामसेली बारेसाढ की उपस्थिति में जैप 2 की कमांडेंट सरोजनी लकड़ा द्वारा उर्मी महुआडांड गांव में किया गया। इसके पूर्व झंडोतन किया गया। इस अवसर मायापुर के मुखिया, बी एल फाउंडेशन की सचिव विजय कुमारी लकड़ा, कांति लकड़ा, इग्नेश सरिता लकड़ा, बिमल लकड़ा, फादर मॉरिश टोप्पो गोठगांव पारिश, फादर लिबिन टोप्पो महुआ बतान जीवेल लकड़ा, दिलीप लकड़ा, अल्फ्रेड लकड़ा मेहमान लकड़ा समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। आगामी कार्यक्रम 1 जनवरी को अपराह्न 2:00 बजे। नव वर्ष के अवसर पर नाच गान कार्यक्रम। 2. जनवरी को प्रात: 7:00 बजे क्रॉस कंट्री दौड़ अपराह्न 1:00 बजे भार दौड़ (पुरुष), घड़ा दौड़ (महिला), रस्सा कस्सी (महिला एवं पुरुष) मिलकर 3 जनवरी अपराह्न 1:00 बजे। क्षेत्रिय आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता। 4 जनवरी अपराह्न 1:00 बजे। आदिवासी पुरुषों के लिए कुड़ूख)भाषा में कहानी (खीरी) एवं कविता (कथडंडी) प्रतियोगिता। चित्र कला, भाषण प्रतियोगिता। क्षेत्रिय आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता। 5 जनवरी को पूर्वाह्न 10:00 बजे। युवाओं के लिए सामाजिक एवं आर्थिक जागरूकता विषय पर विशेष कार्यशाला समापन समारोह 2:00 बजे।

# जबरन किये जा रहे हैं जमीन कब्जा पर अनुमंडल पदाधिकारी ने लगाया धारा 163

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ निवासी मोहम्मद इस्लाम द्वारा विवादित भूमि पर पिछले एक सप्ताह से जबरन कार्य किए जाने के बाद अंचलाधिकारी बालूमाथ ने विधि व्यवस्था भंग होने की आशंका को लेकर लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी को अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्रांक452 दिनांक30 /12/24 को धारा 163 लगा दिया। तथा दोनों पक्षों के सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ करते हुए दोनों पक्षों को भूमि पर जाने से रोक लगा दिया है तथा दोनों पक्षों को आदेश दिया गया है कि 3 जनवरी 2025 को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं व अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा है कि B N S S-2023 की धारा 163 के तहत भूमि पर जाने से पूर्णत प्रतिबंध किया जाता है। उन्होंने कहा कि खाता नंबर 18 प्लॉट नंबर 195 रकबा 4 एकड़ 90 डिसमिल में से 50 डिसमिल भूमि पर मोहम्मद इस्लाम के द्वारा कार्य किया जा रहा था।

अंचलाधिकारी के अनुशंसा प्रतिवेदन में के बाद शांति भंग करने की संभावना प्रतीत हो रही है इसीलिए कार्रवाई की गई है। इधर जमुना प्रसाद साहू नेआरोप लगाते हुवे कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा लगाए गए धारा 163 के बाद भी बालूमाथ पुलिस जाकर काम रोकने का प्रयास किया। लेकिन मो इस्लाम के पुत्र झामुमो नेता मो इमरान ने काम नहीं रोका और मंगलवार की शाम तक लगभग 50 से अधिक मजदूर लगाकर दिनदहाड़े काम करते रहे। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार द्वारा निर्देशित पत्र को तमिला करा दिया गया है। शीघ्र हीं काम बंद कर दिया जाएगा।

### हाथियों के उत्पात से पीड़ित 48 भुक्तभोगियों को मिला मुआवजा

**चंदवा।** गत 3 वर्ष से अधिक समय से चंदवा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पाद बदस्तूर जारी है। जिसमें सैकड़ो किसानों को फसलों के साथ ग्रामीणों के घरों को भी काफी नुक्सान उठना पड़ा है व जान भी गंवानी पड़ी है। हाथियों के उत्पात से पीड़ितों के द्वारा लगातार अवेदब दिए जा रहे हैं, प्राप्त आवेदनों के आलोक में अग्रतर कार्रवाई करते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता के द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 48 भुक्तभोगियों के 12 लाख 83 हजार 220 रुपये का मुआवजा राशि स्वीकृत प्रदान की गई है। इसके बाद स्वीकृत राशि का हस्तांतरण सीधे भुक्तभोगियों के खाते में किया जा रहा है। जिन भुक्तभोगियों की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है उनमें रामलखन टाना भगत को 53800, उदेश्वर टाना भगत को 51200, फूलन देवी को 33000, विमला देवी को 33100, दयाल टाना भगत को 25000, अन्नू भगत को 33100, मंगरी टाना भगत को 33100, बालेश्वर टाना भगत को 33000 (सभी चकला), बुधराम मुंडा को 61700, गीता देवी 36700, सरोज देवी को 53000 सभी माल्हन समेत कुल 48 भुक्तभोगी शामिल हैं।

### नया साल सभी के जीवन में सुख, शांति और खुशियां लेकर आए: मिथिलेश ठाकुर



मिथिलेश कुमार ठाकुर।

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को नव वर्ष की बधाई दी है। श्री ठाकुर ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नया साल 2025 गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों के लिए सुख, समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य और अद्भुत खुशियां लेकर आए। नया साल खुशियों की सौगात के साथ-साथ भारत में न्याय और मोहब्बत का पैगाम ले कर आए। उन्होंने कहा कि नए साल में गढ़वा सहित संपूर्ण झारखंड खूब तरक्की करे। राज्य की जनता को पूरा हक, अधिकार एवं सम्मान मिले। साथ ही गढ़वा विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। नए साल में पिछले अधूरे पड़े सारे विकास कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण हो। जिसका लाभ गढ़वा वासियों को मिल सके। साथ ही नए साल में गढ़वा के लिए कुछ और बेहतर विकास कार्य हो इन्हीं शुभकामनाओं के साथ सभी को नए साल की बहुत बहुत बधाई।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान नेचलाया डोर टू डोर प्रोग्राम



**गढ़वा।** माननीय नालसा एवं झालसा के अध्यक्ष नलिन कुमार एवं सचिव रवि चैधरी के आदेशानुसार 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड के तेनार ग्राम में डोर टू डोर प्रोग्राम किया गया। इस दौरान पीएलवी संगीता सिन्हा ने आपस की छोटी छोटी विवाद को लेकर आपसी झगड़े जो होते हैं उसको आपसी समझौते के साथ कैसे ठीक किया जा सकता है तथा इसमें पीएलवी और मेडिटेशन सेंटर की क्या भूमिका होती है इसकी जानकारी दी। पीएलवी उमा शंकर द्विवेदी ने बाल मजदूरी, बाल व्यापार, नशाखोरी, दिव्यांग बच्चों के लिए चलाए जा रहे सरकार के योजना की जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सोशल वर्कर संस्था ने जरूरतमन्दों के साथ मनाया पिकनिक



वितरण करते संस्था के सदस्य।

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में धुसका, कचैड़ी, सब्जी व जलेबी वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ पतंजली केशरी ने अपने दादा राधा बाबू के पुण्य तिथि पर संस्था सप्ताहिक भंडारा में सहयोग किया। मौके पर डॉ पतंजली केशरी ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था के युवाओ द्वारा लगातार 56वां सप्ताह सेवा देना काफी सराहनीय है। इन युवाओं के द्वारा समाजहित में अनेको सुंदर कार्य किये जाते हैं। राहगीर को फूड फॉर हंगर के तहत भोजन कराना अति उत्तम कार्य है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि लोग दूर दूर जाते है पिकनिक मनाने के लिए। मगर हमारी टीम जरूरतमन्दो के साथ पिकनिक मनाने का निर्णय लिया। साल के आखिरी दिन जरूरतमन्दो को मिठाई पकवान खिलाकर हम खुश हुए। मौके पर सदस्य शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, बाला केशरी, कमलेश गुप्ता, उमेश सहाय, रविन्द्र केशरी, सुशील केशरी, दिव्य प्रकाश, जीतेन्द्र सिन्हा, सुशील केशरी, इसख्तखर राजा, मनन अंसारी, शैलेन्द्र पाठक, विजय केशरी, यशवंत मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता सेनानी स्व. फेतल सिंह की मनी शहादत दिवस

**रंका।** खरवार आदिवासी एकता संघ के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी स्व. फेतल सिंह खरवार की शहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत रंका चेकनाका स्थित पलामू के प्रथम सांसद स्व. जेठन सिंह खरवार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। वहां से एक जुलूस के शक्ल में रंका राष्ट्रीय राजमार्ग 343 भ्रमण करते हुए स्व. फेतल सिंह खरवार के प्रतिमा स्थल पर पहुंचे, जहां पर भाजपा माले के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कालीचरण मेहता, कार्यकारिणी सदस्य सुषमा मेहता, आदिवासी एकता मंच के प्रदेश सदस्य विश्वनाथ सिंह, रंका प्रखंड के नेता अख्तर अंसारी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने संयुक्त रूप से स्व. फेतल सिंह खरवार के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात यह जुलूस एक सभा के रूप में बदल गई। मौके पर जिला भाजपा माले सचिव कालीचरण मेहता ने कहा कि आदिवासियों की सरकार को भाजपा बर्दाश्त नहीं कर पा रही है।यही वजह है कि समय-समय पर आदिवासियों की सरकार को परेशान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन आदिवासियों का है और रहेगा। मौके पर भाकपा माले के जिला स्तरीय कार्यकारिणी सदस्य अख्तर अंसारी, रामखेलावन सिंह, क्रमण सिंह, प्रताप सिंह, बद्रीनारायण सिंह, गढ़वा जिला अध्यक्ष नारायण सिंह, भरत सिंह, जिला पार्षद उमा देवी, महेश्वर सिंह, बाबूलाल सिंह, छोटन कुमार सिंह, संजय चंद्रवंशी, संतोष सिंह, नान्हू सिंह, युवराज सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सीएस ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

## ड्यूटी से गायब मिले कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** साल के अंतिम दिन गढ़वा सिविल सर्जन अशोक कुमार पूरे फॉर्म में दिखे। सीएस अशोक कुमार मंगलवार के सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएल रजिस्टर, उपस्थिति पंजी और अस्पताल में ड्यूटी में तैनात चिकित्सक और अन्य अस्पताल कर्मियों बारे में ड्यूटी से संबंधित बारी बारी से जानकारी ली। जांच के दौरान सीएस ने पाया कि आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास द्वारा 27 दिसंबर को लिखे सीएल आवेदन पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने सात दिन पहले 20 दिसंबर से ही छुट्टी स्वीकृत कर दी है। प्रधान लिपिक अरुण लकड़ा पिछले तीन दिनों से ड्यूटी से गायब मिले। नेत्र चिकित्सक सोनी कुमारी 28 दिसंबर से बिना सीएल के है। एमपीडब्ल्यू गुप्तेश्वर प्रसाद 3 दिनों ड्यूटी से गायब पाए गए। डॉ. एमडी फैज और प्रिंस कुमार सोमवार से ही ड्यूटी से गायब लेकिन उन दोनों का सीएचसी के उपस्थिति पंजी में मंगलवार का एडवांस उपस्थिति बना हुआ मिला। डॉ. सुभग सिंह कैलान में आदिम जनजाति का चार सौ घर है, लेकिन घर घर न जाकर शिविर के माध्यम से ईलाज किए जाने के नाम पर भड़क उठे। सीएस ने उक्त चिकित्सक को अपने साथ कैलान के आदिम जनजाति बहुल गांव ले जाकर चिकित्सक की भौतिक कार्यों की सत्यापन की।



जांच करते सीएस।

जबकि चिकित्सकों एवं कर्मियों का सीएल रजिस्टर मांगे जाने पर लिपिक सुनील पटेल द्वारा गोदरेज का चाबी नहीं होने की बात कह पल्ला झाड़ दिया। फार्मासिस्ट अजीत कुमार के आधे घंटे देर से ड्यूटी पर पहुंचा सीएस ने कारण पूछा तो उसने बाईक पंचर होने का बहाना बनाया जब सीएस ने हड़काया तो फार्मासिस्ट ने उसने गिड़गिड़ाते हुए आगे से ससमय ड्यूटी पर आने का बात कह सीएस से माफी मांगी। वहीं एमटी का इंचार्ज विद्यानंद प्रजापति से मलेरिया का इंट्री डाटा की मांग किए जाने के बाद घर पर रजिस्टर होने का हवाला दिया, जिस पर सीएस ने घर से रजिस्टर लाकर दिखाने की बात कही। सीएचसी भवनाथपुर में पदस्थापित आयुष चिकित्सक जेपी ठाकुर को सदर अस्पताल गढ़वा से विरमित करते हुए पुनः सीएचसी भवनाथपुर में भेजने की बात कही। सीएस ने जांच के दौरान सीएचसी में ड्यूटी से अनुपस्थित चिकित्सकों तथा कर्मियों का हाजरी काट दिया।

### थाना प्रभारी ने पिकनिक स्टॉप का किया निरीक्षण

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने मंगलवार को पिकनिक स्टॉप का निरीक्षण किया। साथ ही लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पिकनिक मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की अशांति या विवाद से बचें और यदि किसी तरह की आपत्ति या समस्या उत्पन्न हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था, शोरगुल या किसी अन्य अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी को अपने व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि अगर किसी को कोई समस्या या विवाद का सामना करना पड़े, तो उसे तुरंत पुलिस थाने में सूचित करें।

### गढ़वा के सत्यम ने लहराया परचम, मैक्स स्कॉलरशिप में देश भर में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**गढ़वा।** शहर के साई मुहल्ला निवासी राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के पुत्र सत्यम सिन्हा ने जापान में शिक्षा प्राप्त करने के लिए मैक्स स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत सफलता प्राप्त की है। ज्ञात हो कि उपरोक्त योजना के लिए पूरे भारत से आठ विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। जिसमे सत्यम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। सत्यम सिन्हा के इस सफलता पर युवा समाजसेवी दौलत सोनी ने सत्यम को मां गढ़देवी की चित्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर श्री सोनी ने कहा कि मैं सत्यम के सफलता पर इनके माता-पिता को प्रणाम करता हूं एवं उच्च कोटि के संस्कार देने के लिए भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादक: ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

बुधवार 01.01.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 251

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ




## एमपीएल समग्र विकास के प्रति कटिबद्ध : सीईओ

### नये साल में भी विकास की नयी गाथाएं लिखने को तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने कहा है कि सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशील बने रहकर ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। हमें खुशी है कि टाटा समूह के महत्वपूर्ण अंग के रूप में मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) अपने आसपास के इलाकों के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है। हम सब राष्ट्र के उत्थान में यूं ही तन-मन से जुटे रहें। इसी कामना के साथ नये वर्ष की शुभकामनाएं! श्री सिद्धू ने कहा कि जन सेवा के मामले में टाटा समूह की भूमिका अतुलनीय है। इस कड़ी में मैथन पावर लिमिटेड भी पीछे नहीं है। जन कल्याण को लेकर एमपीएल सदैव अग्रिम पंक्ति में रहा है। मामला बिजली उत्पादन कर देश को रोशन करने का हो या उद्यमिता को बढ़ावा देने का। इसका मूल्यांकन एमपीएल के यहां आने से पूर्व और अब की स्थिति से




किया जा सकता है। नए साल में भी उत्तरोत्तर विकास की नयी-नयी गाथाएं लिखने को एमपीएल तैयार है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह की उपलब्धियां और उसके सामाजिक सरोकार बड़े मूल्यवान हैं। नई पीढ़ी को इससे सीखें मिलती हैं। सीईओ श्री सिद्धू ने कहा कि एमपीएल के यहां आने से युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना तेजी से बढ़ी है और वह सभी क्षेत्रों में अच्छा कर रहे हैं। नौकरी हो या व्यवसाय, सहयोग और साझेदारी की भावना से काम करना जरुरी है। नये साल में एमपीएल नये उत्साह के साथ ऊर्जा दक्षता, ग्राहक सेवा में सुधार, पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा सहित जन कल्याण की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहने को लेकर संकल्पित है। साथ ही कंपनी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने को लेकर भी संकलित हैं। सामाजिक जिम्मेदारी, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण की दिशा में निरंतर अग्रणी भूमिका में है।

## गूगल मीट पर भोजपुरी सरधा मंच की राष्ट्रीय भोजपुरी काव्य गोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भोजपुरी सरधा मंच (राष्ट्रीय) के तत्वावधान में गूगल मीट पर राष्ट्रीय भोजपुरी काव्य गोष्ठी सह भोजपुरी भाषा के उत्थान पर परिचर्चा का आयोजन संस्था के महासचिव संतोष ओझा प्रभाकर के नेतृत्व में किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार उमेश तिवारी ने की। गोष्ठी की शुरुआत भोजपुरी भाषा में सरस्वती वंदना से सरिता पांडेय जी ने की। मुख्य अतिथि के रूप मे वरिष्ठ साहित्यकार प्रमिला श्री तिवारी व विशेष अतिथि डॉ रत्ना वर्मा राज उपस्थित थी। सबसे पहले भोजपुरी भाषा पर अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी कोलकाता में सरधा मंच का प्रतिनिधित्व कर




लौटे विद्वान साहित्यकार, संस्था के प्रवक्ता व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ शैलेश सिंह शौर्य एवं संस्था के सक्रिय सहयोगी व भोजपुरी संगीत सम्राट गुड्डू गुलशन को कोलकाता में सम्मानित किये जाने पर सभी पदाधिकारियों व आमंत्रित साहित्यकारों ने बधाई दी। संस्था के संस्थापक संजय सिंह चंदन ने कहा कि यह संस्था के लिए गौरव और गर्व का क्षण है। डॉ शैलेश व गुड्डू गुलशन ने संस्था का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। यह सुखद अनुभूति है। काव्य गोष्ठी की शुरुआत साहित्यकार सरिता पांडेय ने की। डॉ शैलेश सिंह शौर्य, राघव पांडेय, डॉ रत्ना वर्मा राज, गुड्डू गुलशन, संतोष ओझा, संजय सिंह चंदन, डॉ नीरा प्रसाद, प्रमिला श्री तिवारी, सुधा मिश्रा, सपना शुक्ला, सीमा सिंह सहित कई कवि व कवयित्रियों ने अपनी प्रस्तुति से नव वर्ष के आगमन पर शानदार आगाज किया।

### स्पीड न्यूज

#### 4 से 8 जनवरी तक रद्द रहेगी धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल अंतर्गत आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य के कारण धनबाद से जम्मू तवी जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। धनबाद से खुलने वाली इस स्पेशल ट्रेन के दो फेरे निरस्त किए गए हैं। 4 एवं 7 जनवरी को धनबाद से खुलने वाली गाड़ी संख्या 03309, धनबाद– जम्मू तवी स्पेशल तथा 5 एवं 8 जनवरी को जम्मू तवी से खुलने वाली गाड़ी संख्या 03310, जम्मू तवी–धनबाद स्पेशल रद्द रहेगी।

#### बहुजन क्रांति मोर्चा समर्थकों ने पुटकी में की सड़क जाम



**पुटकी।** ईवीएम पर पाबंदी, जाति आधारित जनगणना सहित 3 सूत्री मांगों को लेकर बहुजन क्रांति मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को पुटकी नीचे मोड़ में समर्थकों ने सड़क जाम कर दी। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक आवागमन ठप रहा। बाद पुटकी पुलिस पंहुची और बंद समर्थकों को थाने ले गई। सड़क जाम भी हटवाया। मौके पर धीरेन रवानी, शम्भू पासवान, सिद्धू पासवान, अनिल कुमार पासवान, संतोष दास आदि मौजूद थे।

#### पुलिस ने आंदोलनकारीयों को किया गिरफ्तार

**पुटकी।** पुटकी कोलियरी गेट के समीप धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग को मंगलवार की सुबह से भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले नारे बाजी करते हुए वाहनो को रोक चक्का जाम कर भारत बंद किया गया। जाम करीब एक घंटे तक चला। पुटकी थाना पुलिस के द्वारा दर्जनों आंदोलनकारीयो को गिरफ्तार कर थाना ले आई। जिसके बाद गिरफ्तार आंदोलनकारीयो को पुलिस थाने में लगभग दो घंटे बाद जमानत पर छोड़ दिया गया।

#### महिला ने फॉसी लगा कर की आत्महत्या

**पुटकी।** भागाबांध ओपी क्षेत्र के भागाबांध बस्ती में खौलीधोड़ा में 20 वर्षीय अंजलि देवी ने अपने घर में ही फासी लगा कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार अंजलि की शादी लगभग 8 महीने पूर्व हुई थी। इसका पति सिकंदर पासी उर्फ छोटू हरियाणा में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। घटना मंगलवार को दोपहर लगभग 3 बजे बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गर्भवती थी। सूचना पर भागाबांध ओपी पुलिस पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई। पब्लिश शव को कब्जे में ले लिया है। बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## नव वर्ष के स्वागत में डूबा कोयलांचल

- धनबाद क्लब में इंडियन आइडल फेम मान्या नारंग व यूनियन क्लब में बालीवुड सिंगर रूपाली जग्गा के सुरों ने किया मदहोश
- होटल, रेस्टोरेंट और पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार

खबर मन्त्र संवाददात



**धनबाद।** नए साल के स्वागत को लेकर शहर के क्लब, होटल एवं रेस्टोरेंट में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर के धनबाद क्लब में इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट रह चुकी मान्या नारंग मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने अपने सुरों की महफिल में सभी को थिरकने पर मजबूर किया। उनके साथ डीजे वर्षा और दीया ने भी जमकर धमाल मचाया। यूनियन क्लब में बॉलीवुड सिंगर रूपाली जग्गा ने अपनी गायकी का जलवा बिखेरा। बॉलीवुड के डीजे मर्लिन की धुन पर कोलकाता के डांस ट्रूप ने खूब धमाल मचाया। एंकर अनुरिमा ने अपने चुटीले अंदाज से सभी को मदहोश किया। नए साल के जश्न के बाद दोनों क्लबों में केक काटा गया। इस पल के गवाह बने जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी। इसके अलावा शहर के अन्य 2 क्लब, 38 बार, 139 शराब की दुकान तथा 11 पिकनिक स्पॉट पर नए साल की धूम रही। लोगों ने अपने परिवार के साथ जमकर मौजमस्ती की। शहर के प्रमुख होटलों में लाइट म्यूजिक के साथ कैंडल लाइट डिनर की व्यवस्था की गई थी। मॉकटेल के साथ कॉकटेल पार्टी देर रात तक चली। होटल सोनोटेल में कैंडल लाइट डिनर के साथ सिंगर तान्या मुखर्जी की सुरीली आवाज होगी। होटल वेडलॉक, सेवेंटिन डिग्री समेत शहर के प्रमुख होटलों में कहीं धूम-धड़ाका, तो कहीं लाइट म्यूजिक और कैंडल लाइट डिनर की व्यवस्था थी।

## ईसीएल वीटी पंप लूटकांड में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**मैथन।** निरसा पुलिस ने ईसीएल वीटी पंप में केबल व होमगार्ड जवानों से कारतूस लूटकांड का खुलासा कर लिया है। इस संबंध में मंगलवार को पुलिस ने कांड में शामिल निरसा सिंहपुर निवासी जावेद शेख को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया है कि इस कांड में 30 से 35 लोग शमिल थे, जो भागाबांध थाना-एमपीएल ओपी, मैथन मोड़ (कुमारधुबी ओपी), सिंहपुर (थाना-निरसा) के 14-15 और टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र तथा बंगाल के 14 से 15 लोग शामिल थे। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने लूट का लगभग करीब 250 मीटर केबल तार गोपीनाथपुर, मुगमा निवासी सोनू साव के घर से बरामद किया है। निरसा पुलिस अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में पुअनि सुमन कुमार कंठ, पुअनि प्रवीण सिंह चौधरी, पुअनि विकास कुमार, सअनि दीपु टोप्पो के अलावा सशस्त्र बल के आरक्षी शामिल थे। बतातें चलें कि शनिवार की रात निरसा थाना क्षेत्र के हाथबाड़ी मोड़ स्थित ईसीएल के वीटी पंप में लगभग 25-30 आपराधियो ने धावा बोलकर जमकर लूटपाट की थी। हथियारों से लैस अपराधियों ने दो सुरक्षा कर्मी सरजू यादव व तूफानी राय को कब्जे में लेकर उनके हथियार और 30 गोलियां छीन ली थी। इसके बाद उन्होंने ट्रांसफॉर्मर को खोलकर उसका कॉपर लोहा निकाल लिया और सर्विस लाइन में लगा हुआ केबल भी काटकर चलते बने थे।

## खबर का असर : अंगारपथरा के ओपी प्रभारी बदले गए

**कतरास।** वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने आदेश जारी कर अंगारपथरा समेत कई ओपी और थाना के आधा दर्जन पदाधिकारियों का ट्रांसफर और पोस्टिंग किया है। इनमें सरायढेला के पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार को अंगारपथरा ओपी प्रभारी के पद पर पदस्थापन किया है। मालूम हो कि अंगारपथरा ओपी क्षेत्र में कोयले के अवैध खनन के विरोध में कांटापहाड़ी की महिलाएं पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रही थी। खबर मंत्र अवैध खनन और महिलाओं के आंदोलन को प्रकाशित करता रहा है। बता दें कि कोल तस्करों का संगठित सिंडिकेट कांटापहाड़ी, नेशनल अंगारपथरा, युनियन अंगारपथरा, गजलीटांड बंद आउट सोर्सिंग पैच में दर्जनों अवैध मुहाना खोल कर कोयला खनन करा रहा है। हाल में लिल्टेन अंगारपथरा के रैयतों ने अपनी रैयती जमीन पर अवैध खदान चलाये जाने का विरोध किया था।

ओपी पुलिस ने खनन में लगे तीन मजदूर और ट्रैक्टरों को पकड़ा था। कुछ देर के बाद रैयतों के सामने ही उसे मुक्त कर दिया था। कांटापहाड़ी में आंदोलन कर रही महिलाओं का कहना है कि यहां एक मुहाने की भराई कर औपचारिकता पूरी की गयी है, जबकि मोहल्ले से कुछ दूरी पर अब भी कई मुहाने खुले हुए हैं।

### एक नजर में

#### सिंदरी में बंद घर से लगभग 8 लाख की चोरी

**सिंदरी।** एफसीआईएल के जे 70 निवासी रत्नेश श्रीवास्तव के आवास में रविवार की रात लगभग 8 लाख रुपये की चोरी की लिखित शिकायत सिंदरी थाना में सोमवार को की गई है। रत्नेश के अनुसार रविवार की शाम लगभग 8 बजे लगभग एक घंटे आवास बंद रहा था। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम लगभग साढ़े 7 बजे पत्नी को अपने आवास के पीछे की कॉलोनी स्थित ससुराल में छोड़कर वापस आया। उसके बाद कुछ विशेष कारणों से सीधे बाजार चला गया। वापस लौटने के बाद घर में प्रवेश किया तो देखा कि दरवाजा सहित पूरे घर का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने बताया कि घर की आलमारी का लॉकर तोड़कर चोर लगभग 20 हजार रुपये नकद और सोने व चांदी के आभूषण और विदेशी मुद्रा सहित लगभग 8 लाख रुपये के सामान ले भागे। उन्होंने बताया कि सूचना सिंदरी थाना को दी गई और पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। सिंदरी थाना प्रभारी सह निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। लिखित शिकायत के आधार पर जांचोंपरांत कार्रवाई की जाएगी।

#### बीकानेर मंडल में दोहरीकरण कार्य के कारण ट्रेनों के मार्ग बदले

**धनबाद।** उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के रतनगढ़ एवं मोलीसर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण सियालदह–बीकानेर–सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस एवं हावड़ा–बीकानेर–हावड़ा एक्सप्रेस के मार्ग में परिवर्तन किया किया है। 12260 बीकानेर–सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस जनवरी–23, 24, 27, 28, 30, 31 को बीकानेर–मेड़ता रोड–फुलेरा–रींगस–रेवाड़ी फुलेरा, रींगस, 12259 सियालदह– बीकानेर दुरंतो एक्सप्रेस जनवरी–22, 23, 26, 27, 29, 30 को रेवाड़ी–रींगस– फुलेरा–मेड़ता रोड–बीकानेर रींगस, फुलेरा, 12371 हावड़ा– बीकानेर एक्सप्रेस 27 जनवरी को रेवाड़ी–रींगस–फुलेरा–मेड़ता रोड–बीकानेर नारनौल, नीम का थाना, रींगस, फुलेरा, मकराना, डेगाना, 12372 बीकानेर– हावड़ा एक्सप्रेस 23 एवं 30 जनवरी को बीकानेर–मेड़ता रोड–फुलेरा–रींगस–रेवाड़ी डेगाना, मकराना, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल के रास्ते चलेगी।

#### सेवा निवृत्त कर्मियों से मजदूर-किसान आंदोलन में भाग लेने की अपील



**कतरास।** केशलपुर कोलियरी स्थित बीसीकेयू के शाखा कार्यालय में आयोजित सादे समारोह में संयुक्त सचिव (कतरास क्षेत्र) कार्तिक महतो, सीमेवा के अध्यक्ष नारायण महतो की सेवा निवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने दोनों का अभिनंदन किया। उनसे दूसरी पारी की शुरुआत कर मजदूर–किसान के आंदोलन में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की अपील की। सुनील महतो, ठाकुर महतो, भीम महतो, रॉबिन महतो, उमेश सिंह, तरुण महतो, जयदेव राम, मानिक महतो, शंकर महतो, दिलीप महतो, चंदन महतो, रंजीत महतो सहित कई ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### महुदा इंटर महाविद्यालय के सेवा निवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई



**महुदा।** महुदा इंटर महाविद्यालय में मंगलवार को सेवानिवृत्त आदेशपाल दिलीप कुमार बाउरी एवं कार्यालय सहायक निरंजन कुमार दास को माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गयी। शासी निकाय के सचिव प्रो दीपनारायण शर्मा ने कहा कि दिलीप कुमार वाउरी और निरंजन कुमार दास कॉलेज के स्थापना काल 1982 से ही सेवा देते आये हैं। इन दोनों की जितनी भी प्रसंशा की जाए, कम ही होगी। इन लोगों के योगदान को कॉलेज कभी नहीं भूलेगा। प्राचार्य सिकंदर रवानी ने कहा कि उनकी ईमानदारी एवं लगन से कॉलेज के अन्य कर्मियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। पूर्व प्राचार्य श्यामलाल महतो, प्रो दिवाकर कुमार तिवारी, प्रो उत्तम कुमार दास, लेखापाल मो हसीबुद्दीन अंसारी, रोकड़पाल दिलीप कुमार रवानी, कार्तिक चन्द्र चटर्जी, मो वकाश, रोहित चटर्जी, प्रफुल्ल कुम्भकार, उपेन्द्र कुम्भकार, मुरलीधर महतो, गौतम कुमार महतो, संतोष कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

#### वृहत झारखंड कला संस्कृति मंच ने रणधीर वर्मा चौक पर मनाया डहरे टुसू पर्व



**धनबाद।** वृहत झारखंड कला–संस्कृति मंच ने मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर डहरे टुसू पर्व मनाया। इस समारोह में भारी संख्या में झारखंड प्रेमी शामिल हुए। तरह–तरह की झारखंडी झांकी भी इस महा रैली में देखने को मिली, जो झारखंडी सभ्यता से जुड़ी थी। टुसू परब गांव से निकलकर आज दूसरी बार शहर के बीचों बीच उत्साह से मनाया गया। वक्ताओं ने बताया कि गांव में धान की नई फसल तैयार हो जाने के बाद झारखंडी संस्कृति में टुसू परब मनाया जाता है। इस त्योहार में तरह–तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं जो धान से तैयार होते हैं। झारखंडी समाज के लिए अच्छी बात यह है कि इस तरह के त्योहार फिर से मनाए जा रहे हैं। झारखंड की भाषा और संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह का त्योहार बहुत जरूरी है। इस मौके पर अजीत महतो, राजा बाबू, संतोष महतो,मनोज महतो, मिथुन महतो, नरेश महतो,टुनटुन महतो, उत्तम महतो, रंजीत कुमार,रूपलाल, सोनू, विवेक, राहुल, सुशील महतो, साहिल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 3 जनवरी को मनाया जायेगा शहीद श्यामल चक्रवर्ती का शहादत दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं भाकपा माले जिला कमेटी की आईआईटी आईएसएम गेट के समीप बैठक हुई। बैठक में 3 जनवरी को शहीद श्यामल चक्रवर्ती का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। शहादत दिवस पर निरसा विधायक अरूप चट्टर्जी, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, बोकारो विधायका श्वेता सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, पूर्व विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव मौजूद रहेंगे। कोयलांचल से हजारों समर्थकों का जुटान होगा। श्रद्धांजलि सभा होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में काशीनाथ चटर्जी, निताय महतो, हरि प्रसाद पप्पू, बिन्दा पासवान, समीर गोस्वामी, पवन महतो, राणा चटराज, कल्याण घोषाल, डोरा मंडल, सम्राट चौधरी, कल्याण चक्रवर्ती, हिमांशु मंडल, विश्वजीत राय, जयदीप बनर्जी, नकुलदेव सिंह, भूषण महतो, सुनील महतो, राम प्रकाश महतो, रोशन यादव, राजेश बिरूवा, बूटन सिंह, रोहित महतो, चन्दन भूमिहार आदि मौजूद थे।

## सिंदरी कॉलेज शिक्षिका डॉ सुनिता जायसवाल की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज की राजनीतिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष सह बीबीएमकेयू सोशल साइंस डीन मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके सेवानिवृत्त होने पर सिंदरी कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य के अनुसार सिंदरी कॉलेज की राजनीति विज्ञान की नयी प्रोफेसर इंचार्ज प्रो रोमेला जोजो बनीं। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ के के पाठक ने की। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षिका को पुष्पगुच्छ व शॉल भेंटकर शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने बताया कि डॉ सुनीता जायसवाल 1996 बैच की शिक्षिका रहीं और कॉलेज में उन्होंने 28 वर्षों तक योगदान



दिया। उन्होंने सिंदरी कॉलेज में परीक्षा नियंत्रक, विभागाध्यक्ष, समन्वयक सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों को सुशोभित किया।

प्राचार्य ने बताया कि डॉ जायसवाल बीबीएमकेयू वर्तमान में सोशल साइंस की डीन पद पर भी रहीं। इस अवसर पर डॉ मनोज तिवारी, डॉ विशु मेघनानी, प्रो मनमोहन सिंह, डॉ. ममता कुमारी, प्रो निशांत कुमार दुबे, डॉ नीतू गौरव कुमार, डॉ सुमिरन कुमार रजक, शिवेश शंकर झा, दीपानंद मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, संजय यादव, विजय कुमार सिंह, संजय हांसदा सहित अन्य शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## 57 मजदूरों को ओड़िशा में काम कराकर नहीं दिये पैसे

### फॉरवर्ड ब्लॉक की अगुवाई में श्रमिकों ने श्रम अधीक्षक से लगाई गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह के 57 मजदूरों से ओडिशा में 2 साल से भी अधिक समय तक काम कराकर करीब 4 लाख 30 हजार रुपये बकाया रख लिया गया है। ठेकेदारों द्वारा पैसे के लिए लगातार टालमटोल करने पर थक-हारकर मजदूरों ने पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव को जानकारी दी। इसके बाद उनकी अगुवाई में श्रम अधीक्षक गिरिडीह से शिकायत कर पैसे का भुगतान कराने की गुहार लगाई गई है। 21 मजदूरों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन श्री यादव ने श्रम अधीक्षक को सौंपा तथा उनसे बात भी की। श्रम अधीक्षक ने इसे गंभीर मामला बताते हुए हर संभव कार्रवाई का भरोसा दिया है। फॉरवर्ड ब्लॉक नेता ने कहा कि बिना प्रवासी मजदूरों का पंजीयन कराए ठेकेदारों द्वारा इस तरह मजदूरी के लिए दूसरे प्रदेशों में ले जाना और फिर काम कराकर पैसा नहीं देना बड़ा अन्याय है। ऐसा सरकार की गलत श्रम नीतियों के कारण ही संभव हो पा रहा है। इस तरह के मामलों पर मजदूरों के हक में कड़े कानून होने चाहिए, ताकि कोई मजदूरी मारने जैसी जुर्रत नहीं कर सके।

उन्होंने कहा कि फॉरवर्ड ब्लॉक से जुड़े ट्रेड यूनियन की ओडिशा यूनिट को भी यह जानकारी देकर मदद की अपील की जा रही है। किसी भी तरह मजदूरों का बकाया भुगतान कराने का प्रयास करेंगे और जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे।

श्रम अधीक्षक के नाम आवेदन प्रस्तुत करते समय पार्टी नेता मनोज कुमार यादव, शंकर वर्मा, शंभू तुरी सहित मजदूर रीतलाल दास, सोनू दास, गोकुल कु दास, नारायण दास, राजू दास, दिनेश राम, दामोदर यादव, राजू शर्मा, शमशुद्दीन अंसारी, कांग्रेस रवानी, आफताब अंसारी, जमीर अंसारी, अविनाश कुमार, सुनील साव, रमेश रवानी, चंदन रवानी, बीरू दास, विक्की कुमार, सहदेव दास, भुनेश्वर दास एवं जीतू रवानी मौजूद थे।

# बोकारो : सेल को दूसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाण पत्र मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** सेल को जनवरी 2025 से जनवरी 2026 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट इंडिया द्वारा लगातार दूसरी बार प्राप्त 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन की वैश्विक मान्यता- कंपनी के मानव संसाधन विभाग के इनोवेटिव पहलों को उजागर करता है।

कंपनी के प्रमुख मानव संसाधन पहलों में वर्क फ्रॉम अदर दैन वर्कप्लेस योजना के अलावा शहर-आधारित कर्मचारियों के लिए फ्लेक्सिबल टाइमिंग लिंक्डइन लर्निंग हब के माध्यम से खुद से सीखना नैसकॉम के साथ उच्चस्तरीय आईटी और डिजिटल प्रशिक्षण ई-पाठशाला के माध्यम से नवीनतम शिक्षण सामग्री तक पहुंच आईआईएम और एएससीआई के सहयोग से नेतृत्व विकास कार्यक्रम कार्मिक सहायता कार्यक्रमों के तहत ई-परामर्श डेलोइट के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि और वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए नेतृत्व कोचिंग आदि शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य उत्पादकता को बढ़ावा देना, कर्मचारियों को भविष्य की तकनीकी प्रगति के लिए तैयार करना और उनकी क्षमता का पूरा उपयोग करना है। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सेल को लगातार 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के रूप में प्रमाणन मिलना विश्वास सहयोग और कार्मिक सशक्तिकरण पर आधारित कार्यस्थल वातावरण को बढ़ावा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# दुमका : नववर्ष आज, पिकनिक स्पॉटों में उमड़ेगी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** नववर्ष को लेकर उपराजधानी दुमका में चाहल पहल काफी बढ़ गई है। युवा वर्ग पिकनिक मनाने को लेकर काफी उत्साहित है। नववर्ष को लेकर इलाके के पिकनिक स्पॉटों में पिकनिक मनाने की तैयारी परवान पर है। नए साल के आगमन को लेकर जोरशोर से तैयारी चल रही है। दूर-दराज के पर्यटक स्थलों को देखने के लिए लोग वाहनों की बुकिंग भी कर दी गई है। मसानजओर डैम में सैलानियों की भीड़ उमड़ती है। वहीं मसानजोर के अलावे सृष्टि पार्क, सिदो- कान्हू शौर्य स्मारक पार्क, रानेश्वर के दिगलपहाड़ी, कैराबनी डैम, चूटोनाथ, विजयपुर, हरिपुर स्थित मिनी गोवा, तोतलोई आदि पिकनिक स्पॉटों में युवाओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। नए साल को लेकर बाजार में बढ़ी चहल-पहलः नए वर्ष का जश्न मनाने के लिए दुमका बाजार में भी जम कर तैयारी है। शुक्रवार से ही चिकेन और पनीर की दुकानों में लोगों की भीड़ देखी गई। सब्जी मार्केट में भी अन्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ थी। मटन बिक्रेताओं ने भी तैयारी कर रखी है। नव वर्ष पर बासुकीनाथ सहित कई मंदिरों में लोग पूजा अर्चना कर नए साल के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगते हैं। बासुकीनाथ मंदिर के अलावा दुमका में धर्मस्थान मंदिर, शिवपहाड़ मंदिर, कुलदीपसिंह रोड में शनिदेव के मंदिर और पागलबाबा दुर्गा मंदिर सहित कई मंदिरों में लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद है। सृष्टि कुरुवा पार्क दुमका शहर से महज 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित कुरुवा सृष्टि पार्क है। नववर्ष पर सृष्टि पार्क में सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। सृष्टि पार्क में कई झुले लगे हुए थे, पर उचित देखरेख के अभाव में कई झुले टूट चुके है। दुमका-भागलपुर मार्ग पर जामा प्रखंड के बारापलासी के निकट तातलोई गर्म कुंड में भी नववर्ष के अवसर पर सैलानियों की भीड़ जुटी रहती है। यहां पर लोग गर्म कुंड में स्नान कर पूजा-अर्चना करने के बाद पिकनिक मनाते है। तातलोई गर्म कुंड दुमका से करीब 17 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। दुमका जिला से करीब 12 किलो मीटर दूर चुटोनाथ धार्मिक स्थान पर भी नववर्ष के अवसर पर सैलानियों की भीड़ जुटती है।

## एक नजर में

### बेरमो मे दो सीसीएल कर्मी की मौत



बेरमो। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के ढ़ोरी खास परियोजना कार्यरत कर्मी सह पिछरी के बुटनाडीह निवासी 58 वर्षीय फैन खलासी जगेश्वर सिंह की जेनरल शिफ्ट ड्यूटी मे अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के लिए केन्द्रीय अस्पताल ढ़ोरी लाया। जहा चिकित्सक ने जागेश्वर सिंह को मृत घोषित कर दिया। रांची कांके गवर्नमेंट हॉस्पिटल में निधन हो गया। सूचना पाकर यूनियन नेता शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, जयराम सिंह, महफूज आलम, मंगरा उरांव,प्रदीप सिंह, मनोज ठाकुर आदि पहुंचकर मृतक प्रबंधन से लिखित रूप से कंपनी के नियमानुसार उनके आश्रित को अविलंब नौकरी देने की मांग की। एससीसी सदस्यो के साथ जीएम रंजय सिंहा की उपस्थिति मे नौकरी देने पर सहमति बनी। मृतक के छोटे पुत्र जगत पाल सिंह को कल प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। मुआवजे की प्रक्रिया चालू करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद यूनियन नेता, कर्मियों व परिजनों ने शव को उठने दिया। जगेश्वर सिंह ने पत्नी सहित 6 बेटी और 5 बेटा छोड़कर चल बसे। एक अन्य समाचार के अनुसार करगली बाजार निवासी सह सीसीएल गिरिडीह परियोजना मे कार्यरत शैलेन्द्र सिंह की तबीयत खराब होने पर केंद्रिय अस्पताल ढ़ोरी इलाज के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। एरिया सेफ्टी आफिसर मनोज कुमार सिंह, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह और सीताराम उड़के सहित यूनियन प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, विकाश सिंह, अविनाश सिंह, जवाहरलाल यादव, महेन्द्र चौधरी, कैलाश ठाकुर, मनोहर रविदास, राजू भुखिया,भीम महतो, जयनाथ मेहता आदि उपस्थित थे।

### सीसीएल ढोरी में एक अधिकारी सहित 13 कर्मी हुए सेवानिवृत, दिया गया सम्मानपूर्वक विदाई



बेरमो/फुसरो। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम ऑफिस स्थित सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर दिसंबर महीने हुए एक अधिकारी स्थित 13 सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दिया गया। इसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के जीएम रंजय कुमार सिन्हा मौजूद रहे। जबकि संचालन कार्यवाहक एसओपी माला कुमारी ने किया। सेवानिवृत होने वालों में अधिकारी में चीफ मैनेजर अशोक कुमार दास के अलावा एडीओसीएम परियोजना से सवाल ऑपरेटर जीतन पॉल, कैटिगरी 1 जसवा देवी, ड्रिल ऑपरेटर पुरुषोत्तम लाल तथा जगदीश महतो, एसडीओसीएम परियोजना से टेक्निकल इंस्पेक्टर विनोद कुमार हजाम, जनरल मजदूर बालक बीपी, ईपी फोरमैन चंद्र मोहन गोप, ढोरी खास से ट्रामर सभन अंसारी, केंद्रीय अस्पताल ढोरी से चीफ फार्मासिस्ट बच्चू प्रसाद, गम यूनिट से कैट वन शिवकुमार नोनिया, जूनियर बेरर दुलाल चंद राय, पंप ऑपरेटर दारा सिंह नायक है। जीएम सिन्हा सहित तमाम अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत कर्मियों को शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीएम श्री सिन्हा ने कहा कि जब हम ज्वॉइन होते है तभी सेवानिवृत का समय भी तय हो जाता है। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के हित में काफी योगदान दिया है। नौकरी करने वाले हर किसी को एक न एक दिन सेवा से मुक्त होना पड़ता है। यूनियन प्रतिनिधियों ने भी सभी सेवानिवृत कर्मियों को जीवन के अगली पारी की शुभकामनाएं दी। मौके पर एसओ एक्स यूके पासवान, सेल अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, कार्मिक प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह, तौकीर आलम, सीताराम यूके, अभिषेक कुमार सिन्हा चीफ मैनेजर एससी सिन्हा, यूनियन प्रतिनिधि में विकास सिंह, कैलाश ठाकुर, जयनाथ मेहता, महेंद्र चौधरी, विनय सिंह, गोवर्धन रविदास, जवाहरलाल यादव, अविनाश सिंह, भीम महतो, राजू मुखिया आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सरैयाहाट के युवती की बिहार के लक्ष्मीपुर डैम में हत्या

दुमका। जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के थानेदारी गांव की युवती की हत्या बिहार के बंधुआकूड़ा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर डैम में उसके दूसरे पति के द्वारा किए जाने का मामला सामने आया है। बीते रात युवती का शव डैम के समीप से पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को युवती का पति तुलसी यादव ग्राम नारायणपुर थाना जयपुर बिहार अपनी पत्नी मीना कुमारी (27) को अपने ससुराल सरैयाहाट थाना क्षेत्र स्थित थानेदारी गांव से घर ले जाने की बात कह ले गया। लेकिन वह घर न जाकर अपनी पत्नी को डैम घुमाने के बहाने ले गया और धक्का देकर डैम में फेंक दिया। जिसके बाद वह तब तक डैम के पास रहा जबतक मीना का शव पानी से निकल नहीं गया। शव जब पानी में तैरने लगा तो मृतका के पति ने उसके शव को पास ही पत्थर से दबा कर छिपा दिया। इधर 27 दिसंबर को जब मीना की मां गुड़िया देवी ने उसे फोन किया तो उसका मोबाइल ऑफ आया। जिसके बाद वह उसके ससुराल नारायणपुर गई तो पता चला कि मीना वहां आई ही नहीं है। फिर मृतिका की मां ने जयपुर थाना में बेटी की गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराया और सरैयाहाट पुलिस से भी बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई। जिसके बाद दोनों ही थाना की पुलिस ने टेक्निकल टीम की मदद से उसके पति को पकड़ जब पूछताछ की तो उसने उसकी हत्या की बात को स्वीकार करते हुए अपना गुनाह कबूल लिया। इस हत्या कांड में उसके सहयोगी जामुन यादव को भी गिरफ्तार किया है। हत्याकांड के उद्भेदन के लिए सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद, एसआई विकेश मेहरा, एएसआई शान मिश्रा ने बिहार पुलिस को सहयोग दिया।

### बेरमो : घर में रखे सोना-चांदी सहित सामान की चोरी

बेरमो। पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत अंगवाली में बीते रविवार की रात अज्ञात चोरों ने संतोष मिश्रा के बंद घर में मुख्य गेट व कमरे की ताला तोड़ कर अलमारी में रखे कीमती सामान की चोरी कर लिया। गृह स्वामी संतोष मिश्रा उर्फ पन्नु ने बताया कि पूरे परिवार के साथ कोलकाता के कालीघाट पूजा अर्चना करने आए थे। घर में कोई नहीं था। चोरों ने कमरे की दरवाजा की ताला तोड़ कमरे रखे अलमारी से सोने चांदी की जेवर सहित कीमती सामान की चोरी कर ली। पेटरवार थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा दलबल के साथ अंगवाली पहुंचकर चोरी की घटना की मामला दर्ज कर जांच में जुट गए।

### धर्मस्थान मंदिर में शुरू हुआ 24 प्रहर अष्टजाम भजन कीर्तन

दुमका। शहर के टीन बाजार स्थित धर्मस्थान मंदिर में नव वर्ष के अवसर पर दो दिवसीय 24 प्रहर अष्टजाम भजन कीर्तन का शुभारंभ मंगलवार 31 दिसम्बर को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। प्रत्येक वर्ष साल के अंतिम दिन इस मंदिर में 24 प्रहर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 24 प्रहर भजन कीर्तन का आयोजन हो रहा है जिससे चारों ओर भक्ति का माहौल है। समापन एक जनवरी को हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा। यह अष्टयाम धर्मस्थान प्रबंधन समिति व मंदिर धार्मिक न्यास समिति के संयुक्त रूप से शुरू किया गया है। संकीर्तन का शुभारंभ समिति के सचिव अमर गुप्ता, नेपाल पंडित सहित अन्य सदस्यों ने राम-सीता का पूजा कर की।

### बाइक सवार घायल

शिकारीपाड़ा। थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट के मुख्य मार्ग पथ पर जलेबी मोड़ के समीप एक बाइक में तीन युवक सवार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के रंगा गांव का रहनेवाला है। उनका नाम पिटर मुर्मू, पप्पू मरांडी और प्रेमचंद मरांडी है।

# कथारा मे अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, भारी मात्रा में शराब जब्त





केमिकल, स्प्रिट, 600 पीस खाली बोतल, पंचिंग, मशीन, मिक्सर मशीन, 40 लीटर का दर्जनों जार सहित अवैध शराब बनाने वाली अन्य सामाग्री भी पुलिस ने की बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** बेरमो के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के कथारा ग्रामीण बैंक के पीछे बोकारो थर्मल एवं कथारा ओपी पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर अंग्रेजी शराब का अवैध रूप से संचालित मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। गुप्त सूचना के आधार पर कथारा स्थित सोनू कसेरा के गोदाम से अवैध शराब की दर्जनों पेटी सहित शराब बनाने वाले प्लास्टिक के ड्राम, शराब की बोतल में चिपकाने वाले स्टीकर, स्प्रिट आदि सामानों को जब्त किया गया है। बताते चले कि जब्त किए गए सामानों में केमिकल, स्प्रिट, 600 पीस खाली बोतल, पंचिंग, मशीन, मिक्सर मशीन, 40 लीटर का दर्जनों जार सहित अवैध शराब बनाने वाली अन्य सामाग्री बरामद की है। छापेमारी के बाद पुलिस जब्त सामानों को पिकअप वैन पर लोड कर बोकारो थर्मल थाना ले गई। पुलिस ने इसके अलावा सोनू कसेरा के अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

छापामारी अभियान में बोकारो थर्मल के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति के अलावा अनि मनोज कुमार सिंह, सहित दोनों थाना के कई सहायक इंस्पेक्टर एवं जवान शामिल थे।

### गोड्डा : दो अपराधियों को जनता ने धर दबोचा किया पुलिस के हवाले



**गोड्डा।** भागलपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के निकट से मंगलवार को दो अपराधी जनता के हत्थे चढ़ गए जो किसी घटना को अंजाम देने के सिलसिले मे गोड्डा आये थे। लेकिन उनकी हरकतों पर कुछ लोगों को शक हुई और जनता द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। नगर थाना गोड्डा को तत्काल इसकी सूचना दी गई और नगर थाना पुलिस ने आकर दोनों को अपने कब्जे मे लिया। उनकी तलाशी लेने पर एक लोडेड देशी कट्टा और एक चाकू और एक अपाचे बरामद की गई हैं। दोनों बिहार के गया जिले के रहने वाले हैं विशाल कुमार एवं गौरव कुमार दोनों 18 वर्षीय युवक हैं। गोड्डा नगर थाना मे प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

### जागृति कंप्यूटर सेंटर के 13 वीं वर्षगांठ पर प्रमाण पत्र सह पुरस्कार वितरण



बेरमो। गोमिया प्रखंड के स्वांग दक्षिणी स्थित जागृति कंप्यूटर सेंटर का सफलता पूर्वक संचालन का 13 वर्ष पूर्ण होने पर स्वांग दक्षिणी पंचायत के सभागार में प्रमाण पत्र सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि गोमिया के पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो के द्वारा भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान सेंटर के निदेशक विनोद कुमार यादव के द्वारा मुख्य अतिथि एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षित छात्र छात्रों को मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल इंडिया का है। डिजिटाइजेशन के लिए कंप्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक है। मैनें विधायक रहते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया है और कार्य भी किया है। जो आने वाले भविष्य में दिखेगा। वहां उपस्थित छात्र छात्राओं को कहा कि हमेशा एक लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में निरंतर प्रयास करें,एक दिन आप जरूर सफल होंगे। वहीं कार्यक्रम को गोमिया के जिला परिषद सदस्य डॉ सुरेन्द्र राज, कुंदा मुखिया अकेश्वर महतो,स्वांग उतरी के मुखिया विनोद कुमार, अमर सोनी, रोहित यादव, गुलाब कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कुल 30 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। साथ हीं संस्था द्वारा ली गई प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण टॉप 5 छात्र-छात्राएं, प्राची कुमारी,मनीष कुमार, आयुष कुमार, अमित कुमार यादव एवं शालू कुमारी को भी पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर सफलतम 13 बर्ष को सेलिब्रेट किया गया। संचालन संस्था के संचालक विनोद कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, भुनेश्वर यादव,पंचायत सचिव रितु कुमारी एवं संस्था की छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# बोकारो : इंडिया वर्ल्ड फाउंडेशन में आयोजित काव्य-गोष्ठी संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** इंडिया वर्ल्ड फाउंडेशन की झारखंड इकाई की ओर से बोकारो में राज्य संयोजक कनक लता राय के दिशा-निर्देशन में काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया।

काव्य-पाठ का शुभारंभ करुणा कलिका की सरस्वती वंदना से किया हुआ। कनक लता राय के मंच संचालन एवं डॉ परमेश्वर भारती की अध्यक्षता के साथ ही कवि और कवयित्रियों के काव्य-पाठ द्वारा काव्य रस धारा बही। सुधा रानी ने विस्मृतियों के दरख्त शीर्षक कविता गीता सिंह ने अनवरत चलता ये जीवन डॉक्टर आशा पुष्प ने शिकायत समय से अनिता किरण ने मन बावरे कस्तूरी सिन्हा ने ओ री गुड़िया कल्पना केसर ने तपस्वी राम अमृता शर्मा ने मैं गीत हूं करुणा कलिका ने मूर्त रूप ना दे सका जो- कनक लता राय ने जख्म एवं डॉ परमेश्वर भारती ने देश पर गुमान शीर्षक कविता का पाठ किया। कस्तूरी सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन कर काव्य-पाठ का समापन किया।

# बेरमो के राजनेताओ के लिए उथल-पुथल भरा रहा वर्ष 2024







खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो के राजनेताओ के लिए वर्ष 2024 काफी उथत-पुथल भरा रहा। एक तरफ जहां ज्वर्ष के मध्य मे संपन्न हुए लोकसभा चुनाव मे एनडीए प्रत्याशी सी पी चौघरी ने चुनाव जीतकर भाजपा और आजसू की प्रतिष्ठा बचाई तो दूसरी ओर जेकेएलएम ने काफी ताम-झाम से चुनाव लड़ा। वोट प्राप्त करने के मामले मे भले ही जयराम महतो तीसरे स्थान पर रहा, लेकिन जितना वोट उसे प्राप्त हुआ वह काफी उत्साह बढ़ाने वाला रहा। इस उत्साह का लाभ जयराम महतो को नंवबर के विघान सभा चुनाव मे मिला। उसने डुमरी सीट से चुनाव जीता जबकि बेरमो विधान सभा क्षेत्र मे दूसरे स्थान पर रहा। बेरमो मे भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुमार पांडेय को उसने तीसरे स्थान पर घकेल दिया। वर्ष 2024 सबसे दुखद भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुमार पांडेय और आजसू प्रत्याशी लंबोदर महतो के साथ जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी के लिए रहा। सर्वविदित है कि भाजपा ने रविंद्र कुमार पांडेय पर भरोसा कर उन्हे बेरमो से विघान सभा का टिकट दिया था लेकिन भीतरघात के कारण चुनाव हार गए और तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह गोमिया मे आजसू प्रत्याशी लंबोदर महतो चुनाव हार कर तीसरे स्थान पर रहे। उन्हे झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो ने हराया। गोमिया मे दूसरे स्थान पर पूजा महतो रही। डुमरी मे जेकेएलएम के प्रत्याशी जयराम कुमार महतो को झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने कड़ी टक्कर दी। लेकिन वह चुनाव हार गई। डुमरी विघान सभा क्षेत्र झामुमो का गढ़ कहलाता था। जहां से जगरनाथ महतो लगातार चुनाव जीतते थे। गत विघान सभा चुनाव मे उनकी हार से झामुमो की बड़ी हानि हुई। वर्ष 2024 कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह के लिए काफी लाभप्रद साबित हुआ। चुनाव मे लगभग 30 हजार वोट से चुनाव जीतकर सर्वकालिक कीर्तिमान स्थापित किया। उसके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही की उसने गिरिडीह संसदीय चुनाव मे तीन बार राजेंद्र प्रसाद सिंह (पिता) को हारने वाले रविंद्र कुमार पांडेय को हराकर तीसरे स्थान पर पहुंचाकर पिता के हार का बदला लिया।

### विश्वकर्मा समाज का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न



बोकारो। बालीडीह स्थित गरगा डैम में विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति बालीडीह की ओर से पारिवारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोकारो जिले के सभी विश्वकर्मा परिवार के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बच्चू लाल शर्मा ने की। समाज के सभी लोगों ने एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में संतोष विश्वकर्मा प्रहलाद शर्मा रामचंद्र शर्मा राम विनय शर्मा राजेंद्र विश्वकर्मा इंद्रदेव शर्मा मनोज शर्मा विश्वनाथ शर्मा संजय शर्मा रामेश्वर शर्मा व्यास राजदेव शर्मा अशोक शर्मा सरोज शर्मा मुन्ना शर्मा प्रकाश शर्मा रतन लाल विश्वकर्मा अरुण विश्वकर्मा सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज में एकजुटता एवं समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### एसकेएमयू के नयी शिक्षा नीति का नोडल पदाधिकारी बनाये गये दीपक



दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष दीपक कुमार दास को विश्वविद्यालय की नई शिक्षा नीति का नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया है। मालूम हो कि दीपक कुमार दास वर्तमान में विवि के जनसंपर्क पदाधिकारी और स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में सहायक प्राध्यापक भी हैं। इस संबंध में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार उन्हें अगले आदेश तक विश्वविद्यालय के एनईपी का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि उनसे पहले पूर्व कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिंह और डीन डॉ टीपी सिंह इस पद को संभाल चुके हैं और अब पीआरओ दीपक दास को यह जिम्मेदारी दी गई है।

# कोल ब्लॉक के विरोध में ग्रामीणों ने किया बैठक जल, जंगल और जमीन का नारा किया बुलंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** नक्सल प्रभावित काठीकुण्ड प्रखंड के बडाचापुडिया पंचायत में कोल ब्लॉक विरोध का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को भुईभंगा के चौक के समीप मैदान में सैकड़ों ग्रामीणों ने बैठक कर काल ब्लाक का विरोध करते नजर आये। ग्रामीणो का कहना की कोल ब्लाक से सैकड़ों गांव प्रभावित हों रहे है। जीवन तहस नहस हो जायेगा। जबकि इसका उदाहरण देते हुए लोगों ने कहा कि पड़ोस के जिला पाकुड़ के अमडापाड़ा. एवं कठालडीह जैसे कोल ब्लांक से लोग रोज प्रदूषण से लेकर तकलीफ झेलनी पड़ रही है। जबकी वहां के लोग रोजगार के लिए भटक रहे हैं। हजार रुपए में काम ले रही कोल ब्लाक कम्पनी रैयत का ही शोषण करती है। प्राकृति सुंदरता जल, जंगल, जमीन बंजर भूमि में तब्दील हो जायेगा। आने वाले पिढ़ी का भविष्य में बिना जमीन और बिना रोजगार और खेती के लोग कैसे रह सकेंगे। ग्रामीणों ने विस्थापित आंदोलनकारी मुन्नी हांसदा से सहयोग करने की अपील किया। आंदोलनकारी मुन्नी हांसदा ने ग्रामीणों का हौसला बुलंद करते हुए कहा जबतक लड़ेंगे नहीं, तब तक दबाने में हरकदम प्रयास करते रहेंगे। नहीं जमीन देंगे, नहीं जान देंगे का नारा बुलंद की। गौरतलब हो कि काठीकुण्ड प्रखंड में आंदोलनकारियों मुन्नी हांसदा के नेतृत्व में हुए आंदोलन वर्ष 2009 पर पुलिस ने गोली चलाई गई थी। जिससे कई लोग को गोलियों भी लगी और दो लोगों को गोली लगने से मौत हो गई थी। जो अभी भी आमगाछी में शहादत दिवस मनाया जाता है। आज वैसे ही कोल ब्लॉक कम्पनी अपनी प्रयास में लगे हैं।

# बोकारो डीआइजी ने बेरमो थाना का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो डी आई जी एस के झा ने मंगलवार को बेरमो थाना का निरीक्षण किया डी आई जी ने बेरमो थाना प्रभारी रोहित सिंह के कार्य से काफी खुश नजर आए।

उन्होंने कहा कि लंबीत जो भी मामले है उसे जल्द से जल्द निष्पादन करने का काम करें। क्षेत्र में चोरी की घटना को लेकर विशेष रुप से काम करने का दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस को एक टास्क बनाकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। जो भी इस घटना में सलित है उसे बक्शा नहीं जाएगा।

अपराधी राज्य का हो या राज्य के बाहर का हो पुलिस की नजर बनी हुई है। मोके पर पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दे कर डी आई जी को सम्मानित किया दिया।

### डीपीएस चास के विद्यार्थियों को मिला कैरियर काउंसलर विकास का मार्गदर्शन



बोकारो। डीपीएस चास के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का झारखंड-बिहार के लोकप्रिय कैरियर काउंसलर विकास कुमार ने मार्गदर्शन किया। विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के बीच बोर्ड परीक्षा तथा अन्य परीक्षाओं की तैयारी के विषय में अपने विचार साझा किए। उन्होंने यह भी कहा कि काउंसलिंग एक सतत संवादात्मक प्रक्रिया है जिसमें छात्र और अभिभावक दोनों का शामिल होना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि सही समय पर सही मात्रा में सही जानकारी ही सही निर्णय की ओर ले जाती है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए निरंतर प्रयास रणनीतिक योजना और अनुशासित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। विद्यालय की निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि छात्रों को परीक्षाओं के लिए सही तैयारी और रणनीति बनाने की जरूरत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन के लिए विकास कुमार का आभार व्यक्त किया।

स्पीड न्यूज

## दक्षिण कोरिया के निलंबित राष्ट्रपति के खिलाफ वारंट जारी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की अदालत ने निलंबित राष्ट्रपति यूं सुक येओल के लिए गिरफ्तारी वारंट को मंजूरी दे दी है। येओल के लिए गिरफ्तारी और तलाशी वारंट मंगलवार सुबह जारी किया गया। येओल पर 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के फैसले को लेकर महाभियोग लगाया गया था और उन्हें सत्ता से निलंबित कर दिया गया था।

## फिल्म देवा का पहला पोस्टर आज होगा रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर एक जनवरी को रिलीज होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'देवा' का पहला पोस्टर नए साल के पहले दिन उनके प्रशंसकों के लिए एक खास तोहफा होगा ।उसमें फिल्म में शाहिद कपूर का धांसू और दमदार अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## यमन से इराजयल में दागी गई मिसाइल नष्ट

**तेल अवीव।** यमन से इजराइल में लंबी दूरी की बैलिस्टक मिसाइल दागी गई जिसका मलबा मध्य इजराइल में गिरा। इस मिसाइल को इजराइल के हवाई क्षेत्र में घुसने से पहले ही रोक लिया गया।

## कोलकाता में 6.6 करोड़ नकली की दवाएं जब्त

**कोलकाता।** केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और पश्चिम बंगाल औषध नियंत्रण निदेशालय की संयुक्त जांच में कोलकाता में एक थोक विक्रेता के ठिकाने से 6.6 करोड़ रुपये की नकली दवाइयां जब्त की हैं। थोक विक्रेता फर्म केयर एंड क्योर फॉर यू' की मालिक एक महिला को गिरफ्तार किया गया है।

# जनवरी में 100वां प्रक्षेपण करेगा इसरो

## जनवरी के मध्य में एनवीएस-02 उपग्रह होगा लांच : सोमनाथ

▸▸ **उपग्रहों के प्रक्षेपणों की शताब्दी के लिए इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार है इसरो**

**एजेंसी**

**श्रीहरिकोटा ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग के हिस्से के रूप में पीएसएलवी-सी-60/स्पैडेक्स अंतरिक्षयानों के एक मील के पत्थर मिशन के साथ नए साल की शुरूआत करने के बाद जो भविष्य के अंतर-ग्रहीय मिशनों और पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए महत्वपूर्ण था, जनवरी के मध्य में 100वें प्रक्षेपण मिशन के साथ प्रक्षेपणों की शताब्दी के लिए तैयार होकर एक और इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन कंट्रोल सेंटर से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए सफल स्पैडेक्स मिशन और पीएसएलवी चौथे चरण के वाहन पीओईएम-4 के हिस्से के रूप में 24 वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए टीम इसरो को बधाई देते हुए कहा कि हमारा अगला मिशन जनवरी के मध्य में जीएसएलवी है जो नए साल 2025 का पहला प्रक्षेपण होगा। उन्होंने कहा कि 2025 में हमारे पास कई मिशन होंगे और सबसे पहले हम जीएसएलवी द्वारा एनवीएस-02 (नाविक समूह का एक उपग्रह) का प्रक्षेपण करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक हम आपको जीएसएलवी मिशन के बारे में अपडेट नहीं देते, मैं आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि सोमवार रात का पीएसएलवी-सी60/स्पैडेक्स मिशन इसरो का 99वां मिशन था और जनवरी के मध्य में जीएसएलवी मिशन 100वां प्रक्षेपण होगा जो प्रक्षेपणों की एक शताब्दी को चिह्नित करेगा। सोमनाथ ने स्पैडेक्स मिशन पर कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग अनुसंधान अंतरिक्ष में निर्माण, मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, उपग्रहों के रखरखाव और सेवा में



मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह मुख्य रूप से एक अनुसंधान और विकास डॉकिंग है। यह अंतरिक्ष स्टेशनों को विकसित करने में हमारी मदद करेगा। उन्होंने पीएसएलवी-सी60 मिशन के प्रक्षेपण में दो मिनट की देरी पर जो 2158 बजे निर्धारित प्रक्षेपण के बजाय 2200 बजे 15 सेकंड पर प्रथम प्रक्षेपण पैड से उड़ान भरी, कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए था कि हमारे उपग्रह अन्य उपग्रहों (जो एक ही कक्षा में हैं) के बहुत करीब न आएं। यह कहते हुए कि डॉकिंग एक नियंत्रित तकनीक है सोमनाथ ने कहा कि हमें इस उपलब्धि पर गर्व है...एक बहुत ही महत्वपूर्ण अनुसंधान। उन्होंने कहा कि यह पहला स्पैडेक्स मिशन है और निकट भविष्य में कई और होंगे।'

सोमनाथ ने दो स्पैडेक्स उपग्रहों के बारे में जिन्हें 55 डिग्री के झुकाव के साथ 475 किमी की सही कक्षा में इंजेक्ट किया गया था और कक्षा को दो बार पीएस4-चरण को स्विच करके नीचे लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉकिंग सात जनवरी को पूर्वाह्न या आठ जनवरी को होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि नए साल में हमारे पास डॉकिंग के साथ-साथ पीएस4 ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल पर प्रयोग करने के लिए बहुत काम है। उन्होंने कहा कि अंतिम डॉकिंग पैंतरेबाजी सात या आठ जनवरी के आसपास की जाएगी। डॉकिंग के लिए चेजर उपग्रहों के बीच की दूरी को धीरे-धीरे कम करना शुरू कर देगा और अंततः टारगेट उपग्रह से जुड़ जाएगा। एक बार जुड़ जाने के बाद उपग्रह बाद में अलग होने से पहले विद्युत शक्ति भी स्थानांतरित करेंगे।

### चंद्रमा से नमूना लायेगा डॉकिंग

इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग मिशन भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है जिसमें चंद्रमा से नमूना वापस लाना, चंद्रमा पर एक भारतीय को उतारना और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन शामिल है। इसरो ने कहा कि दो छोटे उपग्रह चेजर और टारगेट जिनमें से प्रत्येक का वजन 200 किलोग्राम है, स्पैडेक्स के हिस्से के रूप में डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। पहले दो उपग्रहों एसडीएक्स 01 चेजर और एसडीएक्स 02 टारगेट के बीच लगभग 20 किमी की दूरी बनाई जाएगी। एक दिन के भीतर आवश्यक दूरी प्राप्त होने के बाद सापेक्ष वेग का मुकाबला करने के लिए टारगेट पर प्रणोदन प्रणाली को फायर किया जाएगा - उपग्रह दूर जाना बंद कर देंगे और एक दूसरे से निरंतर दूरी पर रहेंगे।

## पूरी तरह से स्वदेशी मिशन है स्पैडेक्स : जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्पैडेक्स मिशन का नाम भारतीय डॉकिंग टेक्नोलॉजी रखा गया है क्योंकि यह पूरी तरह से स्वदेशी मिशन है और भारत डॉकिंग तकनीक से संबंधित इस तरह का पहला प्रयोग कर रहा है। डॉ. सिंह ने दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्पैडेक्स मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ बहुत मेल खाता है। उन्होंने कहा कि जहां तक डॉकिंग तकनीक का सवाल है, स्पैडेक्स मिशन की लॉन्चिंग भारत द्वारा किए गए पहले प्रयोगों में से एक है। यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक है और इसीलिए इसे भारतीय डॉकिंग तकनीक नाम दिया गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के बिल्कुल अनुरूप है। वर्ष 2024 के अंत के अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय यात्रा रही है। इसके अतिरिक्त भारत ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले तीन महीनों के भीतर अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया।

# महाकुंभ में मुख्य स्नान पर नहीं लागू होगा कोई प्रोटोकॉल : योगी

## संतों और श्रद्धालुओं पर की जायेगी पुष्प वर्षा

**एजेंसी**

**महाकुंभ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि महाकुंभ मेला में मुख्य स्नान पर्व पर कोई प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा और इस अवसर पर पूज्य संतों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी।

प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेला लगभग आकार ले चुका है और 7,000 से अधिक संस्थाएं यहां आ चुकी हैं। डेढ़ लाख से अधिक टेंट की व्यवस्था मेला प्राधिकरण की ओर से की गई है। देश-दुनिया से लोग प्रयागराज महाकुंभ में आने के लिए उत्सुक हैं। 144 वर्ष के बाद महाकुंभ का यह मुहूर्त आ रहा है और इसके लिए हर प्रकार की



व्यवस्थाएं भाजपा सरकार द्वारा यहां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्रयागवासियों से आतिथ्य सेवा के साथ ही महाकुंभ के दौरान स्वच्छता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता और आतिथ्य सेवा का जो उदाहरण

**मेला प्राधिकरण ने की डेढ़ लाख से अधिक टेंट की व्यवस्था**

उन्होंने 2019 के कुंभ में प्रस्तुत किया, उससे अच्छा अवसर इस बार उनके सामने आ रहा है।

योगी ने महाकुंभ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए कहा कि महाकुंभ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को चौबीस घंटे और सातों दिन सक्रिय रहना होगा। महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया। उन्होंने सभी रेहड़ी-पटरी वालों, ऑटो रिक्शा चालकों और ई-रिक्शा चालकों के पुलिस सत्यापन तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिये।

उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फर्जी खबरों पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं जिन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए।

# नये साल में तीन लाख लोगों को मिलेगी सरकारी नौकरी : चौधरी

**नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार पूरा करेगी कार्यकाल : सम्राट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर बिहार की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश के नेतृत्व में सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। नए साल में 10 लाख लोगों को रोजगार और तीन लाख लोगों को सरकारी नौकरी मिलने से नये वर्ष में लगभग 13 लाख लोगों के जीवन में अवश्य खुशहाली आएगी। चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार इस साल अपना कार्यकाल पूरा करेगी और सभी क्षेत्रों में विकास की शानदार उपलब्धियों के साथ फिर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पांच साल में 10 लाख लोगों को नौकरी और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का जो लक्ष्य तय किया था, वह पूरा हो चुका है। सरकार चार साल में अब तक 9 लाख 6 हजार लोगों को नौकरी और लक्ष्य से 14 लाख अधिक लोगों को रोजगार दे चुकी है। उन्होंने कहा कि अब नये लक्ष्य के अनुसार 2025 के अंत तक 12 लाख युवाओं को नौकरी और 34 लाख लोगों को रोजगार मिल जाएगा।



**राजभवन में मंगलवार को बिहार के नये राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का स्वागत करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।**

